सुप्रभात
रांची, मंगलवार
06.06.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष, तृतीया, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 321



12 सुष्मिता सेन ने आर्या 3 की शूटिंग पूरी की

## बालू कारोबारियों के यहां इडी का छापा

### बिहार-झारखंड में 20 से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी, धनबाद में करोड़ों रुपये मिलने की सूचना, पुष्टि नहीं

**धनबाद में जगन सिंह, अशोक व सुरेंद्र जिंदल और हजारीबाग में संजय सिंह के ठिकानों से कई दस्तावेज जब्त**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सोन नदी से बालू उठाव के मामले में पटना इडी टीम ने सोमवार को जदयू एमएलएसी सहित बालू के व्यापार से जुड़े कारोबारियों के बिहार और झारखंड के 20 से अधिक ठिकानों पर एक साथ छापा मारा। छापेमारी में रांची और भुवनेश्वर इडी के अधिकारियों को भी शामिल किया गया। इडी टीम ने बिहार के अलावा झारखंड में धनबाद और हजारीबाग के बालू कारोबारियों के ठिकानों पर छापा मारा। ब्रॉडसन कोमेडिटी प्राइवेट लिमिटेड बालू कारोबार को संचालित कर रहा था। 2016-17 में इस कंपनी के खिलाफ शिकायत की गयी थी। जांच के लिए एसआइटी गठित हुई थी। इसके बाद यह मामला इडी तक पहुंचा। कंपनी के निदेशक और सदस्यों के यहां इडी ने दबिश डाली। धनबाद और हजारीबाग में पांच ठिकानों पर की गयी। छापेमारी में इडी को महत्वपूर्ण दस्तावेज समेत कई बेनामी संपत्ति का पता चला है। देर शाम तक इडी के अधिकारी धनबाद में बालू कारोबार से जुड़े पांच लोगों से पूछताछ की। इडी की टीम धनबाद में जगनारायण सिंह उर्फ जगन सिंह, सुरेंद्र जिंदल, अशोक जिंदल और हजारीबाग में बालू खनन से जुड़े लोगों के ठिकानों पर पहुंचकर छापेमारी की।

**यहां- यहां हुई छापेमारी :** जगन सिंह के सिटी सेंटर, लुबी सर्कुलर रोड, पॉलिटेक्निक रोड स्थित आवास व दफ्तरों पर दबिश दी गयी। जहां आय से संबंधित कागजात खंगाले गये। इडी को यहां से कई दस्तावेज मिले हैं, जिसे इडी ने जब्त कर लिया है। (शेष पेज 11 पर)

### राजद के सुभाष यादव की कंपनी से है ताल्लुकात

इस सिंडीकेट का जुड़ाव राजद नेता सुभाष यादव की कंपनी से है। लालू राबड़ी के खाते में 50 लाख रुपये के ट्रांजैक्शन का मामले 2015 में हुए है। वहीं बालू खनन से जुड़े मामले में गड़बड़ी को लेकर बिहार की आर्थिक अपराध इकाई (एडव) भी ब्रॉडसन कंपनी की जांच में जुटी हुई है। मामले में पहले से ही केस दर्ज है और इओयू की जांच को आधार बनाते हुए इडी ने यह कार्रवाई शुरू की।

### हजारीबाग में संजय सिंह के ठिकानों पर रेड

गौरतलब हो कि संजय सिंह झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) के पूर्व उपाध्यक्ष हैं। उनका संबंध बिहार के बालू कारोबारियों से बताया जाता है। ईडी ने धनबाद के जिन लोगों को छापेमारी के दायरे में शामिल किया, उनका संबंध बालू के अलावा शराब के कारोबार से भी है। छापेमारी में बालू के व्यापार में सरकार को राजस्व का नुकसान पहुंचाने और निवेश आदि से संबंधित दस्तावेज जब्त किये गये। बालू माफिया के ठिकानों से गड़बड़ी से संबंधित दस्तावेज और डिजिटल डिवाइस भी जब्त हुए हैं। देर रात बताया गया कि धनबाद में हुई छापेमारी में इडी को करोड़ों रुपये मिले हैं, लेकिन इस बात की पुष्टि इडी के अधिकारियों ने नहीं की है।

**संजय क्रिकेट संघ से जुड़े हैं, भाई राजीव सिंह मणिपुर के डीजीपी हैं**

### धनबाद में छह ठिकानों पर रेड

धनबाद में जिन पांच लोगों के यहां छापामारी की गयी, उनमें जगनारायण सिंह उर्फ जगन सिंह, पुंज सिंह, टीपी सिंह, मनोज सिंह और सुरेंद्र जिंदल और उनके भाई अशोक जिंदल के आवास और कार्यालय शामिल हैं। धनबाद, झरिया और सिंदरी में यह कारवाई एक साथ चली। जगन सिंह कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष स्व नवरंगदेव सिंह के पुत्र है और मूलतः बिहार के निवासी हैं।

### न्यूज डायरी

#### नहीं रहे 'शकुनि मामा' गूफी पेंटल

**मुंबई।** लोकप्रिय धारवाहिक 'महाभारत' में 'शकुनि मामा' का किरदार निभाने वाले एक्टर गूफी पेंटल (79) का सोमवार की सुबह निधन हो गया। देर शाम को ही अंधेरी के श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में उनके करीबी दोस्त और परिवार के सदस्य मौजूद थे। गूफी पेंटल को उनके सम्मान में राजकीय सलामी मिली। वह किडनी और दिल से जुड़ी बीमारी के कारण अस्पताल में भर्ती थे।

#### 12 से हाइकोर्ट के नये भवन में चलेंगे सभी कोर्ट

**रांची।** 12 जून से झारखंड हाईकोर्ट के सभी कोर्ट धुर्वा स्थित नये भवन से संचालित होंगे। इस संबंध में कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल मोहम्मद शाकिर ने आदेश जारी करते हुए राज्य सरकार के सभी विभागों, केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों को पत्र लिखकर सूचित किया है। पुराने हाईकोर्ट भवन से कोर्ट के सारे महत्वपूर्ण दस्तावेज इत्यादि नए हाईकोर्ट भवन में शिफ्ट भी किये जा रहे हैं।

#### पूजा सिंघल की हिरासत अवधि 15 तक बढ़ी

**रांची।** रिम्स में इलाजरत निलंबित आइएएस पूजा सिंघल समेत चार की न्यायिक हिरासत अवधि इडी कोर्ट ने बढ़ा दी है। सोमवार को पेशी की तारीख निर्धारित थी। पूजा सिंघल को छोड़ अन्य आरोपियों सुमन कुमार, इंजीनियर शशि प्रकाश एवं राम बिनोद प्रसाद सिन्हा की जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोर्ट में पेशी हुई। अदालत ने अगली पेशी की तारीख 15 जून निर्धारित की है।

#### दिनेश गोप से और एक दिन पूछताछ करेगी एनआइए

**रांची।** टेरर फंडिंग से जुड़े मामले में गिरफ्तार पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप से एनआइए की पूछताछ जारी है। एनआइए अब तक 12 दिन की पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ कर चुकी है। पुलिस रिमांड अवधि पूरी होने के बाद सोमवार को दिनेश गोप को विशेष अदालत में पेश किया गया। साथ ही, एनआईए ने और एक दिन की पुलिस रिमांड बढ़ाने का आवेदन दिया, जिसे अदालत ने मंजूर कर लिया। एनआईए मंगलवार को दिनेश गोप की पुलिस रिमांड की अवधि पूरी होने के बाद पेश करेगा।

#### लोहरदगा में नक्सलियों ने कई वाहन फूंके

**लोहरदगा।** भाकपा माओवादियों ने एकबार फिर सड़क निर्माण में लगी जेसीबी को आग के हवाले कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस सोमवार को घटनास्थल पर पहुंची और जांच में जुट गयी। यह घटना जिला के सेरेंगदाग थाना क्षेत्र के मन्हेंपाट में हुई। माओवादियों ने पोस्टर छोड़ कर काम बंद करने की चेतावनी दी है।

#### गोइलकेरा में दो आईडी बम बरामद

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम के गोईलकेरा थाना क्षेत्र के मारादिरी गांव से कुईड़ा के बीच जंगली-पहाड़ी क्षेत्र से पुलिस ने दो आइआइडी बरामद किया है। बरामद आईईडी में आठ किलो का एक और पांच किलो का एक शामिल है। सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के उद्देश्य से लगाये गये दोनों आइइडी सोमवार को बरामद डिफ्यूज कर दिया गया है। इलाके में सर्च अभियान जारी है।

#### पलामू : भूमि विवाद में पुत्र ने की पिता की हत्या

**मेदिनीनगर।** छत्तरपुर थाना क्षेत्र में रविवार की रात छोटे पुत्र बिन्देश्वर यादव ने अपने पिता नारायण यादव (60) को नुकीले एवं धारदार हथियार से शरीर के कई हिस्से में वारकर मार डाला।

### झारखंड सरकार पर्यावरण संरक्षण को प्रतिबद्ध : बादल

## पर्यावरणीय जीवन शैली अपनायें, तभी धरती बचेगी

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि हमें धरती को बचाने के लिए सामाजिक और पर्यावरणीय रूप से जिम्मेदार जीवनशैली को अपनाने की आवश्यकता है। मिशन लाइफ सभी को पर्यावरण संरक्षण के लिए जिम्मेदार बनाता है। मंत्री श्री बादल सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस-2023 के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मिशन लाइफ का संदेश यह है कि लोगों द्वारा किये गये छोटे कार्य भी समाज को नयी दिशा दे सकते हैं। झारखंड सरकार राज्य में पर्यावरण संरक्षण और समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में उन्होंने आम जन-जीवन में पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली को अपनाने पर बल दिया गया। मौके पर मिशन लाइफ के अभियान से जुड़ी पुस्तिका का भी विमोचन किया गया।

**वन विभाग बेहतर पर्यावरण के लिए प्रयत्नशीलः डॉ संजय :** वन विभाग के प्रधान मुख्य वन संरक्षक डॉ संजय ने कहा, हयूमैन मिशन लाइफ के रूप में वैश्विक पहल जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने और विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। इसके तहत व्यक्तिगत स्तर पर उठाये गये छोटे कदमों पर खास बल दिया गया है। मिशन लाइफ अभियान को व्यापक जन-समर्थन मिला है। (शेष पेज 11 पर)

### मानसून के केरल पहुंचने में तीन-चार दिन की देरी

**नयी दिल्ली।** मानसून रविवार को केरल में दस्तक देने वाला था लेकिन इसकी शुरुआत नहीं हुई। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने इसमें तीन से चार दिन की और देरी होने की आशंका जतायी है। दक्षिण-पश्चिम मानसून आम तौर पर एक जून को केरल में दस्तक देता है और इसकी शुरुआत सात दिन पहले या सात दिन बाद हो सकती है। मई के मध्य में, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा था कि मानसून 4 जून तक केरल में दस्तक दे सकता है। आइएमडी ने रविवार को एक बयान में कहा, दक्षिण अरब सागर के ऊपर पश्चिमी हवाओं में वृद्धि के साथ स्थितियां अनुकूल हो रही हैं। दक्षिणपूर्व अरब सागर पर बादल का द्रव्यमान भी बढ़ रहा है। हम उम्मीद करते हैं कि केरल में मानसून की शुरुआत के लिए इन अनुकूल परिस्थितियों में अगले तीन-चार दिनों के दौरान और सुधार होगा। इसकी लगातार निगरानी की जा रही है।

## घुटने की सर्जरी करा आइपीएल चैंपियन एमएस धोनी पहुंचे रांची

### एयरपोर्ट पर फैंस एक झलक पाने को दिखे बेताब

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** रांची के राजकुमार महान क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी सोमवार को रांची पहुंचे। उनके रांची बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर आने की खबर मिलते ही माही के फैंस वहां उमड़ पड़े। धोनी के टर्मिनल से बाहर निकलते ही प्रशंसकों ने उनके करीब पहुंचने की कोशिश की। सभी उनकी एक झलक पाने को बेताब दिखे।

वहां सेल्फी लेने वालों की भीड़ देखने को मिली। सुरक्षाकर्मियों ने धोनी को उनकी गाड़ी तक पहुंचाया। धोनी की अगुवाई वाली चेन्नई सुपर किंग आईपीएल के 16वें सीजन में गुजरात को मात देकर 5वीं बार चैंपियन बनी है। आइपीएल के दौरान अपने घुटने की परेशानी से जूझते हुए उन्होंने सीजन पूरा किया। एक जून को मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में घुटने का ऑपरेशन कराया। अब धोनी अपने घर रांची पहुंच चुके हैं। उनके साथ उनकी पत्नी साक्षी सिंह धोनी और बेटी जीवा भी आयी हैं।

**मशहूर डॉक्टर दिनेशॉ पारदीवाला ने की सर्जरी :** कैप्टन कूल के नाम से चर्चित टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का मुंबई में घुटने का सफल ऑपरेशन कोकिलाबेन हॉस्पिटल के मशहूर डॉक्टर दिनेशॉ पारदीवाला ने किया था। ये वही डॉक्टर हैं, जिन्होंने सचिन और युवराज जैसे खिलाड़ियों के भी चोट का इलाज किया था। (शेष पेज 11 पर)

## रांची समेत कई जिलों में बारिश तापमान गिरा, थोड़ी राहत मिली



खबर मन्त्र संवाददाता

**दो दिन का अलर्ट जारी**

**रांची।** राजधानी रांची समेत कई जिलों में दोपहर बाद बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। राजधानी रांची और डालटेनगंज में पिछले 24 घंटे के दौरान उच्चतम तापमान में क्रमशः 0.1 और 0.2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गयी है। रांची में सोमवार का तापमान 38.7 डिग्री सेंटीग्रेड रहा, जबकि डालटेनगंज में 41.8 डिग्री और जमशेदपुर में 41.4 डिग्री रहा।

**9 और 10 को पूरे राज्य में लू का अलर्ट :** अब तक झारखंड में 9 जून तक लू का अलर्ट था, लेकिन मौसम विभाग के ताजा अपडेट के मुताबिक 10 जून को भी पूरे राज्य में लू चलेगी। (शेष पेज 11 पर)

### हादसे के 51 घंटे बाद रेल मंत्री ने प्रार्थना कर पहली ट्रेन को किया रवाना

## शवों की पहचान बड़ी चुनौती, विशेष टीम पहुंची

एजेंसी



**बालासोर।** ओडिशा के बालासोर में दो जून को हुए भीषण तिहरे ट्रेन हादसे के 51 घंटे बाद रेल सेवा बहल हो गयी। दुर्घटना के 51 घंटे बाद रविवार को रात करीब 10 बजकर 40 मिनट पर पहली ट्रेन रवाना हुई। विशाखपटनम बंदरगाह से राउरकेला इस्पात संयंत्र के लिए पहली मालगाड़ी यहां से होकर गुजरी। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि उनका लक्ष्य ट्रेन हादसे के बाद लापता लोगों के परिवार के सदस्यों को जल्द से जल्द ढूंढना है। वैष्णव ने कहा हमारी जिम्मेदारी अभी खत्म नहीं हुई है। वहीं, सीबीआइ जांच की रेलवे बोर्ड की सिफारिश के बाद एक टीम भी वहां जांच करने पहुंच गयी। ट्रेन हादसे में बचाव अभियान पूरा हो चुका है। ओड़िशा सरकार के सामने बड़ी चुनौती शवों की पहचान की है। दो अलग-अलग परिवारों ने एक ही शव पर दावा किया है। अधिकारियों ने कहा कि शव बुरी हालत में होने के कारण परिवार के सदस्यों को पहचान करने में कठिनाई हो रही है। जानकारी के मुताबिक, एम्स भुवनेश्वर के मुर्दाघर में 124 शवों को संरक्षित किया गया है, जबकि अन्य 70 को राजधानी अस्पताल, सम अस्पताल, अमरी अस्पताल, केआईएमएस अस्पताल और भुवनेश्वर के हाई-टेक अस्पताल के मुर्दाघर में रखा गया है। सोमवार को दिल्ली से एक विशेष टीम ओड़िशा आयी है, जो इन शवों को कुछ दिन और सुरक्षित रखने की कोशिश करेगी। (शेष पेज 11 पर)

### डीएनए परीक्षण भी कराया जायेगा

राज्य के विकास आयुक्त अनु गर्ग ने कहा कि कुछ समस्याएं हैं जिन पर अभी भी काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा, शवों की पहचान में समस्या आमतौर पर इतनी बड़ी विनाशकारी त्रासदी में होती है, लेकिन, राज्य प्रशासन रेलवे और भारत सरकार के अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से मुद्दों को हल करने के लिए सभी प्रयास कर रहा है। ऐसे मामलों में हमें डीएनए परीक्षण करके आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि डॉक्टर शवों को संभालते समय सभी प्रक्रियाओं का पालन कर रहे हैं। घायल यात्रियों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है और कई को छुट्टी भी दे दी गयी।

### चलती बस में लगी आग, चालक की सूझबूझ से बची यात्रियों की जान

**जमशेदपुर।** लौहनगरी में चलती बस में आग से अफरातफरी सनसनी फैल गयी। देखते देखते पूरी बस आग के गोलों में तब्दील हो गयी। बस ड्राइवर ने सूझबूझ का परिचय देते हुए मौका रहते गाड़ी से सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जिससे किसी कोई नुकसान नहीं हुआ। आग से बस पूरी तरह से राख हो गयी। यह हादसा शहर के पटमदा थाना क्षेत्र में ठनठनी के पास मुख्य सड़क पर हुई। यात्रियों से भरी एक चलती बस में अचानक आग लगने से यात्रियों में अफरातफरी मच गयी। कल्याणी नामक बस सोमवार की शाम जमशेदपुर मानगो बस स्टैंड से बोकारो के लिए रवाना हुई। बस में कुल 35 के लगभग यात्री सवार थे। बस चालक बुलेट चंद्र महतो ने बताया कि स्टैंड से बस के खुलने के बाद कुछ दूर जाने पर इंजन अचानक बंद हो गया। इसकी जांच में सब कुछ सही पाये जाने पर दोबारा बस को चालू कर बोकारो के लिए रवाना हो गया। ठनठनी के पास बस के पहुंचते ही एक जोरदार आवाज हुई, जिससे उन्होंने तत्काल बस रोक दी और नीचे उतर गये। इतने में देखा कि इंजन के पास धुआं निकल रहा है और हल्की चिंगारी भी नजर आ रही है।

### 12 को पटना में होने वाली विपक्षी दलों की बैठक फिर टली, अगली तिथि पर फैसला जल्द

## नीतीश ने बताया- कांग्रेस के आग्रह पर लिया गया फैसला

खबर मन्त्र ब्यूरो



**पटना, नयी दिल्ली।** इसी महीने की 12 तारीख को विपक्षी पार्टियों की एक अहम बैठक पटना में होनी थी, जो अब टल चुकी है। तीसरी बार विपक्षी एकता की बैठक स्थगित कर दी गयी। इस बात की पुष्टि खुद सीएम नीतीश कुमार ने की है। बैठक की अगली तिथि की घोषणा शीघ्र की जायेगी। विपक्षी एकता की मुहिम चला रहे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कांग्रेस 12 तारीख को मीटिंग में आने में असमर्थ थी। हमने कांग्रेस से बात की और कहा है कि आप लोग 12 तारीख की मीटिंग में उपस्थित नहीं हो सकते हैं इसलिए इसे स्थगित किया जा रहा है। आगे का जो भी समय है, आपस में सब से बात करके तय करके हमें बता दीजियेगा। कांग्रेस की तरफ से आग्रह किया गया कि 12 तारीख की बैठक में उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी नहीं पहुंच सकते हैं, क्योंकि उनका पूर्व से ही कार्यक्रम तय था। बिहार के सीएम ने कहा कि कांग्रेस की रिक्वेस्ट के बाद यह बैठक स्थगित कर दी गयी। हम तो चाहेंगे कि इसी महीने में और जल्द से जल्द ही बैठक हो लेकिन इस बैठक पर सबकी सहमति भी बननी चाहिए और सब की उपस्थिति भी अनिवार्य है। (शेष पेज 11 पर)

### लगातार टल रही है विपक्षी दलों की बैठक

उल्लेखनीय है कि पहले यह बैठक 19 मई को होने वाली थी, लेकिन कर्नाटक विधानसभा चुनाव और वहां कांग्रेस की सरकार बनने के बाद शपथ ग्रहण समारोह को लेकर विपक्षी एकता की बैठक को टाल दिया गया। इसके बाद मई के अंतिम सप्ताह में इस बैठक को करना था, बैठक नहीं हो पायी। फिर नई तारीख 12 जून को दी गयी। इस तारीख को लेकर सभी दलों ने सहमति भी जता दी थी लेकिन अब कहा जा रहा है कि कांग्रेस की तरफ से इस बैठक को स्थगित करने का रिक्वेस्ट किया गया है। नीतीश कुमार से जब पूछा गया कि जो अगली बैठक की तय की जायेगी, क्या वह बैठक पटना में होगी। इस पर मुख्यमंत्री जवाब देने से कतराते दिखे।

## मुख्तार अंसारी को उम्रकैद की सजा

**अवधेश राय हत्याकांड**



**वाराणसी(एजेंसी)।** 32 साल पुराने चर्चित अवधेश राय हत्याकांड में वाराणसी कोर्ट ने सोमवार को फैसला सुना दिया। बांदा जेल में बंद मुख्तार अंसारी को अदालत ने दोषी करार दिया और इसके बाद उसको उम्रकैद की सजा सुनायी। साथ ही अदालत ने 1 लाख रुपये जुर्माना भी लगाया है। इस मामले में माफिया मुख्तार अंसारी समेत चार लोग आरोपी हैं।माफिया डान मुख्तार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये कोर्ट में पेश किया गया था। इस प्रकरण में अवधेश राय के भाई और पूर्व विधायक अजय राय ने कहा कि यह हमारे कई साल के इंतजार का अंत है। मैंने, मेरे माता-पिता ने और अवधेश राय की बेटी ने और पूरे परिवार ने धैर्य बनाये रखा था। मुख्तार अंसारी के कद और उनके आगे हम झुके नहीं थे। सरकारें आयीं और गयीं मुख्तार अपने को मजबूत करता गया, लेकिन हमने हार नहीं मानी थी। इतने साल के हमारे और हमारे वकीलों के प्रयास की वजह से आज न्यायालय ने मेरे भाई के हत्याकांड मामले में मुख्तार को दोषी पाया।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 77,000 रु./प्रति किलो |

# देवघर में जमीन माफिया के खिलाफ जांच करे ईडी-सीबीआइ

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने संताल परगना खासकर देवघर में धड़ल्ले से जारी जमीन के अवैध कारोबार पर चिंता जतायी है। गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने भी उनसे सहमति जतायी है। बाबूलाल के मुताबिक रांची की तरह देवघर में भी बड़े पैमाने पर कागजातों की हेरा फेरी और जालसाजी कर जमीन घोटाला हुआ है। यह सिलसिला जारी है। सोमवार को सोशल मीडिया पर अपनी चिंताओं को साझा करते कहा है कि एम्स एवं एयरपोर्ट स्थापना की गयी है। साथ ही, बाबा वैद्यनाथ के विश्वव्यापी महत्व के चलते देवघर की जमीन पर न सिर्फ झारखंड बल्कि सीमावर्ती राज्य प्श्चिम बंगाल के जमीन माफियाओं की भी नजर रही है। वहां के कुछ मामलों की जांच सीबीआई भी कर रही है। फिर भी जमीन घोटाले का गोरखधंधा जारी है। उन्होंने सीबीआई और ईडी के डायरेक्टर से अनुरोध करते हुये कहा है कि रांची की तरह देवघर में कागजातों की हेराफेरी कर हो रहे जमीन घोटाले की विस्तार से जांच का काम अपने हाथ में लें। सोशल मीडिया के जरिये उन्होंने पीएमओ, गृह मंत्रालय, इन्कम टैक्स विभाग, देवघर डीसी और झारखंड सीएमओ को भी इस ओर ध्यान देने को कहा है।

# पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझना जरूरी : राज्यपाल

## विकास भारती विशुनपुर के प्राकृतिक खेती व पौधारोपण अभियान को राज्यपाल ने किया शुभारंभ

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझना जरूरी है। श्री कृष्णन सोमवार को गैरसरकारी संस्था विकास भारती विशुनपुर के प्राकृतिक खेती व पौधारोपण अभियान का शुभारंभ कर रहे थे। यह आयोजन बरियातु रोड स्थित विकास भारती विशुनपुर के रांची कार्यालय में किया गया था। उन्होंने कहा कि झारखंड में आदिवासी समाज ने पर्यावरण संरक्षण के लिये हमेशा तत्पर रहा है। उन्होंने पिछले 40 साल से पर्यावरण संरक्षण का कार्य कर रहे विकास भारती विशुनपुर की सराहना की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रत्येक व्यक्ति को महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करना है। इस अवसर पर आईआईएम के निदेशक दीपक कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि प्राकृतिक संपदा का जीडीपी में एक महत्वपूर्ण योगदान होता है। वर्त्तमान समय में देश का जीडीपी पर्याप्त नहीं है। वहीं, सीसीएल के निदेशक हर्षित मिश्रा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण का कार्य घर से शुरू किया जाना चाहिये। मंच संचालयन निखिलेश मेती ने किया। पदमश्री अशोक भगत ने स्वागत भाषण दिया। मौके पर डॉ अजय कुमार सिंह, रंजना कुमारी, डॉ एसएन मुंडा, विकास कुमार सिंह, किशोर मंत्री, तपन कुमार शांडिल्य आदि उपस्थित थे।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,राँची

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/RANCHI/21/2022-23 Re e-tender (3rd Call) P.R. No. 293960 Rural Development (22-23) D & 296683 Rural Development (23-24) D

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राँची जिला के प्रखंड रातू अंतर्गत पंचायत लहना ग्राम लहना में लहना नदी पर पुल निर्माण। | 309.73000 | 6,19,500.00 | 10,000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – दिनांक 13.06.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 14.06.2023 से दिनांक 28.06.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 04.07.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :–
   i) ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची के लिए जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
   ii) ग्रामीण विकास विशेष अंचल, राँची के लिए जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
   iii) e-procurement Cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ०एफ०पी० भवन, धुर्वा, राँची।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 05.07.2023 अपराह्न 02:00 बजे।
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची।
10. ई०–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9523491111 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची के पदनाम से देय ही देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
   विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,राँची

PR 299253 Rural Development(23-24).D


# 17 साल जेल में रहने के बाद बाहर आया नक्सली जयराम हेस्सा, जंगल में करने लगा बम प्लांट

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के नक्सल प्रभावित टोंटो थाना पुलिस ने नक्सली जराटोल मुंडासाई निवासी जयराम हेस्सा व उसके सहयोगी नाबालिग को हिरासत में लिया है। पुलिस ने जयराम हेस्सा के घर से जिलेटिन, तार, डेटोनेटर आदि बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को सोमवार को जेल और सहयोगी नाबालिग को रिमांड होम चाईबासा भेज दिया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोंटो थाना अंतर्गत जराटोला मुंडासाई निवासी जयराम हेस्सा पूर्व में नक्सली मामले में 17 साल तक जेल में रह चुका है।

टोंटो पुलिस को रविवार को गुप्त सूचना मिली कि आरोपी जयराम अपने एक सहयोगी के साथ पुलिस को क्षति पहुंचाने के लिये जंगल व पहाड़ में बम लगाने की योजना बना रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने एक टीम का गठन किया इसमें थाना प्रभारी सागेन मुर्मू, उपेंद्र कुमार, रवि नारायण झा, सुशांत मुर्मू अप पुलिस के जवान शामिल थे। पुलिस ने कंजरा स्थित जयराम हेस्सा घर पहुंची, जहां पुलिस ने घर के एक कमरे के तलाशी करने पर पुलिस को पहले से 5 पीस जिलेटीन, 5 मीटर लंबा हरा पीला रंग का तार, 8 मीटर लंबा प्लास्टिक पाइप जिसके एक सिरे में लाल रंग का फ्यूज एवं दूसरे सिरे में डेटोनेटर लगा हुआ, एवं एक काले रंग का प्लास्टिक का अंदर कार्बन से लिपटे हुए एक बंडल जिससे 3 मीटर लंबा सफेद रंग का पतला तार से डेटोनेटर लगा हुआ 35 पीस बरामद हुआ। इस संबंध में 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम एवं 17 सीएल ए एक्ट अंतर्गत प्राथमिक दर्ज कर आरोपी जयराम हेस्सा जेल और सहयोगी नाबालिग को रिमांड होम चाईबासा भेज दिया है।



### नक्सली मामले में 17 साल तक जेल में था जयराम हेस्सा

टोंटो थाना अंतर्गत जराटोला मुंडासाई निवासी जयराम हेस्सा पूर्व में नक्सली मामले में पुलिस ने गिरफ्तार कर उसे जेल भेजा था। इस मामले में जयराम हेस्सा 17 साल तक जेल में था। जेल से छूटने के बाद वह फिर नक्सली गतिविधि में शामिल हो गया। जानकार बताते हैं कि वह बम प्लांट करने और बनाने में माहिर हैं।

## खबर एक नजर में

### टेरर फंडिंग के आरोपी की डिस्चार्ज अर्जी खारिज

**रांची।** चतरा के टंडवा स्थित मगध व आम्रपाली कोयला परियोजना से टेरर फंडिंग से जुड़े मुकदमे का सामना कर रहा कारोबारी अजय कुमार उर्फ अजय सिंह को झटका लगा है। एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत ने सोमवार को अजय सिंह की डिस्चार्ज अर्जी खारिज कर दी है। अदालत ने उसकी ओर से दाखिल अर्जी पर दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के प्श्चात 22 मई को आदेश सुरक्षित रख लिया था। मामले में अपने आपको निर्दोष बताते हुए तीन फरवरी को डिस्चार्ज अर्जी दाखिल की थी। जल्द ही मामले में आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई होगी। बता दें कि एनआइए चतरा जिले के टंडवा थाना में दर्ज प्राथमिकी कांड संख्या 2/016 को फरवरी 2018 को टेकओवर करते हुए अनुसंधान करते हुए मामले में 17 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। जिसमें महेश अग्रवाल के साथ अजय सिंह का नाम शामिल है। दोनों की अर्जी खारिज हो चुकी है। मामले में वह जेल जाने के बाद जमानत पर चल रहा है।

### हजारीबाग में स्वास्थ्य विभाग ने 27 विभागों में 225 पदों के लिए निकाला विज्ञापन

**रांची।** हजारीबाग जिले में सदर अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी और एचएससी में संविदा पर नियुक्ति के लिए स्वास्थ्य विभाग ने विज्ञापन निकाला है। 27 विभागों के लिए 225 पदों के लिए भर्ती की जानी है। इसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि 20 जून है। 200 रुपये आवेदन शुल्क के साथ इच्छुक अभ्यर्थी स्पीड पोस्ट के माध्यम से अपना आवेदन सिविल सर्जन हजारीबाग के कार्यालय में भेज सकते हैं।

**एक साल के लिए संविदा पर रखा जाएगा**

हजारीबाग के रहने वाले आवेदक को इस नियुक्ति में तरजीह दी जाएगी। इसके बाद राज्य के दूसरे जिले के अभ्यर्थियों को मौका दिया जायेगा। एक साल की अवधि के लिए चयनित उम्मीदवारों की सेवा ली जाएगी। आवश्यकता और अभ्यर्थियों के परफॉर्मेंस के आधार पर सेवा अवधि में विस्तार किया जा सकता है।

### मानव तस्कर पन्ना लाल मामले में गवाही जारी

**रांची।** मानव तस्कर पन्ना लाल महतो से जुड़े मामले में एनआईए की ओर से गवाही जारी है। मामले में गवाह नंबर 12 की गवाही दर्ज की गई। एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत में गवाही पूरी होने के बाद बचाव पक्ष की ओर से प्रति परीक्षण किया गया। मामले में मंगलवार एवं बुधवार को भी सुनवाई होगी। मामले में फरवरी 2022 में पन्ना लाल महतो के साथ उसकी पत्नी सुनीता कुमारी, शिव शंकर गंझू एवं सहयोगी गोपाल उरांव के खिलाफ आरोप गठन किया गया था। इसके मामले में एनआईए की ओर से गवाही कराई जा रही है। मानव तस्कर पन्ना लाल व उसके सहयोगियों पर दिल्ली की प्लेसमेंट एजेंसियों के माध्यम से झारखंड के गरीबए कमजोर व नाबालिगों को दिल्ली में नौकरी दिलाने के नाम पर तस्करी करने का आरोप है।

### मंत्री के इशारे पर अभय सिंह की गिरफ्तारी, न्यायिक जांच हो : प्रवीण सिंह

**रांची।** पूर्व विधान पार्षद प्रवीण सिंह ने जमशेदपुर में भाजपा नेता अभय सिंह की गिरफ्तारी के मामले की न्यायिक जांच की मांग की है। सोमवार को रांची प्रेस क्लब में श्री सिंह पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने मामले की जांच रिटायर्ड जज से या विधानसभा की सर्वदलीय समिति से कराने की मांग की। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पर आरोप लगाते हुये कहा कि एसएसपी प्रभात कुमार उन्हीं के इशारे पर काम कर रहे हैं। आये दिन उनके परिवार के लोगों को परेशान किया जा रहा है। फर्जी केस करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर सरकार इस मामले में कुछ नहीं करती है तो इसके खिलाफ वे गृह मंत्री से मिल कर शिकायत करेंगे। पूरे झारखंड में विरोध .प्रदर्शन करेंगे। मालूम हो कि 8 अप्रैल को जमशेदपुर में सांप्रदायिक तनाव से जुड़े मामले में 10 जून को भाजपा नेता अभय सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार किया था।


झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी

ई० प्रोक्योरमेन्ट अति-अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

T. Reference No. :- DWSD/KH-23/2022-23 (2nd Call) Date-05.06.2023

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost (Rs.) | Bid Security (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| A) | Construction of Rural Pipe Water Supply Scheme through D.T./HYDT/GPT/HYGPT Solar based 1 HP/ 2 HP D.C. Motor pump Complete set for different tolas of concern village which is not in cluded in MVS and has no electricity or less electricity to supply water 2000 LPH maximum at least 15/30 Years for 24 X 7 Supply with 100 % Coverage by TAP Water Facility in Murhu, Karra, Torpa and Rania Block under J.J.M. | | | | |
| 1 | Murhu Group of SVS under Block- Khunti | 41,22,504.00 | 83,000.00 | 5000.00 | 6 Months |
| 2 | Tilmi Group of SVS under Block- Karra | 8,87,442.00 | 18,000.00 | 1250.00 | 3 Months |
| 3 | Ghorpinda Group of SVS under Block- Karra | 13,18,842.00 | 27,000.00 | 2500.00 | 3 Months |
| 4 | Urikel Group of SVS under Block- Torpa | 6,16,986.00 | 13,000.00 | 1250.00 | 3 Months |
| 5 | Rania Group of SVS under Block- Rania | 12,35,238.00 | 25,000.00 | 2500.00 | 3 Months |
| 6 | Chalgida Group of SVS under Block- Rania | 8,95,093.00 | 18,000.00 | 1250.00 | 3 Months |
| 7 | Sauriuli Group of SVS under Block- Rania | 6,25,823.00 | 13,000.00 | 1250.00 | 3 Months |
| 8 | Dhanamunji Group of SVS under Block- Karra | 6,55,710.00 | 14,000.00 | 1250.00 | 3 Months |
| 9 | Jorko Group of SVS under Block- Karra | 8,87,634.00 | 18,000.00 | 1250.00 | 3 Months |
| 10 | Banabira Group of SVS under Block- Torpa | 8,68,173.00 | 18,000.00 | 1250.00 | 3 Months |
| 11 | Kanti Group of SVS under Block- Karra | 15,47,355.00 | 31,000.00 | 5000.00 | 6 Months |
| 12 | Urikel Group of SVS under Block- Torpa | 6,16,986.00 | 13,000.00 | 1250.00 | 3 Months |
| B) | Date of Tender Uploading on Website | 06.06.2023/05.00 PM. | | | |
| C) | Bid Submission Start Date | 06.06.2023/05.00 PM. | | | |
| D) | Bid Submission End Date | 13.06.2023/05.00 PM. | | | |
| E) | Last date of Submission of Cost of BOQ and EMD (Hard Copy) | 14.06.2023/05.00 PM. | | | |
| F) | Place of receipt of Bid (Hard Copy) | 1. Office of the Regional Chief Engineer, D.W. & S. Department Ranchi Zone. 2. Office Of the Superintending Engineer, D.W.&S. Ranchi Circle, Ranchi 3. Office of the Executive Engineer, D.W. & S. Division, Khunti | | | |
| G) | Date of Opening of Tender | 15.06.2023/11.00 AM. | | | |
| H) | Name & Address of office Inviting Tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Khunti. | | | |
| I) | Name & Address of opening Officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Khunti. | | | |
| J) | Contact No. of Procurement Office | 06528-299928 | | | |
| K) | Helpline No. of e-procurement cell | 7717776462 | | | |

नोट :– विशेष जानकारी के लिये वेबसाईट – http://jharkahndtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी

PR 299225 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D


### आदिवासी धर्म गुरु राज्यपाल से अपनी मांगों को लेकर मिले



**रांची।** आदिवासी धर्म गुरु बंधन तिग्गा के साथ आदिवासी समुदाय के कई जनप्रतिनिधि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिले। मिलने के बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए बंधन तिग्गा ने कहा हमने अपनी 22 मांगों को लेकर गवर्नर से मिला। मुख्य रूप से सरना धर्म कोड के साथ आदिवासियों का जमीन लूटा जा रहा है इसको लेकर उन्हें विस्तृत रूप से जानकारी से अवगत कराया इसको लेकर उन्होंने कहा मेरा दरवाजा हमेशा खुला है। राज्यपाल ने आश्वासन दिया है कि वे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इन समस्या को लेकर पत्र भी लिखेंगे।

## सीएम मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा 24 जून को

● प्रत्येक जिले से अधिकतम 400 विद्यार्थियों का होगा चयन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा 24 जून को आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना के लिए पांच जून तक और आवासीय विद्यालयों के लिए नौ जून तक आवेदन किए जा सकते हैं। प्रत्येक स्कूल से 15 छात्र-छात्राओं को आवेदन कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति के तहत प्रत्येक वर्ष 5000 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति दी जाती है। स्टूडेंट्स का सेलेक्शन प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर किया जाता है। प्रत्येक जिले से अधिकतम 400 विद्यार्थियों का चयन किया जाना है। चयनित सभी स्टूडेंट्स को क्लास 9 से 12वीं तक 12 हजार वार्षिक छात्रवृत्ति दी जाएगी। वहीं, इंदिरा गांधी आवासीय विद्यालय और नेतरहाट की तर्ज पर अन्य आवासीय विद्यालयों की प्रवेश परीक्षा का आयोजन 25 जून को होगी।

**मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति का लाभ लेने के लिए 60 फीसदी अंक लाना अनिवार्य**

क्लास 9 से 11 मई तक आयोजित होने वाली प्रत्येक वार्षिक परीक्षा में संबंधित स्टूडेंट्स को 60 फीसदी अंक अर्जित करना होगा। 60 फीसदी से कम अंक लाने वाले को इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा। जिन विद्यार्थियों का चयन इस योजना के लिए होता है वह राज्य के किसी भी स्कूल चाहे वह सीबीएसई से मान्यता प्राप्त हो या आईसीएससी से उस में नामांकन ले सकते हैं। स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के सचिव के. रवि कुमार ने इसकी समीक्षा की थी। समीक्षा के दौरान कई तरह के निर्देश दिए थे। बताया गया कि सभी प्रवेश परीक्षा का आयोजन झारखंड एकेडमिक काउंसिल करेगा।


पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–प्राचार्य का कार्यालय, जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट।

नाशपाती फल नीलामी सूचना।
वर्ष–2023–24

जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट परिसर के नाशपाती बागान में लगे फलों को तोड़ने की नीलामी दिनांक–15.06.2023 को पूर्वाह्न 11:30 बजे, पुलिस अधीक्षक महोदय, जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट के द्वारा गठित समिति के अध्यक्ष पुलिस उपाधीक्षक श्री कृष्ण कुमार महतो एवं सदस्यों के समक्ष प्रशासनिक भवन के कन्फ्रेन्स हॉल में किया जायेगा जिसके लिए इच्छुक व्यक्तियों से दिनांक–14.06.2023 को शाम 05:00 बजे तक कार्यअवधि में निविदा आमंत्रित किया जाता है।

| क्र०सं० | बागानों का नाम | नाषपाती फल वृक्षों की सं० | निम्नतम बोली की प्रारंभिक राशि | जमानत की राशि (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | बागान "ए" (CLI आवास के सामने) | 316 (लगभग) | 3,00,000.00 (तीन लाख) रू० | 50,000 रू० |
| 2. | बागान "बी" (मैग्जीन सुरक्षा गार्ड क्षेत्र) | 67 (लगभग) | 66,550.00 (छियासठ हजार पाँच सौ पचास) रू० | |
| 3. | बागान "सी" (नाला के उस पार पूर्वी भाग) | 187 (लगभग) | 5,12,435.00 (पाँच लाख बारह हजार चार सौ पैंतीस) रू० | |

इच्छुक व्यक्ति किसी भी दिन कार्यअवधि में जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट में नाशपाती फल निलामी हेतु गठित कमिटी के अध्यक्ष एवं सदस्यों से अनुमति प्राप्त कर फल बागान देख सकते है। फलों को तोड़ने की नीलामी की शर्तें निम्न प्रकार है:–

1 बागानों के सामने अंकित जमानत की राशि पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह प्राचार्य, जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट के पदनाम से चेक या कैश के रूप में भुगतान/देय होगा, जो नीलामी के पूर्व जमा करना होगा। सफल अधिकतम बोली बोलने वाले व्यक्ति की जमानत की राशि कार्यालय द्वारा रखी ली जायेगी और अन्य असफल व्यक्यिों की जमानत राशि नीलामी के समाप्ती के पश्चात वापस कर दी जायेगी।
2 नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति अपना पहचान के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत फोटो पहचान पत्र/वाहन चालन का अनुज्ञप्ति पत्र/पेन कार्ड/आधार कार्ड नीलामी प्रक्रिया प्रारंभ होने के पूर्व मूल रूप से प्रस्तुत करेंगे तथा संबंधित प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति जमा करेंगे।
3 नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति को अपना आवास संबंधित सत्यता के लिए कार्यपालक दण्डाधिकारी का शपत–पत्र मूल रूप से नीलामी के पूर्व जमा करना होगा।
4 अधिकतम बोली बोलने वाले व्यक्ति को दिनांक–15.06.2023 को फलों का निलामी का एकरारनमा करना होगा तथा अधिकतम नीलामी राशि का 50 प्रतिशत राशि तीन दिनों के अंदर पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–प्राचार्य का कार्यालय जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट के लेखा शाखा में जमा करना होगा (जमानत की राशि उसमें सामंजित की जायेगी) ऐसा नहीं करने पर उनकी जमानत की राशि जब्त कर ली जायेगी तथा नीलामी रद्द कर अन्य व्यक्ति के साथ नीलामी करने के लिए समिति को अधिकार सुरक्षित रहेगा।
5 फल तोड़ने के पूर्व नीलामी की शेष राशि को एक मुस्त हर हाल में जमा करना अनिवार्य होगा।
6 अधिकतम बोली वाले व्यक्ति को फलों की देख–भाल एवं सुरक्षा करने का दायित्व स्वयं होगा जो समिति के कार्यो के अनुरूप कार्य का संपादन करेंगे।
7 फल तोड़ते समय यह ध्यान देना होगा कि फल के पेड़ या उसकी डाली क्षतिग्रस्त ना होने पाये यदि क्षति हुई तो नीलामी लेने वाले व्यक्ति से पेड़ की क्षति का मुआवजा क्षति के अनुरूप वसूल किया जायेगा।
8 संस्थान के हित में यदि नीलामी का राशि समिति द्वारा निर्धारित दर से कम आता है तो नीलामी को रद्द करते हुए पुनः तिथि निर्धारित कर नीलामी की जायेगी।
9 नीलामी में भाग लेने वाले सभी पदाधिकारियों सदस्यों एवं निविदाकर्त्ताओं को कोविड–19 के सरकार द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन करना अनिवार्य होगा।
10 समिति को यह अधिकार होगा की बिना कारण बताये नीलामी कि शर्तो में आंशिक संशोधन अथवा पूर्ण रूप से रद्द कर सकते है।

पुलिस अधीक्षक,
जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट।

PR 299159 Police(23-24)D


# 50 किलो चावल के बोरे में मिलता है 46 किलो चावल



● सात सूत्री मांगों को लेकर राशन डीलरों का राजभवन के समक्ष धरना

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन के बैनर तले जिले के राशन डीलरों ने सोमवार को अपनी सात सूत्री मांगों के समर्थन में राजभवन के समक्ष धरना दिया। मौके पर राशन डीलरों ने कहा कि उन्हें प्रति 50 किलो (एक बोरा) 6 किलो कम राशन मिलता है। ऐसे में लाभुकों को कहां से राशन देंगे? डीलर संघ के जिलाध्यक्ष ज्ञान देव ने कहा कि कोरोना काल में राशन बांटने का काम किए हैं। लाभुक के घर-घर जाकर राशन बांटने काम किया गया। इसके बावजूद सरकार हमलोगों की बातें नहीं सुन रही है। ई-पॉस मशीन में 2 जी की जगह 4 जी सिम जल्द लगवाया जाए। 2020 के बाद से दाल का आपूर्ति नहीं हो रही है। 50 किलो चावल के बोरे में 46 किलो चावल मिल रहा है। यही कारण है कि लाभुको को सही तरीके से राशन नहीं दे पा रहे हैं। कांके के राशन डीलर बहादुर मुंडा ने कहा कि सरकार द्वारा राशन कम दिया जा रहा है। प्रत्येक बोरा में 5 किलो कम चावल निकल रहा है।

### राशन डीलरों की मांगें

13 महीने पीएमजीकेवाई के कमीशन का बकाया कमीशन का पैसा मिले, अनुकंपा पर लाईसेंस मिले, वन नेशन वन कार्ड, वन रेट लागू हो, 2जी की जगह 4 जी सीम दे सरकार, कमीशन अग्रिम दे सरकार, कमीशन बढ़ाकर एक रुपये तीन रुपये किया जाये और हर माह प्रोत्साहन राशि दिया जाये।

# झारखंड और आदिवासियों का वृक्षों से है विशिष्ट संबंध : राज्यपाल

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि सभी को पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझना चाहिए। पर्यावरण दिवस पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूकता व प्रतिबद्धता को व्यक्त करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रत्येक व्यक्ति को महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करना है। लोगों को स्वयं के साथ अन्य को भी पर्यावरण के महत्व के संदर्भ में अवगत कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोग प्लास्टिक का उपयोग कर रहे हैं, उसे कहीं भी फेंक देते हैं, नदियां प्रदूषित हो रही हैं। यह बातें राज्यपाल ने सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर राजभवन में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कही। राज्यपाल ने लोगों से प्लास्टिक को अपने व्यवहार में न अपनाने की अपील की। साथ ही स्वच्छता की दिशा में ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य का वृक्षों से विशिष्ट संबंध रहा है। यहां हर्षोल्लास के साथ सरहुल पर्व मानाया जाता है, जिसमें वृक्ष की पूजा की जाती है। उन्होंने एनएसएस के स्वयंसेवकों से कहा कि आज आप सभी विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण करें। उसके संवर्द्धन की दिशा में ध्यान दें। उन्होंने एनएसएस के स्वयंसेवकों से कहा कि आप लोग ग्रामों में भी जाकर कार्यक्रम का आयोजन करें तथा ग्रामीणों से संवाद करें।

**राजभवन परिसर में 50 से अधिक पौधे लगाये गये**

इस मौके पर एनएसएस के स्वयंसेवक दिवाकर आनंद, फलक फातिमा एवं आस्था दीप ने राज्यपाल से वृक्षारोपण के संदर्भ में अपने अनुभव साझा किया। राज्यपाल ने राज भवन में वृक्षारोपण के क्षेत्र में अच्छे कार्य करने वाले व विचार प्रकट करने वाले एनएसएस के स्वयंसेवकों को सम्मानित किया। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ ओएन सिंह ने कहा कि बिरसा कृषि विश्वविद्यालय पर्यावरण संरक्षण के प्रति सचेष्ट हैं। इससे पूर्व विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राज्यपाल द्वारा राजभवन में 50 से अधिक पौधे लगाए गए। इस मौके पर राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ नितिन मदन कुलकर्णी सहित कई उपस्थित थे।

खबर मन्त्र
रांची . मंगलवार . 06 जून 2023

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

# अनाज की चिंता

रूस-यूक्रेन युद्ध से बाधित हुई खाद्यान्न आपूर्ति श्रृंखला के चलते दुनिया के तमाम देश खाद्यान्न संकट से जूझ रहे हैं। सबसे बड़ी चुनौती यह है कि ग्लोबल वार्मिंग के चलते मौसम के मिजाज में आये अप्रत्याशित बदलाव से अनाज की गुणवत्ता और मात्रा पर असर होने लगा है। देश के कुल उत्पादन का मात्र 47 प्रतिशत अन्न का ही उन्नत भंडारन हो पाता है जो बड़ी शर्मनाक बात है। मोदी सरकार ने विश्व की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना को मंजूरी दी गई है। जिसके अंतर्गत अन्नदाता के उत्पादों को बचाने के लिये ब्लॉक स्तर पर पांच सौ से दो हजार मीट्रिक टन क्षमता वाले गोदाम बनाने का निर्णय लिया गया है। निश्चय ही देश में मौजूदा 1450 लाख टन की भंडारण क्षमता को पर्याप्त नहीं कहा जा सकता। यही वजह है कि अगले पांच सालों में 700 लाख टन भंडारण क्षमता और बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। भारत दुनिया के सर्वाधिक अन्न उत्पादक देशों में गिना जाता है, लेकिन उसकी भंडारण क्षमता अन्य विकसित देशों के मुकाबले बेहद कम रही है। जिससे किसान को फसल तैयार होने के तुरंत बाद मंडियों में अनाज बेचने जाना पड़ता है। यही वजह है कि भरपूर फसल उत्पादन के बावजूद उसे घाटा उठाना पड़ता है क्योंकि आपूर्ति बढ़ने से उत्पादों के दाम गिर जाते हैं। सहकारिता मंत्रालय देश के केंद्र शासित प्रदेशों व राज्यों के दस जिलों में इसकी पायलट योजना शुरू करेगा। इस योजना के क्रियान्वयन से हर साल बर्बाद होने वाला लाखों टन अनाज बचाया जा सकेगा। वह अनाज भी, जो आंधी, तूफान व बारिश में मंडियों में बर्बाद होता रहा है। तब किसान बाजार की जरूरत के हिसाब से ऊंचे दामों में अपने उत्पाद बेच सकेगा। इतना ही नहीं, किसान गोदाम में रखे उत्पाद के मूल्य के सत्तर फीसदी के बराबर कर्ज लेकर अगली फसल की तैयारी भी कर सकेगा।

# वायु प्रदूषण की मार

यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो के एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट द्वारा किये गए अध्ययन में बताया गया है कि कुछ शहरों में वायु प्रदूषण भारतीयों की जीवन प्रत्याशा को नौ साल तक कम कर सकता है। कह सकते हैं कि वायु प्रदूषण से सबसे अधिक प्रभावित लोग अपनी जीवन प्रत्याशा को तेरह प्रतिशत अधिक खो सकते हैं। उम्र में कमी के अलावा लोग कई तरह के असाध्य रोगों की भी चपेट में आ जाते हैं, जिसका दंश उन्हें सालों-साल भुगतना पड़ता है। फलतः परिवारों को भावनात्मक व आर्थिक संकट भी झेलना पड़ता है। यह अध्ययन स्मरण कराता है कि भारत में गंगा के मैदानी इलाकों के शहरों में करीब 48 करोड़ लोग जिस प्रदूषित वातावरण में सांस ले रहे हैं, उसका स्तर यूरोप व उत्तरी अमेरिकी की तुलना में कई गुना अधिक है। निस्संदेह, समय-समय पर सामने आने वाले तथ्यों के दृष्टिगत नागरिकों व नीति-निमार्ताओं को इसे खतरे की घंटी मानते हुए सजग हो जाना चाहिए। इसमें दो राय नहीं कि हाल के वर्षों में देश के लोगों की जीवन प्रत्याशा में आशातीत वृद्धि हुई है। दुनिया में बहुचर्चित मेडिकल जर्नल लैंसेट के अनुसार वर्ष 1990 और 2019 के बीच भारत में जीवन प्रत्याशा 59.6 से बढ़कर 70.8 हुई है। हालांकि यह प्रत्याशा राज्यों के स्तर पर अंतर रखती है। यह भी हकीकत है कि दुनिया में वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों में एक बड़ा हिस्सा भारत का भी है। वहीं संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि वर्ष 2100 तक भारतीयों की जीवन प्रत्याशा 81 वर्ष होगी। बेहतर जीवन के लिये हमें प्रदूषण की समस्या का कारगर समाधान तलाशना होगा। हालांकि, यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो की रिपोर्ट का आकलन वर्ष 2019 की स्थिति पर आधारित है क्योंकि अब प्रदूषण महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश आदि को भी चपेट में लेने लगा है और वातावरण गर्म होने की शिकायत आ रही है।

# स्तरीय शिक्षा से ही समाज में सुख-शांति





- डॉ मेरी ग्रेस

साक्षरता जनित पुस्तकीय ज्ञान विज्ञान की तरह ही दुधारी तलवार है जो किसी सुसंस्कारित विवेकशील मनुष्य के हाथ में आई तो मानवता का संकट हरेगी और अगर किसी दुराचारी व्यक्ति के हाथ में पड़ी तो समाज के लिए संकट का कारण बनेगी। सेवा, चिकित्सा, न्याय, प्रशासन आदि किसी भी क्षेत्र में हमें पहले अच्छा इंसान चाहिए बाद में अच्छा डॉक्टर, वकील, प्रशासक आदि।

हमें समझना होगा कि साक्षरता एवं पुस्तकीय ज्ञान शिक्षा का एक अंग भर हैं, शिक्षा का पूरा संसार नहीं। शिक्षा के इस अंग का उपयोग नैतिक एवं मानवीय मूल्यों के संरक्षण-संवर्धन के लिए किया जाना चाहिए। साक्षरता जनित पुस्तकीय ज्ञान विज्ञान की तरह ही दुधारी तलवार है। भारतवर्ष की सनातन सांस्कृतिक परंपरा में शिक्षा स्वयं में बहुअर्थगर्भित शब्द है। यहां शिक्षा का अभिप्राय साक्षरता अथवा शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की उपलब्धता मात्र नहीं है। शिक्षा यहां मानव-मन को शुभसंस्कारों से सज्ज करने का माध्यम है; मनुष्य को मनुष्य बनाने की कला है; उसमें सामाजिक दायित्वबोध का जागरण है और उदात्त मानव-मूल्यों की प्राप्ति का कल्याणकारी संदेश है, जिसमें अक्षरज्ञान, संस्था-पदत्त प्रमाणपत्र आदि औपचारिकताओं का स्थान गौण है और मनुष्य का चारित्रिक उत्थान प्रधान है।

व्यापक यूरोपीय प्रभाव के कारण जब से भारतीय-समाज ने शिक्षा के उपर्युक्त स्वरूप और उद्देश्य को विस्मृत कर संस्थागत प्रमाणपत्रीय औपचारिक शैक्षणिक स्वरूप को ही शिक्षा के अर्थ में सीमित-संकुचित कर दिया है तब से समाज शिक्षा के वास्तविक प्रकाश से वंचित होकर अशिक्षा एवं अज्ञान के घोर अंधकार में भटकता हुआ अपराध के पतन-गर्त में गिर रहा है; गिरता ही जा रहा है। तथाकथित अंग्रेज शिक्षाविद मैकाले के समय से लेकर अब तक कितनी ही बार शिक्षा को लेकर विचार हुआ है; समितियों और आयोगों ने नई-नई नीतियां अनुशंसित की हैं; व्यवस्था के कर्णधारों ने उन्हें क्रियान्वित करने के लिए जनता की गाढ़ी कमाई को जी भरकर खर्च किया है किंतु परिणाम क्या है ? सामाजिक अशांति, संघर्ष और अपराध की बढ़ती भयावह स्थितियाँ !

विगत सौ वर्षों में देश के कोने-कोने में स्कूल-कॉलेज खुल गए; विश्वविद्यालयों और तरह-तरह के शैक्षणिक संस्थानों की बाढ़ आ गई; युवाओं का बड़ा वर्ग साक्षर हुआ, बड़ी-बड़ी डिग्रियों से अलंकृत हुआ किन्तु समाज में सुख-शांति और समृद्धि नहीं आई। उपर्युक्त कथित शिक्षा के प्रसार के साथ-साथ हमारे समाज में अनुशासनहीनता, सामाजिक-सांस्कृतिक मानमूल्यों की अवमानना, पारिवारिक-कलह, सामाजिक संघर्ष, रोजगार के संकट, आर्थिक-भ्रष्टाचार, लूट-हत्या-बलात्कार एवं हिंसक अपराधों के प्रकरण निरंतर बढ़े हैं, मनुष्य का मन अशांत हुआ है और आत्महत्याओं का सिलसिला बढ़ा है। इस तथाकथित शिक्षा ने मनुष्य की मनुष्यता ही छीन ली है- कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के विकट संकट काल में बड़े-बड़े नामी-गिरामी चिकित्सा संस्थानों के उच्चशिक्षित डिग्री धारी डॉक्टर-व्यवस्थापक रोगियों के कपड़े उतार रहे हैं; उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ वकील न्यायालय की अवमानना कर रहे हैं, नक्सलवाद और आतंकवाद के बेलगाम घोड़ों की लगामें बड़े-बड़े प्रोफेसरों के हाथों में दिखाई दे रही हैं, भारत में रहकर भारत से पोषण पाकर ह्यभारत तेरे टुकड़े होंगेह्न जैसे देशद्रोही कारनामों को अंजाम देने वाले और उनके समर्थन में खड़े होने वाले सब उच्च शिक्षित हैं। किन्तु मनुष्यता के प्रकाश और सामाजिक दायित्वबोध से कोसों दूर हैं। ऐसी शिक्षा की सार्थकता स्वयं में बड़ा प्रश्नचिन्ह है।

आज कंप्यूटर और तकनीकी शिक्षा में पारंगत युवा साइबर क्राइम की दुनिया में रोज नए काले कारनामे कर रहे हैं। कब किसके खाते से कितनी रकम चुरा ली जाएगी, कुछ पता नहीं। प्रधानमंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद पर आसीन व्यक्ति का ट्वीटर जब हैक किया जा सकता है तब साधारण व्यक्ति की तो बिसात ही क्या है ?

तात्पर्य यह है कि शिक्षा के मूल्यनिष्ठ सांस्कृतिक धरातल से विचलित होकर औपचारिक संस्थागत साक्षरतापरक पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित होने की भारी कीमत समाज पिछली शताब्दी से अब तक निरंतर चुकाता आ रहा है और जब तक शिक्षा अपने इस वर्तमान छद्म आवरण को तोड़कर मनुष्य को मनुष्य बनाने के प्रति संकल्पित नहीं होगी तब तक शिक्षा के माध्यम से समाज के कल्याण का स्वप्न अपूर्ण ही रहेगा।

हमें समझना होगा कि साक्षरता एवं पुस्तकीय ज्ञान शिक्षा का एक अंग भर हैं, शिक्षा का पूरा संसार नहीं। शिक्षा के इस अंग का उपयोग नैतिक एवं मानवीय मूल्यों के संरक्षण-संवर्धन के लिए किया जाना चाहिए। साक्षरता जनित पुस्तकीय ज्ञान विज्ञान की तरह ही दुधारी तलवार है जो किसी सुसंस्कारित विवेकशील मनुष्य के हाथ में आई तो मानवता का संकट हरेगी और अगर किसी दुराचारी व्यक्ति के हाथ में पड़ी तो समाज के लिए संकट का कारण बनेगी। सेवा, चिकित्सा, न्याय, प्रशासन आदि किसी भी क्षेत्र में हमें पहले अच्छा इंसान चाहिए बाद में अच्छा डॉक्टर, वकील, प्रशासक आदि। दुर्भाग्य है कि हमारी शिक्षा नीतियां, हमारे परिवार और समाज अच्छा मनुष्य बनाने के प्रति उदासीन हैं और अधिकतम धन-अर्जन में सक्षम व्यक्तित्व विकसित करने के प्रति प्रयत्नशील हैं। हमारी आधुनिक शिक्षा-व्यवस्था संवेदनाहीन लोभी रोबोट अधिक दे रही है और संवेदना, समृद्ध सेवाभावी मनुष्य कम दे पा रही है। कोई भी शिक्षा नीति तब तक समाज के लिए उपयोगी नहीं बन सकती जब तक उसमें संवेदनशील, उदार और विवेकवान मनुष्य के सृजन की सामर्थ्य ना हो। अतः शिक्षा नीति के निर्धारण में इस लक्ष्य की प्राप्ति अभीष्ट है। शिक्षा एक गंभीर सामाजिक दायित्व-बोध है। शिक्षा स्वयं की क्षमता का संवर्धन और समाज के हित में उस क्षमता का निस्वार्थ विसर्जन है। इस दृष्टि से कोरोना वायरस के संकट काल में चिकित्सक, नर्स, आरक्षक, समाजसेवी, व्यवसायी आदि जिन करोड़ों लोगों ने अपनी क्षमताओं से पीड़ित मानवता की सेवा की है, जागरूक नागरिक के रूप में इस महामारी के नियंत्रण में सहयोग दिया है उन्हीं की शिक्षा सार्थक है, शेष शिक्षितों की शिक्षा तो शिक्षा का भ्रम मात्र है। (प्राचार्या उर्सुलाइन इंटर कॉलेज, रांची)

## खास बात

# तुष्टीकरण और जलालत से जंग

**कुमार गौरव**

**आधुनिक** विश्व की सबसे बड़ी ताकत चुनाव शब्दों में निहित है। क्योंकि चुनाव शब्द द्वारा परिवर्तन को अस्तित्व मिलता है ।आज दुनिया की हर प्रगतिशील सोच को चुनाव शब्दों से लिपटी लोकतंत्र प्यारी है। तथा इन पर आस्था भी है । आवाम के मत से चुनी गई व्यवस्था , व्यवस्था अंतर्गत सरकार बनती उतरती है। ऐसी लोकतांत्रिक व्यवस्था को हर धरा चुमना चाहती है। लेकिन इसकी एक बहुत बड़ी कमी भी है। लोकतंत्र की सबसे बड़ी कमजोरी तुष्टीकरण की राजनीति है। इतिहास गवाह है तुष्टीकरण की राजनीति की त्रासदी की देन प्रथम और द्वितीय विश्वयुद्ध है। लड़ता फौजी है, राष्ट के झंडेतले मगर उसकी त्रासदी आवाम को झेलनी पड़ती है। आवाम बेचारी निर्दोष होकर भी सालों तक जिल्लत भरी और पानी से निकाले गये मछलियों की भांति तड़पते रहते हैं। आज दुनिया के युवा लोकतंत्र के माध्यम से ज्ञान- विज्ञान की इमारत बना रहे हैं और लोकतंत्र के चंद लोग तुष्टिकरण की घिनौनी खेल खेल कर लोकतंत्र पर विश्वास करने वालों को दहशत के साए में रखने को मजबूर कर रहे हैं। या कहां तक उचित है ? अफगानिस्तान को ही ले लीजिए। अमेरिका अफगानिस्तान में फौज तैनात कर दी मगर राष्ट्र भक्ति जगाने भी फेल हो गया। नतीजा तालिबान का कब्जा। मै तालिबान के बारे में नही कहता क्योंकि हमारी लोकतंत्र की प्रगतिशील विचारधारा को अफगणियो तक तुष्टीकरण से ऊपर उठकर नहीं बतायी गई। नतीजा अराजकता अराजकता के दो पाटन लोकतंत्र एवं हथियारबंद संगठन तालिबान के बीच पीसे जा रहे हैं अरे ! जागो सुरवीर अफगानी तुम्हारी खामोशी तुम्हारे इतिहास के सूर्य को चंद लोग अस्त करना चाहते हैं। तुम्हारी भौगोलिक संपदा की अपनी एक पहचान है उसे बचा लो अपनी आने वाली नस्लों के लिए वरना तुम्हें अपनी इतिहास में लुटेरे की संज्ञा दे देंगे ? कुल मिलाकर देश से दुनिया तक हिंसा और जलालत की जिंदगी से करोड़ों लोग परेशान है और अमेरिका से लेकर पूरी दुनिया में हर हुक्मरान अपनी चलाता है।

# मैं और तू का अभिमान

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**शक्तिबाण** लगने के बाद मेघनाथ ने चाहा कि लक्ष्मण को लंका के दुर्ग में ले जाऊं पर सफल न हो सका। इसके बाद हनुमान ने लक्ष्मण को उठाया और लंका स्थित अपने शिविर में ले आये। सबके लिये बहुत विपति का कारण था। श्रीराम लक्ष्मण की यह दशा देखकर बहुत हुये। उन्होंने कहा लक्ष्मण भाई आपका अगर प्राणांत हो जाएगा तो मेरा अयोध्या जाना मुश्किल है।मैं क्या करूं? यही सोच रहे थे कि विभीषण जी ने यह मंत्रणा दी आग अगर कहें तो सुषेण वैद्य हैं उनका लंका से बुलवाया जाए। वे मेरे मित्र हैं मेरी खबार पाकर वो जायेंगे। उनको लेने के लिये हनुमान को जाना पड़ेंगा वहीं सक्षम हैं। ये सूक्ष्म रुप से वहां जा सकते हैं जो छिप जायेंगे कोई इनको देख नहीं पायेगा। रामजी ने आज्ञा दे दी और हनुमानजी ने ऐसा ही किया। वे रात्रि में ही सुषेण बैद्य को ले आये। सुषेण बैद्य ने आकर जब लक्ष्मण जी की दशा देखे तो पाया कि हृदय में बहुत गर्मी है। बाण के प्रभाव से सुबह होते होते गर्मी के प्रभाव से हृदय काम करना बंद कर देगा। इसके उपचार के लिये हिमालय से बूटी लानी होगी। यह बूटी बेर के रुप में है।

जब शबरी जी ने राम लक्ष्मण को वन गमन के क्रम में मतंग ऋषि के आश्रम में बैर खाने के लिये दिया था तब श्रीराम जी ने प्रेम से बैर ग्रहण किया था और कहा था यह लखन इन बैरो को खाओ ये बड़ें मूल्यवान हैं। तीन लोक में ऐसी कोई वस्तु नहीं है जो इसका मुकाबला कर सके।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

**उत्तर प्रदेश** को सुशासन, विकास, जनकल्याण व सांस्कृतिक गौरव ने नव विहान की ओर ले जाने वाले लोकप्रिय मुख्यमंत्री

योगी आदित्यनाथ जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।

– सुधांशु द्विवेदी, भाजपा

## रोचक ट्वीट

**सदियों** से आदिवासी जीवन मूल्यों का केंद्र रहा है प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण। इन्हीं मूल्यों को आत्मसात कर हम आने वाली पीढ़ी को बेहतर, सुंदर और स्वस्थ भविष्य दे सकते हैं। विश्व पर्यावरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं और जोहार। –हेमंत सोरेन, सीएम





उड़ीसा की रेल दुर्घटना से हम सभी बेहद व्यथित हैं। जिन मासूमों ने इस हादसे में अपने अभिभावकों को खोया है उनकी स्कूली शिक्षा की जिम्मेदारी अडाणी समूह उठाएगा। बच्चों को बेहतर कल मिले यह हम सभी की संयुक्त जिम्मेदारी है।-गौतम अडानी

## कार्टून वर्ल्ड




साभार कॉटूनमूवमेंट डॉट काम

## लेटर टू एडिटर

### जल संकट के खतरे

**जल** संकट से आज जिस तरह के हालात बन रहे हैं उससे आने वाले समय में पानी की भयावह स्थिति होगी। बड़ी आबादी के बोझ और पानी के बढ़ते दुरुपयोग के बीच मौसम में बदलाव के साथ-साथ तापमान में बढ़ोतरी से दुनिया की आधी बड़ी झीलों में पानी की कमी होती जा रही है। इस पानी की कमी ने अदृश्य संकट की तरफ इशारा किया है जिसे समझा जाना जरूरी है। -रविकांत सिंह, रांची

### कृषि से उम्मीद

**कृषि** क्षेत्र की विकास दर बढ़ाने में रबी फसलों की पैदावार, खासतौर से गेहूं की भारी पैदावार ने प्रभावी भूमिका निभाई है। पिछले वित्त वर्ष 2020-21 की पहली तिमाही में कृषि क्षेत्र की वृद्धि तीन फीसद ही थी। इस वर्ष कृषि विकास दर में वृद्धि के साथ कृषि निर्यात की बढ़ने की भी संभावनाएं प्रबल हुई हैं। कोरोना के संकट में कृर्षि क्षेत्र ने देश में अनाज की कमी नहीं होने दी। -विवेक, हजारीबाग

# भयावह होती रेल दुर्घटनाओं की तस्वीर

**योगेश कुमार गोयल**

**बालोसोर** रेल दुर्घटना रेल सुरक्षा आयुक्त (दक्षिण पूर्व सर्किल) एएम चौधरी को इस रेल दुर्घटना की जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। हालांकि प्रारंभिक संकेतों के अनुसार इस दुर्घटना के पीछे मानवीय चूक मानी जा रही है।

कहा जा रहा है कि देश में 16 महीने बाद कोई ऐसा रेल हादसा हुआ है, जिसमें लोगों की जान गई है। इससे पहले 14 जनवरी 2022 को पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में दोमोहानी के पास हुए हादसे में 9 लोगों की जान चली गई थी। तब बीकानेर से गुवाहाटी जा रही बीकानेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस की 12 बोगियां पटरी से उतर गई थी। हादसे के समय ट्रेन की गति कम थी अन्यथा रेल तंत्र की लापरवाही के कारण वह दुर्घटना बहुत बड़ी हो सकती थी। उस समय कहा गया था कि वह हादसा 34 महीने बाद हुआ था। हालांकि वास्तव में ऐसा है नहीं, रेल हादसे निरन्तर होते रहे हैं और लोग ऐसे हादसों की बलि चढ़ते रहे हैं। इसी साल 2 जनवरी को राजस्थान में पाली के नजदीक बांद्रा-जोधपुर सूर्यनगरी एक्सप्रेस के 13 डिब्बे बेपटरी हो गए थे, उस हादसे में 26 यात्री घायल हुए थे। 22 अप्रैल 2021 को लखनऊ-चण्डीगढ़ एक्सप्रेस ने बरेली-शाहजहांपुर के पास क्रॉसिंग पर कुछ वाहनों को टक्कर मार दी थी, जिसमें पांच लोगों की मौत हुई थी। उससे पहले 3 फरवरी 2019 को जोगबनी से दिल्ली जा रही सीमांचल एक्सप्रेस के 11 डिब्बे पटरी से उतरने से सात से अधिक यात्रियों की मौत हुई थी। ऐसे हादसों में हर बार हताहतों की चीखें खोखले रेल तंत्र की कमियों को उजागर करते हुए समूचे रेल तंत्र को कटघरे में खड़ा करती रही हैं लेकिन उसके बावजूद रेल हादसों पर लगाम नहीं कसी जा रही।

भारत का रेल तंत्र दुनिया के सबसे बड़े सार्वजनिक उपक्रमों में से एक हैं, जिसे आमजन के लिए जीवनदायी माना जाता है। भले ही देश में हवाई मार्ग और सड़क मार्गों का कितना भी विस्तार हो जाए, फिर भी देश की बहुत बड़ी आबादी यातायात के मामले में रेल नेटवर्क पर ही निर्भर है। रेलों के जरिये प्रतिदिन न केवल करोड़ों लोग यात्रा करते हैं बल्कि यह माल ढुलाई का भी सबसे बड़ा साधन है। इसके बावजूद इस विशालकाय तंत्र को चुस्त-दुरुस्त और सुरक्षित बनाने पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जाता और प्रायः इसी कारण रेल हादसे होते रहे हैं। इतने विशाल तंत्र को दुरुस्त रखने के लिए रेलवे को प्रतिवर्ष 20 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की जरूरत होती है लेकिन विशेषज्ञ इसके आवंटन को लेकर सवाल उठाते रहे हैं। केन्द्र सरकार द्वारा रेल तंत्र को मजबूत करने और आधुनिक जामा पहनाने के उद्देश्य से रेल बजट का आम बजट में ही विलय कर दिया गया था लेकिन अभी तक उससे भी कुछ खास हासिल होता नहीं दिखा। प्रतिवर्ष बजट पेश करते समय रेल पटरियों के सुधार, सुरक्षा उपकरणों को पुख्ता करने तथा रेल यात्रा को सुगम व सुरक्षित बनाने के दावे किए जाते हैं। ऐसे में सबसे महत्वपूर्ण सवाल यही है कि फिर भी रेल हादसों पर लगाम क्यों नहीं लग रही?

बहरहाल बार-बार होते रेल हादसों की बहुत लंबी फेहरिस्त है लेकिन चिंता की बात यही है कि ऐसे हर हादसे की जांच के लिए एक समिति का गठन होता है और फिर अगले हादसे के इंतजार में उस हादसे को भुला दिया जाता है। अभी तक हुए ऐसे तमाम हादसों की जांच का क्या निष्कर्ष निकला, कोई नहीं जानता। लालफीताशाही के चलते हादसों के बाद की जांच समितियों की सिफारिशों को ईमानदारी से लागू नहीं किया जाता। जब तक ऐसे हादसों की जांच के बाद सुरक्षा में लापरवाही बरतने वाले असल दोषियों की पहचान कर उन्हें दंडित करने के लिए कड़े कदम नहीं उठाए जाते, ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति होती रहेगी और हम ऐसी दुर्घटनाओं पर इसी प्रकार केवल शोक व्यक्त करते हुए संवेदना प्रकट करते रहेंगे।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# एक भीड़ का शर्मनाक चेहरा जो दिल्ली की दिल में लगा

## समस्या

**शशि भूषण कुमार**

**अक्सर** सड़क या गलियों में हो रहे लड़ाईया या हमलों को पर्सनल मानकर छोड़ देने में भलाई समझते हैं. लेकिन वैसे कितने भी पर्सनल हो यदि खुले में या सार्वजनिक जगहों पर हमला, रेप, बड़ी घटना या कोई वारदात को अंजाम दिया जा रहा हो तो उसपर जमकर विरोध करने की ताकत रखनी होगी या यूं कहें कि दखल देना होगा चाहे वो आंशिक विरोध हीं क्यों न हो ताकि उस बड़ी घटना को अंजाम देने में समय लगे या पूरी तरह से आस पास के लोगों का समर्थन मिले और वह होने वाले घटना में शायद रुकावट पैदा हो. वैसे हर रोज प्रायः ऐसी अनहोनी और अप्रिय घटनाएं से हम अक्सर विचलित हो उठते हैं. इसी कड़ी में हाल के दिनों में देश की राजधानी दिल्ली में घटित दुर्घटना जिसमें एक मनुष्य की निष्क्रियता तथा दूसरे पहलू में सक्रियता को दिखाता है यह दोनों घटना में समानता बस यह है कि दोनों घटनाएं सरेराह हुई है जहां लोगों का आवागमन निरंतर जारी था पर बस फर्क यह है कि इसमें परिणाम दोनों के बहुत अलग है. पहली घटना 28 मई की रात दिल्ली के शाहबाद डेरी के पास साहिल नाम के एक लड़के ने 16 साल की नाबालिक साक्षी पर चाकू से ताबड़तोड़ 20 से ज्यादा बार वार करता रहा, इतना के बावजूद पास में रखें पत्थर को लगातार उठाकर उसे मारता है और यह तब तक करता है जब तक कि उसके प्राण पखेरू ना निकल जाए. इस दौरान वहां से करीब 15 से 17 अलग-अलग लगातार लोग गुजरते रहे लेकिन किसी ने आपस में संगठित होकर या अकेले विरोध करने की कोशिश नहीं की. अब दूसरी घटना ठीक 1 दिन बाद 29 मई को आउटर दिल्ली के रानी बाग इलाके में दो बाइक पर सवार चार बदमाशों ने होटल रामादा के नजदीक एपीजे स्कूल के पास भूपेंद्र नाम के शख्स को घेरकर बैग लूट लिया जिसमें करीब 15 लाख थे, वहां से गुजर रहे कांस्टेबल विवेक ने साहस का परिचय देते हुए उन चारों में से एक बदमाश जो पैदल बेखौफ हथियार लहराते हुए अमरजीत का पीछा करके कॉलर पकड़कर कॉन्स्टेबल ने अपनी गिरफ्त में लिया हालांकि इस बीच बदमाश उसको लगातार धमकी दे रहा था कि पीछा मत करो वरना गोली मार दूंगा खास बात यह है कि कॉन्स्टेबल ने वहां पर एक लोकल पब्लिक को झट से अपने साथ रखकर उस बदमाश को पकड़ने में मदद लिया. यह दुर्घटनाएं आपस में इंसानों के मन में साफ संदेश दे रहा है कि यदि समय रहते दूसरी घटना की तरह पहला घटना में भी विरोध किया जाता तो शायद यह घटना नहीं होती.हालांकि इंसानों के अंदर एक स्थिति पैदा हो जाती है जो कहीं न कहीं इस तरह के पचड़े में खुद को दूर रखना चाहते हैं जिसे हम भीड़ में होकर भी पूरा भीड़ को डरपोक बना देने वाली स्थिति कह सकते हैं .यह स्थिति कई तरह के सवालों में घिरकर लोग खुद को वहां से सिर्फ भागने में या तमाशबीन होने में भलाई समझते हैं जैसे खुद का कोई अपना नहीं है इसलिए यहां से निकल जाओ, हमें कानूनी पचड़े में नहीं पड़ना है, खुद पर हमला होने का डर भी लोगों को विरोध करने से रोकता है, मैं नहीं तो कोई और कर ही देगा इसकी मदद, इतने सारे लोग तो गुजर रहे हैं सिर्फ मैं ही क्यों आगे आऊँ. इन तरह के तमाम मन के अंदर शामिल सवालों के साथ हम घटनाओं से विमुख होना चाहते हैं और खुद को चतुर समझते हैं. या यूं कहें कि भीड़ में होकर भी हम भीड़ को डरपोक बना देने वाली स्थिति में जीने लगते हैं जो सामाजिक रूप से हमें एक दिन भयावहता की ओर ढकेल देगा।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### ओरला में मंडा धूमधाम से संपन्न



**कुजू।** ओरला बस्ती शिव मंदिर प्रांगण में सोमवार को मंडा पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान पंडित हीरालाल मिश्रा ने मंडा को लेकर शिव मंदिर में विशेष पूजन संपन्न कराया। बाद में 61 भोक्तिया व ओरला छठ तालाब में स्नान कर निर्जला उपवास कर रही सोख्ताईन की मौजूदगी में पूजन किया। वहीं पीठ में लोहे का कील चुभोकर अपनी आस्था प्रकट किया। इसमें कई एक नन्हे बच्चे भी शामिल होकर शिवभक्ति की अनुठी मिशाल पेश किया। इधर सुबह में दहकते अंगारों पर नंगे पांव चलकर अपनी अटूट आस्था का परिचय दिया।

### बाबूपारा में 18 को लगेगा बिजली शिविर

**बड़कागांव।** विधायक अंबा प्रसाद की पहल एवं निर्देशानुसार बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के बादम पंचायत क्षेत्राधीन ग्राम बाबुपारा में दिनांक 18 जून को बिजली विभाग का शिविर लगेगा। शिविर में बिजली संबंधित सभी समस्याओं का निदान किया जाएगा।विधायक अंबा प्रसाद के कार्यालय से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा गया कि बिजली विभाग के शिविर में सूद माफी किया जाएगा तथा बिजली संबंधित सभी समस्याओं का निदान किया जाएगा जिन्हें नया कनेक्शन लेना हो या किसी का कनेक्शन काट दिया गया है उन्हें जोड़ने का भी कार्य उक्त शिविर में किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक अंबा प्रसाद में अधिक से अधिक लोगों को उक्त शिविर में आकर बिजली संबंधित समस्याओं का निदान कराने हेतु अपील की है।

### यूएन हाई स्कूल का शत प्रतिशत रिजल्ट

टाटीझरिया । झरपो स्थित +2 उचित नारायण उच्च विद्यालय का मैट्रिक का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। कुल विद्यालय से 59 छात्र छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया जिसमे सभी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए यह विद्यालय सन 1987 से संचालित है विद्यालय के प्रधानाध्यापक दशरथ नारायण सिंह ने सभी बच्चे की उज्वल भविष्य की कामना करते हुए आगे और मेहनत करने को कहा और सबों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के किसान के बच्चे इस विद्यालय में पढ़ते आ रहे है रिजल्ट से झरपो विद्यालय के साथ माता पिता और शिक्षको का भी मान बढाया है। इसे देखते हुए की गरीब बच्चे पढ़ने के लिए बाहर न जा सके इसलिए उचित नारायण उच्च विद्यालय झरपों में वर्ग 11वीं के विज्ञान, कला और वाणिज्य में इस सत्र 2023-25 इंटरमीडिएट की नामांकन अभिभावकों व बच्चों के अनुरोध व बदलती समय के मांग के आधार पर यह कदम विद्यालय प्रबंधन समिति व सभी शिक्षकों के सहयोग से उठाई गई है इंटरमीडिएट के प्रत्येक विषय के लिए अलग-अलग शिक्षक की बहाली कर दी गई है। इस मौके पर शिक्षक नंदकिशोर प्रसाद ,अशोक कुमार छोटन कुमार मनोज कुमार अनिल कुमार उपस्थित थे।

### इचाक में कृषक मित्रों की बैठक

इचाक। प्रखंड सभागार में कृषक मित्रों के एक अहम बैठक की गई इसमें बैठक मुख्य रूप से किसान सम्मान निधि योजना के तहत जिन किसानों के खाते में पैसा नहीं जा रहा है वे केवाईसी करा ले एवं जिन किसानों को केसीसी ऋण माफ हुआ है। वे जल्द से जल्द बैंक से संपर्क कर अपना नोडियुज कर ले एवं सभी कृषक मित्रों को अपने अपने पोषक क्षेत्र में कम से कम हर गांव से 50/50 मिट्टी जांच करा लें और कृषकों को मोटे अनाज केंचुआ खाद गोबर खाद डालने का प्रोत्साहित करें। इस बैठक में मुख्य रूप से बिटिएम पुष्पा कुमारी कृषक मित्र संघ के प्रखंड अध्यक्ष दिगम्बर कुमार मेहता, प्रखंड सचिव नंदकिशोर मेहता, प्रखंड कोषाध्यक्ष सुरेंद्र मेहता, अशोक मेहता, ओम प्रकाश मेहता, उमेश मेहता, भरत मेहता, पुष्पा देवी, अनिल साव, उदय पासवान, मुरलीधर मेहता सहित दर्जनों कृषक मित्र उपस्थित थे।

### झुमरा में बकरी और बतख का चूजा वितरित

**दारू ।** झुमरा स्तिथ पशुपालन विभाग के कार्यालय में सोमवार को कृषि पशुपालन और सहकारिता विभाग के द्वारा प्रखंड के बारह लाभुकों के बीच बकरे और बत्तख चूजा का बितरण किया गया। प्रखंड की जिला पार्षद गीता देवी के द्वारा बकरा विकास योजना के तहत मसोमात पार्वती, विनीता देवी दोनो दिग्वार निवासी,प्रियंका देवी रामदेव खैरिका,अंजू कुमारी, रामदेव खैरिका,अनिता देवी, सरोज मिश्रा महेशरा निवासी को 90 प्रतिशत अनुदान में चार बकरी और एक बकरे का बितरण किया गया।बतख चूजा बितरण योजना के तहत मुन्नी देवी,सरस्वती देवी, रामदेव खैरिका, बिलवा देवी, मेड़कुरी, पारसनाथ महतो, हरली, शांति रानी कुजूर, रहमदग्गा, उषा बड़ावुत रहमदग्गा के बीच पंद्रह बतख का बितरण किया गया। इस दौरान प्रखंड पशुपालन चिकित्सक विमला कुमारी, महेश कुमार, दिलेश्वर प्रसाद, सुजीत कुमार आदि मौजूद थे।

### रामगढ़ में थेरेपी वर्ल्ड स्पा खुला

**रामगढ़।** थाना चौक में सोमवार को थेरेपी वर्ल्ड स्पा का उद्घाटन सुरेश गणक ने किया। स्पा के संचालक मेहताब आलम ने बताया कि यहां पर लोगों की विभिन्न समस्याओं का थेरेपी के माध्यम से निराकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्पा महिला और पुरूष दोनो के लिए है। कहा की जिन्हें भी किसी प्रकार की परेशानी हो हमारे स्पा में आकर उसका थेरेपी के माध्यम से निराकरण कर सकते हैं।

### महाप्रबंधक कार्यालय में पौधा वितरित

**कुजू।** सीसीएल कुजू क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय परिसर में सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस को पर्यावरण संरक्षण के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर सीसीएल कुजू जीएम (ऑपरेशन) बीपी गुप्ता ने पर्यावरण सुरक्षा ध्वज फहरा कर किया। बाद में सीसीएल कुजू के एसओ (पीएंडपी) पीसी साहू ने मौजूद अधिकारियों को कोल इंडिया चेयरमैन के पर्यावरण संरक्षण को लेकर जारी संदेश को पढ़कर सुनाते हुए शपथ दिलाया। मौके पर जीएम बीपी गुप्ता ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण करना हम सबों की नैतिक जिम्मेवारी है। साथ ही अधिकारियों व कर्मियों के बीच एक सौ जूट का थैला समेत इंडोर प्लांट और राहगीरों व दुकानदारों को दो सौ कपड़े का थैला वितरित किया गया। इधर सारूबेड़ा स्थित तालाब की साफ- सफाई की गई।


# गांव की सरकार पर शिक्षा विभाग का आदेश भारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

▶▶ मुखिया ने भी शिक्षक धनंजय कुमार की थी शिकायत, विभाग ने निलंबन से किया मुक्त

**हजारीबाग।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय मसरातू कटकमदाग के शिक्षक धनंजय कुमार पर लगे आरोप को लेकर मसरातू पंचायत की मुखिया ज्योति कुमारी ने भी विभाग के पास शिकायत की थी, लेकिन गांव की सरकार को तवज्जो न देते हुए विभाग ने न सिर्फ शिक्षक का निलंबन वापस लिया बल्कि उन्हें उसी विद्यालय में वापस भी भेज दिया।

एक तरफ संविधान पंचायती राज को मजबूती प्रदान करती है वहीं दूसरी ओर गांव की सरकार पर विभाग का आदेश भारी पड़ गया। विभागीय सूत्रों की मानें तो शिक्षक को आरोप मुक्त करने को लेकर बड़ा खेल हुआ है। वरीय पदाधिकारियों के लिए डीएसई कार्यालय के इस कॉकस को खत्म करना एक बड़ी चुनौती होगी। कार्यालय की कारगुजारियों की चर्चा आए दिन अखबारों की सुर्खियां बनती रहीं है। मसरातू पंचायत की मुखिया ज्योति कुमारी ने बीते वर्ष बीईईओ कटकमदाग को पत्र लिखकर आरोपी शिक्षक के खिलाफ कार्यवाई की मांग की थी। इसकी प्रतिलिपि उपायुक्त,



कटकमदाग बीडीओ व थाने को भी दी थी। मीडिया के भारी दबाव व जनाक्रोश को देखते हुए घटना के लगभग 40 दिनों बाद शिक्षक धनंजय कुमार को आखिरकार डीएसई ने निलंबित कर दिया था। इससे पहले बीईईओ कटकमदाग ने भी अपनी जांच में शिक्षक पर लगाए गए आरोप को सही पाया था। लेकिन उनकी रिपोर्ट के बाद भी उन्हें निलंबित करने में लगभग डेढ़ माह लग गए। बता दें कि मुखिया ने भी शिक्षक धनंजय कुमार पर छात्रा से छेड़छाड़, विद्यालय का कबाड़ बेचने व प्रतिपूर्ति भत्ता के वितरण में अनियमितता का आरोप लगाया था। आरोपों की जांच के लिए गठित टीम के पास कई अहम साक्ष्य मौजूद होने के बाद भी उन्हें आरोप मुक्त करना चर्चा का विषय बना हुआ है। लोग इस जांच को महज आइवॉश कह रहे हैं।

# इचाक में बिजली की तार चोरी करते दो युवक धराये

## ग्रामीणों ने पीटकर किया अधमरा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**इचाक।** लुंदरू गांव में बिजली के तार चोरी कर रहे गए दो चोरों को ग्रामीणों ने रंगे हाथ धर दबोचा। जानकारी के अनुसार लुंदरू गांव में रविवार रात करीब 12:00 बजे 4-5 मोटरसाइकिल से 8-10 युवक गांव में आकर कुछ संदिग्ध गतिविधि करते नजर आए और गांव होते हुए ढकनी पोखर और बंडा आहार की तरफ बढ़े वहां जाकर बिजली के पोल में लगे तार को काटने लगे कुछ देर बाद बिना नंबर प्लेट लगा एक पिक अप वैन और एक सफेद रंग का बोलेरो गांव के अंदर घुसा। चोरों की गतिविधि से ग्रामीणों की नींद खुल गई और उन्हें समझते देर नहीं लगी कि हर बार की तरह इस बार भी चोर तार की चोरी करने आए हैं। उन्होंने तत्परता दिखाते हुए पहले गांव से निकलने वाले सभी रास्ते को अवरुद्ध कर दिया और



दो चोर को रंगे हाथ धर दबोचा और जमकर पिटाई कर डाली। ग्रामीणों की आहट पाकर बाकी चोर खेत के रास्ते कटे तार को लेकर फरार हो गए। और जाते जाते तार को तिउज जंगल में फेककर भाग खड़े हुए। पकड़े गए चोरों की पहचान दारू थाना क्षेत्र के चोरिया गांव निवासी शत्रुघ्न सिंह उर्फ सत्तो सिंह के पुत्र डब्लू सिंह (32) और नंदकिशोर सिंह के पुत्र नीरज कुमार सिंह (30) के रुप में की गई है। वहीं घटना स्थल से एक बाइक (जेएच 02बीडी 4801) भी बरामद किया गया। चोर पकड़े जाने की सुचना पूरे क्षेत्र में जंगल में लगी आग की तरह फैल गई। चोर को देखने ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह होते ही मुखिया प्रतिनिधि महेंद्र कुमार दास, पंसस मालती देवी, पंसस प्रतिनिधि मनोज यादव, समाजसेवी कृष्णा यादव, वार्ड सदस्य बिरेंद्र यादव समेत कई लोग घटनास्थल पर पहुंचे। और घटना की सूचना इचाक थाना और बिजली विभाग को दिया। सुचना पाकर जेई अमित कुमार शर्मा इचाक पुलिस को लेकर घटना स्थल पर पहुंचे और आरोपियों को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया।

### पेड़ की सुरक्षा सभी का दायित्व : जगतार

**भुरकुंडा।** विश्व पर्यावरण दिवस पर समाज सेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच ने सोमवार को भुरकुंडा के विभिन्न क्षेत्रों में पौधारोपण कर इसके संरक्षण का संकल्प दिलाया। इस दौरान मंच के लोगों ने एक पौधा सौ जिंदगी का नारा बुलंद करते हुए भुरकुंडा मध्य विद्यालय, भुरकुंडा सब्जी बाजार स्थित रेलवे लाइन सहित अन्य जगहों पर गुलमोहर का पौधा लगाया। साथ ही लोगों को जागरूकता भरा संदेश देते हुए सबों से पौधारोपण कर इसके संरक्षण का आह्वान किया। मंच के संस्थापक जगतार सिंह व अध्यक्ष डब्लू सिंह ने कहा कि पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी मानव जीवन भी सुरक्षित रह सकेगा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा हमसबों का दायित्व है। श्री सिंह ने कहा कि प्रत्येक मनुष्य को अपने जीवन काल में कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। मौके पर डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, इम्तियाज अली, रिंकू वर्णवाल, विनय मिश्रा, रेणुका देवी आदि मौजूद थे।

### पौधे का संरक्षण बेहद जरूरी : मनोज पाठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सोमवार को भुरकुंडा पीओ अफिस में पौधारोपण कार्यक्रम का हुआ। इसका शुभारंभ भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी मनोज कुमार पाठक ने पौधारोपण कर किया। मौके पर पीओ मनोज पाठक ने कहा कि एक पेड़ सौ पुत्र के समान होता है, इसलिए सबों को अपने जीवन काल में कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी मानव जीवन भी सुरक्षित रह सकेगा। पीओ श्री पाठक ने कहा कि पौधा लगाना ही काफी नहीं इसका संरक्षण बेहद जरूरी है। उन्होंने उपस्थित लोगों से कम से कम एक-एक पौधे लगाकर इसका संरक्षण करने का आहवान किया। मौके पर मैनेजर आरके वर्णवाल, पर्सनल मैनेजर जन सिंह, कोल् फील्ड मजदूर यूनियन सेक्रेटरी पप्पू सिंह, सहित कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

## नि:शुल्क कानूनी सलाह लोगों का संवैधानिक अधिकार : इंदवार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** प्रखंड भवन स्थित सभागार में मन का मिलन पखवाड़ा के तहत एक दिवसीय मध्यस्थता जागरूक अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डालसा के मीडियेटर के.के वर्मा, एलएलडीसी विकास सोनी, बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, सांसद प्रतिनिधि डोमन पांडेय,प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, पंसस जीतू ठाकुर, सीडीपीओ नीलू कुमारी, बीएओ आजाद सिंह, एमओ मुकेश कुमार सिंह ने कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

बीडीओ सी.आर. इंदवार ने बताया कि नि:शुल्क कानूनी सलाह का अपने संविधान में जिक्र है, इसी कारण लोगों को नि:शुल्क कानूनी जागरूकता अभियान चलायी जा रही है। डालसा के मीडियेटर के.के. वर्मा ने बताया कि मध्यस्थता एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें शामिल होने वाले पक्षकारों के अनुसार से ही

मन का मिलन को लेकर बरही प्रखंड कार्यालय में लगा शिविर



उनके भी सुलह कराकर मामले का समाधान किया जाता है। इस प्रक्रिया के तहत पक्षकार अपने मामलें में निर्णय लेने के लिए पूरी तरह से स्वतंत्र होते है। उन पर किसी प्रकार का दबाव नही बनाया जाता है। कार्यक्रम के दौरान 40 लाभुकों को राशन कार्ड, पेंशन स्वीकृति 16, मनरेगा जॉब कार्ड 3, मृदा नमूना 64, एक विकलांग व्यक्ति को व्हील चेयर दिया गया। मौके पर पीएलवी पंकज कुमार, उपमुखिया मनोज उपाध्याय, प्रशांत कुमार, सिकंदर कुमार, दीपक कुमार, पायल कुमारी, सुनीता कुमारी, प्रियंका , चंदन कुमार, मो परवेज, मोहन कुमार सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## हजारीबाग में करप्शन एंड क्राइम इन्वेस्टिगेशन का सम्मान समारोह

**हजारीबाग।** करप्शन एंड क्राइम इन्वेस्टिगेशन एसोसिएशन के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम करने के पीछे उद्देश्य यह था कि हमारे देश में भ्रष्टाचार और अपराध कम होने के बजाय दिन प्रतिदिन बढ़ते ही जा रही है, इसके रोकथाम करने की मुद्दों पर संस्था के लोगों ने अपनी अपनी बातें रखी। जिसकी अध्यक्षता एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गुप्ता एवं राज्य अध्यक्ष आनंद कुमार ने किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में हजारीबाग मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे। संस्था के आगे भविष्य में कैसे काम करेगी इस पर भी दिशा निर्देश दिया गए, संस्था का उद्देश्य गरीब असहाय लोगों की मदद करना, उनको मानवाधिकार एवं कानून की जानकारी प्रदान करवाना, राष्ट्रीय आपदाओं में सरकार के साथ खड़े होना, अनाथ बच्चों का भरण पोषण एवं पढ़ाई लिखाई की व्यवस्था करवाना, विधवा एवं वृद्ध लोगों के लिए विद्याश्रम खोलकर सेवा प्रदान करना, बाल सुधार केंद्र, नशा मुक्ति केंद्र खोलकर लोगों की मदद करना। संस्था 8 राज्यों में कार्यरत है आने वाले समय में यह पूरे भारतवर्ष में कार्य करेगी और लोगों सेवा प्रदान करेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय महा सचिव अरिंदम बैनर्जी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र तिवारी, मनोज कुमार, मोहम्मद जहीरूद्दीन, स्वीटी कुमारी, सावित्री देवी, शाहिद खान बिहार से राजकिशोर प्रसाद ठाकुर, रामकुमार, रांची से निधि ठाकुर, उपेंद्र ठाकुर इत्यादि लोगों ने मौजूद थे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गुप्ता ने किया।

# जिंदल स्टील एंड पावर ने लगाये 150 फलदार पौधे



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जिंदल स्टील एंड पावर पतरातु में सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिंदल महिल क्लब पतरातु की अध्यक्षा नन्दा अजमेरिया ने सिक्युरिटी पार्क के समीप पौधारोपण कर किया। नन्दा अजमेरिया ने कहा कि पौधे देवता का स्वरूप है ये हमें फल, छाया और जीवनदायनी अक्सीजन भी प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी मानव जीवन भी सुरक्षित रह सकेगा। इस दौरान 150 फलदार और छायादार पौधा लगाकर इसके संरक्षण का सामुहिक संकल्प लिया गया। मौके पर जेएसपी पतरातु के विभिन्न विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे। इधर जिंदल स्टील एंड पावर पतरातु के सीएसआर विभाग ने झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रोमोशन सोसायटी पतरातु प्रखण्ड के साथ ग्राम किन्नी, घाघरा के महिला उत्पादक समूह के 92 सदस्यों के बीच फलदार पौधा का भी वितरण किया। सभी सदस्यों ने विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर हरित एवं स्वस्थ पर्यवरण के लिए शपथ ग्रहण ली। वहीं ओपी जिंदल कम्युनिटी कलेज पतरातु के प्रशिक्षणार्थियों, कर्मचारियों तथा प्रिंसिपल ने मिलकर कलेज परिसर में 400 से ज्यादा फलदार पौधे लगाकर इसके संरक्षण के प्रति जागरूक किया।

### सुरक्षित जीवन के लिए पौधारोपण जरूरी : जीएम

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सोमवार को सीसीएल आदर्श क्षेत्रीय अस्पताल भुरकुंडा में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत बरका-सयाल जीएम अजय सिंह व यूनियन प्रतिनिधियों ने पौधारोपण कर किया। इस दौरान सीसीएल के अधिकारियों व यूनियन प्रतिनिधियों ने भी अस्पताल परिसर में दर्जनों छायादार व फलदार पौधे लगाकर इसके संरक्षण का सामुहिक संकल्प लिया। मौके पर जीएम अजय सिंह ने कहा कि पर्यावरण सुरक्षा हमसबों का दायित्व है। पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी मानव जीवन भी सुरक्षित रह सकेगा। उन्होंने सबों से कम से कम एक पौधा लगाकर इसके संरक्षण करने की अपील की। मौके पर जीएम अजय सिंह, भुरकुंडा पीओ मनोज पाठक, जीएम अपरेशन बिनोद कुमार, एसओपी ए कुमार, एसओ ईएंडएम अमरेंद्र कुमार, एरिया मेडिकल अफिसर ड. एचके सिंह, ड. नदीम अनवर, एसओ सेफ्टी राजेश कुमार, एरिया पर्यावरण पदाधिकारी रमन नितेश, रितेश रमन, वंदना लाल, झामुमो के केंद्रीय सचिव सह राज्य



परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव बेदिया, सतीश सिन्हा, बिंध्याचल बेदिया, सुखदेव प्रसाद, बासुदेव साव, दशरथ कुर्मी, हरिनाथ महतो, अर्जुन सिंह, आरएन सिंह, नरेश मंडल, विकास कुमार, बीबी प्रसाद, संजय मिश्रा, प्रमोद राय, अशोक शर्मा, पप्पू सिंह, संजय वर्मा, इंद्र भूषण राम, संजय यादव, शौकत अंसारी, चमन मुंडा, महेंद्र सिंह, फारुख रजा, जावेद असलम, ललन प्रसाद, सत्यनारायण ठाकुर, आरके वर्णवाल, ललन सिंह, मुकेश राउत, शशि दुसाध, जेपी सिंह, गुरजीत सिंह सहित दर्जनों अधिकारी, यूनियन प्रतिनिधि व अस्पताल कर्मी मौजूद थे।

## एक नजर में

### पर्यावरण संरक्षण को लगायें पेड़ : शैलेश कुमार

**बरही।** पंचमाधव में संचालित सीबीएसई से निबंधित आईलेक्स पब्लिक स्कूल में पर्यावरण संरक्षण को लेकर पूरे गर्मी की छुट्टी के दिन बच्चों और शिक्षको के लिए पाठ्यक्रम विषयों के अलावे जीवन पर आधारित विषयों पर टास्क दिए गए। निदेशक शैलेश कुमार ने पर्यावरण को लेकर एक महत्वपूर्ण संदेश देते हुए कहा कि अपने और आगे आने वाली पीढ़ी के लिये पर्यावरण को संतुलित करने हेतु सिर्फ एक दिन नहीं बल्कि जब संभव हो तब पौधा लगाने का कार्य करना चाहिए।विकास की इस अंधी दौड़ के बीच पर्यावरण को रौंदने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर हमें अपनी आने वाली पीढ़ी को अच्छा भविष्य देना है तो प्रकृति की ओर लौटना ही अंतिम विकल्प है। उन्होने पर्यावरण की रक्षा के लिए सभी लोगों से अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाने का आग्रह किया।




### एनटीपीसी में मना विश्व पर्यावरण दिवस

**बड़कागांव ।** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर सीकरी साइट स्थित कार्यालय परिसर में मिशन लाइफ एवं विश्व पर्यावरण दिवस की शपथ को लेते हुए अधिकारियों ने पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत अशोक कुमार यादव, क्षेत्रीय अधिकारी झारखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के परियोजना प्रमुख नीरज जलोटा के द्वारा कर्मचारियों को शपथ दिलाने के साथ की गई। इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस की थीम प्लास्टिक प्रदूषण का समाधान है। मौके पर अशोक कुमार यादव एवं नीरज जलोटा के अलावा सभी विभागों के विभागाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### रेन्बो स्कूल के बच्चों ने किया पौधरोपण

**बरही।** विश्व पर्यावरण दिवस पर शिवपुर गडलाही में संचालित रेन्बो स्कूल के बच्चों ने पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित पेंटिंग भी बनाए। छात्र छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण व वृक्ष के कटाव से वातावरण में होने वाले परिवर्तनों को चित्र के माध्यम से दर्शाया। विद्यालय के निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि लगातार बढ़ रहे पर्यावरण के खतरे को देखते हुए हमें सभी को सचेत रहने की जरूरत है। हमें वातावरण को शुद्ध बनाने के लिए साफ-सफाई के साथ-साथ ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधों की कमी से निरंतर पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण बहुत जरूरी है। पौधारोपण एवं पेंटिंग करने वालों मे लवली कुमारी, अरवज हुसैन, टाइगर रौशन, टाइगर श्रवण, चमेली कुमारी, दीपिका, यूसुफ अंसारी आदि है।



### श्रीदास इंटरनेशनल स्कूल में पेंटिंग प्रतियोगिता

**बरही।** देवचन्दा मोड़ स्थित श्रीदास इंटरनेशनल स्कूल में पर्यावरण दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिता के माध्यम से हरियाली को प्रमुखता दिया गया।संदेश को देते हुए बच्चों ने बताया कि पेड़ पौधे मनुष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है।इसके माध्यम से हम सभी जीव जंतु जीवित है।इन पेड़ पौधों के द्वारा दिया गया ऑक्सीजन हमसभी के लिए जरूरी है। विद्यालय निदेशक रोहित सिंह ने बताया कि पेड़ पौधे पर्यावरण को संतुलित रखने में अहम भूमिका निभाते है।विद्यालय में ग्रीष्म कालीन अवकाश होने के बावजूद भी बच्चों और शिक्षकों ने पर्यावरण के प्रति अपने जिम्मेदारी को समझते हुए इस पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण पर जागरूकता से संबंधित कई प्रकार के पोस्टर मेकिंग और पेंटिग प्रतियोगिता आयोजित किए। इस कार्यक्रम में रिया रानी, कल्पना कुमारी, परी पांडे, सुभंती, अनीशा, प्रिंस कुमार आदि ने भाग लिया।

### अडाणी फाउंडेशन ने मनाया पर्यावरण दिवस

**बड़कागांव।** अडाणी फाउंडेशन ने सोमवार को बड़कागांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। इस अवसर पर केंद्र परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर बीएन प्रसाद ने कहा कि अडाणी फाउंडेशन ने पर्यावरण दिवस मनाने के लिए अस्पताल परिसर को चुना, इसके लिए वे उनके शुक्रगुजार हैं। अडाणी फाउंडेशन जो पौधे यहां लगा रहा है, वह सिर्फ छायादार ही नहीं है बल्कि फलदार भी है। यह पौधे बड़े होकर हमारे परिसर को हरा-भरा कर देंगे। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और अगली पीढ़ी के लिए पर्यावरण बचाने की अपील की। कार्यक्रम में पिछले दिनों अदाणी फाउंडेशन के द्वारा आयोजित किए गए ड्राइंग कंपटीशन और स्लोगन कंपटीशन के विजेताओं को भी पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर गोंदलपुरा खनन परियोजना के प्रमुख धर्मेंद्र दुबे, महाप्रबंधक आलोक कुमार, उप महाप्रबंधक संजय कुमार, सीएसआर प्रबंधक मोहित कुमार गुप्ता और पर्यावरण प्रबंधक अर्श तिवारी समेत बड़ी संख्या में महिलाएं और ग्रामीण मौजूद थे।

### बरही में डायरिया पखवाड़ा का शुभारंभ

बरही। अनुमंडलीय अस्पताल बरही के तत्वाधान में सघन डायरिया पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम 5 जून से 17 जून तक क्षेत्र में संचालित रहेगा।अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, प्रमुख मनोज रजक, मुखिया यास्मीन तबस्सुम, सीडीपीओ नीलू रानी के मौजूदगी में कार्यक्रम की शुरूवात अनुमंडलीय अस्पताल से किया गया। डीएस डॉ ज्ञानी प्रकाश ने ताया कि सघन डायरिया पखवाड़ा कार्यक्रम लगभग दो सप्ताह तक चलेगा, जिसमे सहिया दीदी सभी के घर घर जाकर बच्चो को टीका एवं महिलाओं को ओआरएस एवं जिंक देने का काम करेगी। साथ ही डायरिया अर्थात दस्त से बचने के लिए कई नियमित उपचार भी बताएंगी। मौके पर प्रधान लिपिक पंकज आजाद, बीपीएम नारायण राम, बीजेंद्र कुमार, महादेव प्रसाद आदि लोग उपस्थित उपस्थित रहे।

### एंबीशन पब्लिक स्कूल का प्रदर्शन बेहतर

विष्णुगढ़। एंबीशन पब्लिक स्कूल के सभी छात्र -छात्राएं आठवी बोर्ड की परीक्षा में ए प्लस और ए ग्रेड से सफल हुए। विद्यालय से कुल 20 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया जिसमें सभी छात्र-छात्राओ ने सफलता हासिल की ए प्लस ग्रेड लाने वाले छात्र-छात्राओं का नाम अंशी कुमारी,रिया कुमारी,सालोनी कुमारी,आरती कुमारी,अनीश कुमार,शिवम कुमार,चंदन कुमार,धीरेंद्र कुमार,मितलेश कुमार,खुशी कुमारी,अनीश कुमार है वहीं ए ग्रेड लाने वाले विद्यार्थियों में नारायण कुमार,चंदन कुमार,नितेश कुमार,करण कुमार,अभिजीत कुमार, विशाल कुमार, नीलम कुमारी शामिल है । संस्थान के निर्देशक विवेक कुमार ने सफल छात्र छात्राओं को सफलता की बधाई देते हुवें उज्जवल भविष्य की कामना की

### दो वाहनो में जोरदार टक्कर, दो घायल

**टाटीझरिया।** थाना परिसर समीप पवन चाउमिन दुकान के सामने सोमवार को दो वाहनों में जोरदार टक्कर हुआ, जिसमें दो लोग घायल हुए। टाटीझरिया उप प्रमुख रवि कुमार वर्नवाल ने कहा कि स्विफ्ट डिजायर गाड़ी वाहन संख्या जेएच 01 सीआर 5945 हजारीबाग से विष्णुगढ़ की दो लोग सवार होकर जा रहे थे कि अनियंत्रित होकर चार पहिया वाहन जे एच 09एच 0776 विष्णुगढ़ से हजारीबाग के ओर जा रही वाहन का टक्कर हुआ, जिसमे स्विफ्टमें सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोग एवं टाटीझरिया थाना प्रशासन के सहयोग से प्राथमिक इलाज के अस्पताल भेजा गया है। वही बताया जाता है कि अनियंत्रित होकर स्विफ्ट डिजायर को टक्कर मारने वाले गाड़ी के चालक गाड़ी छोड़ कर फरार हो

स्पीड न्यूज

## आंगनबाड़ी यूनियन (सीटू) ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**कोडरमा।** झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका यूनियन (सीटू) ने भीषण गर्मी को देखते हुए आंगनबाड़ी केन्द्रों में गर्मी छुट्टी के लिए सोमवार को आंगनबाड़ी यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष मीरा देवी, जिला सचिव वर्षा रानी व गीता देवी की तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर आंगनबाड़ी बच्चों के लिए गर्मी छुट्टी की मांग किया। यूनियन की ओर से ज्ञापन में कहा गया है कि पिछले कई दिनों से पूरे जिले में अत्यधिक गर्मी पड़ रही है और तापमान 40 डिग्री के उपर चल रहा है। आंगनबाड़ी केंद्र में स्कूलों से भी छोटे 3 से 6 वर्ष तक के गरीब घर के बच्चे आते हैं और जिनके पैरों में चप्पल भी नहीं होता है। जिससे आंगनबाड़ी आने-जाने में उनका पैर भी जलता है। गर्मी के कारण बच्चे भी केन्द्र में कम आते हैं और केन्द्र चलाने में काफी दिक्कत हो रही है।

## श्मशान घाट की दुर्दशा पर आरके बसंत ने किया सवाल

**कोडरमा।** सूचना अधिकार मंच के सचिव आरके बसंत ने लाखों रुपए से निर्मित अरघौती नदी के पास बनाए गए श्मशान घाट की दुर्दशा पर सवाल खड़ा किया है और कहा कि यहां पर पुख्ता इन्तजाम नहीं है, जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यहां सिर्फ एक मृत शरीर के अंतिम संस्कार की व्यवस्था है एवं दूसरा आ जाने पर पहले के संपन्न हो जाने का इंतजार करना पड़ता है। इसके साथ ही बिजली की व्यवस्था नहीं होने की वजह से शाम के समय अंतिम संस्कार में आने वालों को अंधकार का सामना करना पड़ता है। वहीं लाईट के लिए पेट्रोमेक्स या जेनरेटर की व्यवस्था लोगों को करनी पड़ती है, इसके साथ ही बैठने के लिए बनाये गये शेड के छत का एक हिस्सा गायब है।

## पेड़ को रक्षा सूत्र बांध मनाया पर्यावरण दिवस

**कोडरमा।** ग्रिजली महाविद्यालय ने गोद लिए गांव इंदरवाटाड के ग्रामीणों के साथ वृक्ष को रक्षा सूत्र बांधकर एक अनोखे अंदाज में पर्यावरण दिवस मनाया। इस अवसर पर महाविद्यालय की उपनिदेशक का डॉ. संजीता कुमारी ने ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया एवं बताया की हम किस प्रकार पेड़ पौधे का संरक्षण कर पर्यावरण को दूषित होने से बचा सकते हैं। इस उपलक्ष में ग्रामीणों द्वारा गांव में अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण में होने वाले नुकसान की भरपाई करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय की ओर से पौधे का वितरण किया गया एवं ग्रामीणों के बीच कपड़े के थैला एवं खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में व्याख्याता मृदुला भगत, नीरज कुमार, दीपक कुमार, चुन्नु कुमार के साथ-साथ ग्रामीण मुंदरी मासूमात, चंदवा मासूमात, गंगा देवी, धनेश्वरी देवी, कविता देवी, सरजू महतो एवं ग्रामीण बच्चे आदि मौजूद थे।

## उपायुक्त ने वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान ने सोमवार निर्वाचन कार्यालय स्थित वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने भारत निर्वाचन आयोग के तय मानकों के आधार पर वेयर हाउस में सुरक्षा व्यवस्था समेत अन्य का जायजा लिया। उपायुक्त ने सीसीटीवी समेत अन्य सुरक्षा मानकों की जांच किया। जांच में सीसीटीवी समेत अन्य क्रियान्वित पाए गए। इस दौरान मौके पर मुख्य रूप से उप निर्वाचन पदाधिकारी, पूर्णिमा कुमारी समेत अन्य कार्यालय कर्मी मौजूद रहे।

## मुखिया ने किया पौधारोपण

**सिमरिया।** प्रखंड के इचाक पंचायत के मुखिया कविता देवी ने अपने पंचायत वासियों के साथ पर्यावरण दिवस के अवसर पर अपने पंचायत के विभिन्न गांव में पौधारोपण किया है। मुखिया कविता देवी ने कहा कि इंसान को अपने जीवन में एक पेड़ अवश्य लगानी चाहिए। मौके पर समाजसेवी सुरेश कुमार,मुकेश कुमार,रंजीत कुमार,बसंत कुमार, गोलू कुमार, अंशु राजन के अलावा अन्य कई लोग उपस्थित थे।

# रेलवे निर्माण साईट पर हमला व आगजनी मामले का खुलासा

### हथियार बंद नक्सलियों ने मजदूरों के साथ मारपीट व पोकलेन में आगजनी कर फैलाया था दहशत

खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा थाना क्षेत्र के गांव फुलवरिया में बीते 31 मई को प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के एक दर्जन सदस्यों के द्वारा जमकर गोली बारी, गार्ड, मजदूरों के साथ मारपीट एवं पोकलेन मशीन में आगजनी कर जमकर उत्पात मचाया गया था। जिसमें टंडवा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। जिसका टंडवा थाना कांड सं.105/2023 का महज 4 दिनों के अंदर उक्त घटना का उद्भेदन करते हुये सोमवार को डीएसपी कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित कर टीएसपीसी से जुड़े दस उग्रवादी संगठन सदस्यों की पहचान एव तीन सदस्यों को गिरफ्तार करने की जानकारी दिया गया।प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से डीएसपी शंभु कुमार सिंह ने बताया की फुलवरिया कढ़नि नदी पर आईएससी प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा रेलवे पुल का निर्माण कार्य किया जा रहा है।वही बीते 31 मई को करीब 1 बजे दस से बारह की संख्या मे अपराधियो के द्वारा हथियार से लैश होकर चार से पांच राऊँड फायर करते हुये कार्य स्थल पर उपस्तिथ गार्ड एवं मजदूरो से मारपीट कर कार्य में लगे पोकलेन को जला दिया गया था।जहाँ प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी सबजोनल कमिटी के नाम से पर्चा कार्य स्थल पर फेंका गया था। उक्त घटना के चार दिन बाद उद्भेदन कर लिया गया है। चतरा पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के द्वारा टंडवा डीएसपी शंभु कुमार सिंह के नेतृत्व में विशेष एसआईटी का गठन किया गया।उक्त टीम के द्वारा अनुसंधान करते हुये तकनीकी सहयोग से लगातार छापामारी की

### तीन नक्सली गिरफ्तार



गयी। तथा कांड का उद्भेदन करते हुए संलिप्त कुल 3 अपराध कर्मियों को गिरफ्तार किया गया। घटना में प्रयुक्त जेएच 13जे 0775 मोटरसाइकिल संजय कुमार गंझु के घर से एवं प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी का 6 पर्चा मनोज गंझु के घर से बरामद किया गया है। इस कांड में महत्वपूर्ण बिषयो का वर्णन करते हुये कहा की गिरफ्तार उग्रवादी संगठन के सदस्यों नें स्वीकारोक्ति बयान में बताया की व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से छदम नाम से प्रभात जी के द्वारा इस क्षेत्र में विकास कार्यो में लगे कंपनियो, संवेदकों, कोल व्यवसायियो से लगातार रंगदारी मांगी जा रही थी। जिसकी पहचान प्रेम गंझु,पिता चमन गंझु ग्राम रहिया, थाना बरियातू, जिला लातेहार के रूप में की गयी है।इस घटना में प्रेम गंझु की मुख्य भूमिका प्रकाश में आई है। टीपीसी संगठन के प्रभात जी पूर्व में भी कई नक्सल कांडों में आरोप पत्रित हैं। प्रेम गंझु समेत सदस्यों को पुलिस छापेमारी लगातार कर रही है। गिरफ्तार उग्रवादी संगठन मनोज गंझु 19 वर्ष पिता वासुदेव गंझु, उर्फ फागुन गंझु, ग्राम मरंगलोईया, टोला बड़कितरि, थाना टंडवा,जिला चतरा, अर्जुन भोक्ता उम्र करीब 24 वर्ष पिता स्व. नागेश्वर गंझु, ग्राम बरवाटांड, थाना केरेडारी जिला हजारीबाग, वही अर्जुन का सगा भाई संजय कुमार गंझु 19 वर्ष का नाम शामिल है। छापामरी दल में इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह, पिपरवार थाना प्रभारी, गोविंद कुमार, पु.अ.नि. अशोक कुमार, पु.अ.नि. भोलानाथ दास, पु.अ.नि रोहित कुमार यादव, एवं रिजर्व गार्ड सैट के शश्त्र बल शामिल थे।

एक नजर में

## धरती पर सभी जीवों के अस्तित्व बनाये रखने के लिए सुरक्षा जरूरी : गणेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** विश्व पर्यावरण दिवस के तहत मिशन लाइफ के साप्ताहिक कार्यक्रम के पांचवें दिन राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान के प्राचार्य गणेश प्रसाद के नेतृत्व में विविध कार्यक्रम का आयोजन कर संस्थान के छात्र छात्राओं ने प्रति सुरक्षा का संदेश दिया। सोमवार को संस्थान के वरीय व्याख्याता राजेश कुमार के नेतृत्व में छात्र छात्राओं के द्वारा पर्यावरण बचाओ जागरूकता रैली निकाला गया, पर्यावरण से सम्बंधित तख्तियां लिए छात्र छात्राओं ने संस्थान परिसर से जागरूकता रैली निकाली, जो विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए समाहरणालय पहुंचा इसके उपरांत संस्थान के व्याख्याताओं के नेतृत्व में छात्र छात्राएं जयनगर प्रखण्ड के गोहाल में नवनिर्मित राजकीय पॉलिटेक्निक पहुंचे और लोगों को प्रति सुरक्षा का संदेश दिया। यहां प्राचार्य समेत संस्थान के व्याख्याताओं व छात्र छात्राओं ने पौधरोपण किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य श्री प्रसाद ने कहा कि देश में बढ़ती आबादी और आधुनिक जीवनशैली के कारण तेजी से वनों का क्षेत्र सिमटते जा रहा है, जिससे वन्य प्राणियों के साथ साथ मानव जीवन पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है, यह गम्भीर समस्या है, इस पर अंकुश लगाने की जरूरत है, हम सबों का दायित्व बनता है कि लोगों को इसके प्रति जागरूक करें, ताकि वनों और पेड़ पौधों की कटाई पर रोक लगे वहीं वरीय व्याख्याता राजेश कुमार ने कहा कि मनुष्य समेत सभी जीव पेड़ पौधों का अभिन्न अंग है, इसके बिना धरती पर जीवों की कल्पना करना व्यर्थ है। उन्होंने छात्र छात्राओं से जन्मदिन समेत अन्य महत्वपूर्ण दिनों को याद्गार बनाने के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण करें। मौके पर कार्यक्रम के संयोजक डॉ एसपी यादव, एसबी मिश्र, विक्रम मांझी, राहुलदेव साहा, मनोरंजन कुमार, रामानुज प्रसाद, हीरालाल कुम्हार, भूपेंद्र कुमार, नीरज कुमार पांडेय, अनु कुमारी, आकृति राज, शाहीन अख्तर, रजनी कुमारी, गौरव कुमार पांडेय, कुमार प्रिंस के अलावे भारी संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद थे।

# वूमन ट्रैफिकिंग की शिकार होने से बची दो आदिवासी लड़कियां

### लोगों ने संदिग्धों को किया पुलिस के हवाले, जांच में जुटी पुलिस



संदिग्ध लोगों को थाना ले जाती पुलिस

खबर मन्त्र संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** झारखंड में वूमन ट्रैफिकिंग का मामला तेजी से बढ़ रहा है। इस कुकृत्य में संलिप्त लोग गरीब व भोली भाली आदिवासी लड़कियों को सबसे अधिक शिकार बना रहे हैं। इसका ताजा मामला झारखंड के गढ़वा जिला से सामने आया है। यहां संदिग्ध लोगों द्वारा दो आदिवासी लड़कियों के साथ संदेहास्पद तरीके से शादी का दबाव डाले जाने का मामला देख लोगों ने संदिग्धों को पुलिस के हवाले कर दिया है। लोगों की इसी सूझबूझ के कारण उक्त दोनों लड़कियां वूमन ट्रैफिकिंग की शिकार होने से बाल-बाल बच गयी। जानकारी के अनुसार कथित दलालों द्वारा सोमवार की सुबह नगर ऊंटारी कचहरी पर बिना माता, पिता व परिजन के छत्तीसगढ़ के अम्बिकापुर से लाई गई दो आदिवासी लड़कियों को बहला-फुसला कर मध्य प्रदेश के ग्वालियर के युवक से शादी के लिए राजी कराया जा रहा था। जिसकी भनक स्थानीय लोगों को लग गयी। उसके बाद यह खबर पूरे शहर में आग की तरह फैल गयी और देखते ही देखते काफी संख्या में लोग सिविल कोर्ट जुट गये।

# विस्फोटक सामग्री का कारोबारी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**डंडई।** गढ़वा जिला अंतर्गत डंडई थाना क्षेत्र के सोनेहरा गांव से पुलिस ने विस्फोटक सामग्री का कारोबार करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। मामले में थाना प्रभारी शाबाज अंसारी ने बताया कि सोनेहरा गांव से करीब दो सप्ताह पूर्व दो व्यक्तियों के घर से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री व दो बंडल वायर बरामद किया गया था। जिसमें मनदीप प्रजापति की भी संलिप्तता थी। यह भी कारोबार में शामिल था। उस दिन से मनदीप पुलिस के गिरफ्त से बाहर था। पुलिस इसका गिरफ्तारी को लेकर छापामारी कर रही थी। सोमवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में गढ़वा भेज दिया है। ज्ञात हो कि 22 मई को पुलिस ने दो व्यक्तियों के घर से




210 विस्फोटक सामग्री व दो बंडल वायर सहित टुकड़ा वायर बरामद किया गया था। वहीं दो व्यक्तियों को जेल भेजा था। तीसरा आरोपी मंदीप था। जिसको आज पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## सदर अस्पताल में मनाया गया पर्यावरण दिवस, पौधरोपण भी किया गया



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** विश्व पर्यावरण दिवस पर सिविल सर्जन सभागार में प्रभारी सीएस डॉ. मनोज कुमार की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शामिल चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों को सम्बोधित करते हुए डॉ. मनोज ने कहा कि मानव जीवन प्रति का अभिन्न अंग है, लेकिन वर्तमान समय में प्रातिक असंतुलन ने इंसानों समेत सभी जीव जंतुओं के जीवन को प्रभावित कर दिया है, इस पर अविलम्ब अंकुश लगाने की जरूरत है, इसके लिए समाज के सभी वर्गों को आगे आना होगा, सभी लोग न केवल पेड़ पौधों की रक्षा में अपनी सहभागिता निभाएं बल्कि अपने महत्वपूर्ण दिनों को याद्गार बनाने के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण करें। वहीं एसीएमओ डॉ. पी मिश्रा ने कहा कि पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने की जरूरत है, ताकि पेड़ पौधों की अंधाधुंध कटाई पर रोक लग सके। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल परिसर में पौधरोपण कर प्रकृति सुरक्षा का संदेश दिया गया। मौके पर डॉ. कुलदीप कुमार, डॉ. शरद कुमार डॉ. संदीप कुमार, डॉ. विकाश चौधरी, दीपेश कुमार, सिद्धान्त ओहदार, राजीव रंजन, सुनील कुमार, अजीत कुमार, संजय वर्मा, श्याम कुमार, अंजली कुमारी, सुलोचना कुमारी, शम्भू कुमार, प्रकाश कुमार रवि, मुकेश राणा, आदित्य कुमार, पवन कुमार, महेशवर प्रसाद ठाकुर, कन्हैया कुमार आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर पखवाड़ा का आयोजन




मंचासीन पीएलवी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा अध्यक्ष के आदेशानुसार विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिले के रंका प्रखंड अन्तर्गत सिरोईखुर्द पंचायत के मझिगवा ग्राम में मन का मिलन पखवाड़ा मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पीएलवी कृष्णा नन्द दुबे ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर पीएलवी श्री दुबे ने पर्यावरण शब्द का निर्माण जलवायु, स्वच्छता, प्रदूषण और पेड़ से बना है पर जानकारी दी। साथ ही लापरवाह ड्राइविंग, निःशुल्क विधिक सहायता, मध्यस्थता डायन भूत अधिनियम, लोक अदालत, स्थाई लोक अदालत पीड़ित मुआवजा, घरेलू हिंसा आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। मौके पर मुख्य रूप से पीएलवी संगीता सिन्हा, मुरली श्याम तिवारी, जेएसएलपीएस के सुनील पाण्डेय सहित काफी संख्या में महिला, पुरुष व बच्चे उपस्थित थे।

### धरती पर जीवन की सुरक्षा के लिए पेड़ पौधों की सुरक्षा जरूरी : अकेला

# पेड़ पौधों के साथ पहाड़ों के दोहन को रोकने की जरूरत है : डॉ नीरा

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** विश्व पर्यावरण दिवस पर वन प्रमण्डल विभाग द्वारा मिशन लाइफ के तहत स्थानीय ध्वजाधारी धाम परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव, बरही विधायक उमाशंकर अकेला व विशिष्ट अतिथि उपायुक्त आदित्य रंजन समेत अन्य आगंतुक अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक डॉ. नीरा यादव ने कहा कि पर्यावरण दिवस पर वनों की रक्षा का प्रण लेने की जरूरत है, पेड़ पौधों के बिना धरती पर जीवों की कल्पना करना व्यर्थ है। उन्होंने कहा कि पेड़ पौधों के साथ साथ पहाड़ों और नदियों के दोहन पर भी



रोक लगाने की जरूरत है, इसके लिए समाज के सभी वर्गों के लोगों को आगे आने की जरूरत है, उन्होंने आमजनों से वाटर प्यूरीफायर के वेस्टेज पानी को सदुपयोग करने की अपील की। वहीं बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से पर्यावरण असंतुलित होते जा रहा है, जिसका असर हम सबों पर पड़ रहा है, उन्होंने कहा कि बिना पेड़ पौधों के धरती पर जीवों की कल्पना करना व्यर्थ है। वहीं उपायुक्त श्री रंजन ने कहा कि कोडरमा में पर्यावरण बेहतर हो इसके लिए कई कदम उठाए गए हैं, जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पौधारोपण का कार्य बड़े पैमाने पर किया जा रहा है, जिले में जल संरक्षण और पौधारोपण का कार्य वन विभाग के अलावे मनरेगा समेत अन्य विभागों से किया जा रहा है। उन्होंने आमजनों से इस मुहिम में सहयोग करने, पेड़ पौधों की रक्षा करने, अधिक से अधिक पौधरोपण करने, जल संरक्षण के दिशा में कार्य करने की अपील की है। वहीं एसपी कुमार गौरव ने कहा कि पर्यावरण सुरक्षा के लिए सभी लोगों को आगे आने की जरूरत है।

## सृजन महिला विकास मंच के द्वारा किशोरियों को कंप्यूटर प्रशिक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** सृजन महिला विकास मंच के द्वारा किशोरियों को कंप्यूटर प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है। वहीं गिरिडीह रोड स्थित प्रशिक्षण केंद्र में शिक्षक विनोद कुमार सिंह के द्वारा डीसीए कोर्स कराया जा रहा है। साथ ही संस्था के द्वारा संचालित बालिका सशक्तिकरण परियोजना के तहत चौदह गांव में जबरन शादी, घरेलू हिंसा को रोकने पर कार्य कर रही है। साथ ही किशोरियों में लीडरशिप लाने के लिए फुटबल, कराटे लाइफ स्किल पर ट्रेनिंग के लिए स्कॉलरशिप दिया जाता है, ताकि किशोरियों का ड्रॉप आउट न हो। कंप्यूटर कोर्स में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली किशोरियों में संजना कुमारी, प्रियंका कुमारी, मायावती कुमारी, भावना कुमारी, खुशबू कुमारी, मोनिका कुमारी, रीता कुमारी, रिमी कुमारी, रिया कुमारी, ज्योति कुमारी, दीप्ति कुमारी आदि शामिल हैं।

### गढ़वा में पर्यावरण संरक्षण के लिए मिशन लाइफ का आयोजन

# पर्यावरण हित में पदाधिकारियों ने लिया अपनी जीवन शैली को बदलने का शपथ

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** विश्व पर्यावरण दिवस पर गढ़वा के प्रशासनिक पदाधिकारियों ने ऐसा निर्णय लिया जो गढ़वा के इतिहास में अंकित होने लायक है। डीसी की अध्यक्षता में आयोजित विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर पदाधिकारियों ने पर्यावरण की रक्षा के लिए अपनी दैनिक जोवन शैली में बदलाव करने का शपथ लिया है। इस माध्यम से एक बड़ा सन्देश देने का प्रयास किया गया कि हमारे दैनिक जीवन शैली से भी पर्यावरण को नुकसान हो रहा है। डीसी शेखर जमुआर की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभा कक्ष में आयोजित विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण पर बल दिया गया और उसके लिए हर वह प्रयास करने की अपील की गई जिससे पर्यावरण की रक्षा की जा सके। इस मैके पर डीसी ने पर्यावरण की महत्ता, पर्यावरण की



शपथ लेते पदाधिकारी

रक्षा और पूरे विश्व मे पर्यावरण को बचाने के लिए चलाए जा रहे मुहिम की विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण हेतु पूरे विश्व में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र ने पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर राजनीतिक और सामाजिक जागृति लाने हेतु वर्ष 1972 में की थी। पर्यावरण संरक्षण को लेकर हमें तत्पर होकर कार्य करने की आवश्यकता है। डीसी ने कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों एवं ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी को एक मुहिम के तहत आमजनों को पौधा रोपण हेतु प्रेरित करने एवं जिले के सभी सरकारी भवनों, तालाबों एवं अस्पतालों के आसपास पौधारोपण करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रोजेक्टर के माध्यम से मिशन लाइफ का भी प्रसारण किया गया जिसमें पर्यावरण की सुरक्षा के लिए व्यक्तिगत और सामुदायिक कार्यवाही को बढ़ावा देने तथा प्राचीन ज्ञान से सीख लेकर प्रकृति के साथ समन्वय बनाते हुए सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन करने की बात कही गई। वहीं प्रकृति के संरक्षण और रक्षा के लिए सदैव तैयार रहने पर बल दिया गया। इस मौके पर डीसी शेखर सहित सभी पदाधिकारियों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ लिया। शपथ ग्रहण करते हुए उपायुक्त संग सभी पदाधिकारियों ने कहा कि मैं पर्यावरण की रक्षा के लिए अपनी दैनिक जीवन शैली में हर संभव बदलाव करने का वचन देता हूं।

मैं अपने दोस्तों, परिवार और अन्य लोगों को पर्यावरण के अनुकूल आदतों के महत्व के बारे में लगातार याद दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हूँ। मैं एक उदाहरण के रूप में सेवा करने का वचन देता हूं कि कैसे एक पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली हमारे ग्रह और लोगों को सकारात्मक रूप से प्रभावित करेगी। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी, शशि कुमार, अपर समाहर्ता, पंकज कुमार सिंह, निदेशक डीआरडीए, दिनेश प्रसाद सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा, राज महेश्वरम, अनुमंडल पदाधिकारी रंका, रामनारायण सिंह, सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी, मिथिलेश केरकेट्टा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पाण्डेय, नजारात उप समाहर्ता नीलेश मुर्मू, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी, जिला योजना पदाधिकारी संजीव कुमार सिंह, जिला उद्यान पदाधिकारी शिव शंकर कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद गढ़वा सुशील कुमार, जिला नियोजन पदाधिकारी नीरज कुमार, डीपीएम जेएसएलपीएस सुशील दास, सहायक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल मुकेश कुमार समेत अन्य कई विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## जन वितरण विक्रेता संघ ने दिया नौ सूत्री मांग को लेकर महाधरना



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** फेयर प्राईस शॉप डीलर्स एसोसिएशन प्रदेश के निर्देशानुसार पूरे झारखंड में जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय परिसर में अपनी 9 सूत्री मांग को लेकर महाधरना प्रदर्शन आयोजन किया गया। कोडरमा जिला के सभी प्रखंड के जन वितरण विक्रेतागण दिन 11 बजे से 3 बजे तक धरना दिये। उपायुक्त के माध्यम से महामहिम राज्यपाल के नाम अपनी 9 सूत्री मांगों को ज्ञापन सौंपा गया। इस महाधरना प्रदर्शन की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष गोपाल कुमार गुतुल ने की। वहीं उन्होने कहा कि जन वितरण विक्रेतागण कि समस्याएं इस प्रकार है। जिले में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना को चला रहे हजारों जन वितरण विक्रेता और स्वयं सहायता समूह के सदस्य आर्थिक संकट का सामना करते हुए व्यवस्था में भी विभिन्न समस्याओं को लगातार झेलते आ रहे हैं, जिसे राज्य सरकार के समक्ष गुहार लगाते रहने के बावजूद भी कोई संज्ञान नहीं लेने से सभी विक्रेता आहत हैं। मौके पर राजेंद्र सिंह, बासदेव पांडेय, जूही दास, पवन पांडेय, डोमन मेहता, सुरेश पांडेय, मनोज पाण्डेय, कौसर खान, द्वारिका कुमार, राम लखन यादव, विकास कुमार, विनोद कुमार बरनवाल, महानंद सिंह, अशोक कुमार, रंजीत कुमार, मनोज कुमार, हरजीत सिंह, सैकड़ों की तादाद में पूरे जिला के विक्रेता मौजूद थे।

पीड़ित परिवारों ने बीस सूत्री सदस्य को आवेदन सौंप न्याय की लगायी गुहार, इतनी भारी मात्रा में विस्फोटक कहां से आया, बना हुआ है सवाल

# पुल निर्माण कार्य में ठेकेदार ने किया था एक साथ 45 विस्फोट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** मंगरा में पिछले दिनों हुए डायनामाइट विस्फोट से क्षतिग्रस्त हुए मकानों के पीड़ित परिवारों ने रविवार को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव के नाम जेएमएम नेता सह प्रखण्ड बीस सूत्री सदस्य शशि भूषण तिवारी और महबूब आलम को हस्ताक्षर युक्त आवेदन सौंप पूरे मामले में निर्माण कार्य एजेंसी राजवीर कंस्ट्रक्शन और संवेदक विनय कुमार शर्मा पर उचित कारवाई की गुहार लगाई है। हालांकि घटना के बाद बरवाडीह पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है, और घटना में घायल और हताहत हुए परिवारों और उनके क्षतिग्रस्त मकानों का आकलन कर रही हैं। इधर रविवार की शाम जेएमएम जिला अध्यक्ष मोती नाथ सहदेव के निर्देश पर शशि भूषण तिवारी और महबूब आलम ने घटनास्थल का जायजा लेने के साथ पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। इस दौरान ग्रामीणों ने उन्हें आवेदन सौंप न्याय की गुहार लगाई। जहां शशि भूषण तिवारी ने



क्षतिग्रस्त मकानों का जायजा लेती पुलिस

ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि कार्य एजेंसी और संवेदक पर निश्चित रूप से कारवाई होगी। पुलिस प्रशासन मामले को लेकर पूरी तरह गंभीर है। वहीं उन्होंने ग्रामीणों के समक्ष ही विशेष प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता संजय कुमार से दूरभाष पर वार्ता कर मामले के संबध में पूछताछ की। श्री तिवारी ने बताया कि कार्यपालक अभियंता ने भी मामले में उचित कारवाई करने की बात कही है। आखिर किसकी अनुमति से किया गया विस्फोट : जानकारी देते चलें कि मंगरा पंचायत के अमडीहा मार्ग पर धड़धड़ी नदी में मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना मद से ग्रामीण विकास विभाग के तहत चल रहे पुल निर्माण कार्य में पत्थर तोड़ने के लिए संवेदक द्वारा अवैध तरीके से बगैर किसी को सूचना दिए एक साथ 45 डायनामाइट विस्फोट किया गया था। जिससे लगभग एक किलोमीटर के दायरे में भूकंप जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई थी। जिससे कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं दो लोग घायल भी हुए है। विस्फोट के दौरान विभाग के कनीय अभियंता या कोई भी पदाधिकारी कार्य स्थल पर मौजूद नहीं थे। उधर सवेंदक द्वारा इतनी मात्रा में विस्फोटक कहां से लाया गया और किसकी अनुमति से विस्फोट किया गया। इन सवालों के जवाब ढूढने में भी प्रशासन लगी हुई हैं।

## कार अनियंत्रित होकर हुई दुर्घटनाग्रस्त, तीन घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू/बालूमाथ।** बालूमाथ-चतरा मुख्य पथ में सोमवार को गोनिया ग्राम के पास तीखे मोड में एक ऑल्टो कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में कार में सवार पति-पत्नी समेत बेटी तीन लोग घायल हो गए। घायलों में विकास कुमार 40 वर्ष पिता कमला प्रसाद सिंह,रंजू देवी 38 वर्ष पति विकास कुमार सिंह,अंशिका सिंह 12 वर्ष पिता विकास कुमार सिंह लोहरदगा निवासी शामिल है। दुर्घटना के बाद सभी घायलों को ग्रामीणों की मदद से बालूमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेश राम की देखरेख में प्राथमिक उपचार किया गया। उक्त सभी लोग लोहरदगा से इमामगंज बिहार शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे।

## मैजिक वाहन के चपेट मे आने से पांच वर्षीय बालक की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** थाना क्षेत्र अंतर्गत राजगुरु ग्राम निवासी अशोक साव के 5 वर्षीय पुत्र हिमांशु कुमार की मैजिक वाहन के चपेट मे आने से शनिवार शाम को मौत हो गई। घटना के संबंध मिली जानकारी के अनुसार अशोक साव परिवार का जीवन यापन के लिए मुर्गी पालने का काम करते हैं। गाँव के ही मैजिक वाहन से मुर्गी को खिलाने के लिए चारा मंगवाए थे। चारा उतार कर मैजिक वापस निकल रहा था तभी पीछे का पहिया बच्चा पर चढ़ गया। आनन फानन मे परिजनों ने हिमांशु को सीएचसी बालूमाथ ले गए लेकिन चिकित्सक सुरेंद्र कुमार ने मृत घोषित कर दिया। अचानक हुए हादसे के बाद परिजनों में मातम पसरा हुआ है।



मृतक बच्चे का शव बारियातू पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया। ज्ञात हो की अशोक साव का तीन पुत्री के बाद मात्र एक ही पुत्र था।

## जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ के फुलसु ग्राम में सोमवार की सुबह पारिवारिक विवाद में एक व्यक्ति ने जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। घटना के सम्बंध में मिली जानकारी के अनुसार बजरंगी राम 40वर्ष पिता स्व. किशोर राम ग्राम फुलसु थाना बारियातु निवासी का अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर कहासुनी हुई। जिसके बाद आवेश में आकर बजरंगी ने घर मे रखा कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। घटना के बाद परिजनों के सहयोग से उसे बालूमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉ. अमरनाथ प्रसाद की देखरेख में प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया।

## अध्यक्ष दीपक यादव के नेतृत्व में राजद की हुई बैठक



बैठक में उपस्थित राजद कार्यकर्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

बालूमाथ। झारखंड राजद युवा प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव आह्वान पर बालूमाथ राजद युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक यादव के अध्यक्षता में राजद कार्यकताओं की एक बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से संपूर्ण क्रांति दिवस के तहत समाज के सभी वर्गों का सामाजिक,आर्थिक एवं राजनीतिक जागरूकता के बारे में विस्तार से चर्चा किया गया ।बैठक में मजदूर प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मनोज यादव,दलित प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष तुलसी राम,वरिष्ठ राजद नेता श्याम सुंदर यादव,बबलू यादव,राजेंद्र मुंडा अवध बिहारी यादव, हरिलाल गंझु, निर्मल यादव, पिंटू केसरी, राजेश यादव, रामदेव महतो, ईश्वर महतो आकाश, अर्जुन राम, चिरंजीवी यादव, राजेश यादव, विक्रम यादव सहित कई राजद कार्यकर्ता उपस्थित थे।

एक नजर में

## छात्रों को छलने का कार्य कर रही है महाविद्यालय प्रशासन : अभाविप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** झारखंड प्रांत के लातेहार जिला अंतर्गत सुदूरवर्ती क्षेत्र मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित एकमात्र सरकारी डिग्री महाविद्यालय में छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना जैसे कि एक परंपरा सी हो गई है पूर्व में भी डिग्री महाविद्यालय में छात्रों के भविष्य को अंधकार में झोंकने का प्रयास किया गया है, पूर्व में महाविद्यालय के द्वारा छात्रों को छलने का पूरा प्रयास किया गया है, चाहे वह शिक्षकों की नियुक्ति का मामला हो या फिर महाविद्यालय में बने पुस्तकालय को खोलने का मामला हो, वर्तमान में भी महाविद्यालय प्रसाशन के द्वारा कुछ ऐसे ही कृत्य किये जा रहे हैं।

जिससे छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो चुका है। महाविद्यालय में नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद सभी विषयों के पाठ्यक्रम में कई तरह के बदलाव हुए है सत्र 2022-2026 के छात्रों का पढ़ाई भी नई शिक्षा नीति पर आधारित है, महाविद्यालय को भी इस बात कि जानकारी है कि इस वर्ष से छात्रों के पाठ्यक्रम में पूरी तरह से बदलाव आया है बावजूद इसके महाविद्यालय के द्वारा छात्रों को नए पाठ्यक्रम के बारे नाही कुछ बताया गया है नाहीं कुछ समझाया गया है गनीमत तो यह है कि छात्रों को उनके विषयों के बारे तब जानकारी मिली जब उनलोगों ने अपना परीक्षा फॉर्म भरा। महाविद्यालय के द्वारा इस तरह की लापरवाही छात्रों के साथ पूरी तरह से विश्वासघात है। इस संदर्भ में अभाविप के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उत्तम कुमार ने कहा कि महाविद्यालय के द्वारा छात्रों को छलने का परंपरा पूर्व से ही चलते रहा है चाहे वह शिक्षक नियुक्त का मामला हो या फिर पुस्तकालय को खोलने का मामला हो, उन्होंने कहा कि इस तरह छात्रों के साथ विश्वासघात करना कहीं से भी स्वीकार्य नहीं है, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मनिका महाविद्यालय के इस लापरवाह रुख का कडा विरोध करता है।

## कुख्यात चोर सोनू डेंजर को लातेहार पुलिस ने किया गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी आशुतोष कुमार की अगुवाई मे लातेहार पुलिस की टीम ने विशेष छापामारी अभियान चलाकर सदर थाना क्षेत्र के उदयपुरा के समीप से कुख्यात चोर सोनू डेंजर (तिलैयाटांड चंदवा) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार सोनू डेंजर कुख्यात चोर है। इनके विरूद्ध लातेहार थाना में कांड संख्या 113/21 में विभिन्न धाराओं के तहत हाईटेंशन तार चोरी का मामला



दर्ज है। उक्त मामले में पुलिस को इनकी लंबे समय से तलाश थी। इधर गिरफ्तार सोनू डेंजर को अग्रतर कार्रवाई के बाद सोमवार को मंडल कारा भेज दिया गया।

## आजसू कार्यकर्ताओं का हल्ला बोल रैली के साथ तीन दिवसीय धरना जारी

कार्यकर्ताओं ने जमीन हमारा, कागज तुम्हारा नहीं चलेगा नही चलेगा, दलालो कि शान है फट रहा खतियान है सहित सीओ को बर्खास्त करो के लगाये नारे



रैली निकालते आजसू कार्यकर्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** आजसू जिला अध्यक्ष अमित पाण्डेय के नेतृत्व में हजारों की संख्या में बाजार टांड से लेकर समाहरणालय परिसर तक हल्ला बोल रैली निकाली गई समाहरणालय पहुचंते ही रैली तीन दिवसीय धरना में तब्दील हो गई। हल्ला बोल रैली का मुख्य उदेश्य अंचल में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ थी। वहीं जिलाध्यक्ष अमित पाण्डेय ने कहा कि पढ़ाई दवाई और न्याय आम आदमी के पहुंच से दूर हो गया है, लोग अंचल से त्रस्त हो गए है।

वहीं आजसू कार्यकर्ताओ ने उपायुक्त से दो मांग करते हुए अंचलाधिकारी के खिलाफ ईडी को लिखने की बात कही ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो जाये तथा जितने भी जमीन के फर्जी कागजात के मामले है उन कागजातों कि फोरेंसिक जांच करवाई जाए। केंद्रीय सचिव ने कहा कि हेमंत सरकार में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। ऐसे पदाधिकारी पर करवाई होनी चाहिए। श्रवण पासवान ने कहा कि हमे धमकी दी जाती है कि आंदोलन करोगे तो फर्जी केस में फंसा देंगे। आजसू पार्टी आंदोलन से जन्मी हुई पार्टी है, आजसू के कार्यकर्ता लाठी गोली केस जेल से नहीं डरते है। जमीन हमारा, कागज तुम्हारा नहीं चलेगा नही चलेगा, दलालो कि शान है फट रहा खतियान है सहित सीओ को बर्खास्त करो के नारों से सारा शहर गूंजता नजर आया। तीन दिवसीय धरना के प्रथम दिन केंद्रीय सचिव जितेंद्र सिंह, जिला सचिव बिरेंद्र ठाकुर, जिला प्रवक्ता नितेश पांडे, जिला उपाध्यक्ष श्रवण पासवान कुंदन जयसवाल, राजा दुबे, शंकर उरांव, अमर उरांव ने अपनी बातें रखी।

मौके पर राहुल मिश्र, अभिषेक कुमार, ताज मोहम्मद, संजय तिवारी, प्रीतम गुप्ता, रीमा देवी, कुंदन तिवारी, सोनू राम, विकाश कुमार, जैनुल अहमद, कुलदीप तिर्की, अनिल पासवान, नंदकिसोर यादव, नब्बू भुईया, ईश्वर दयाल सिंह, जगु सिंह आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन




कार्यक्रम का शुभारंभ करते गणमान्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र बालूमाथ में पर्यावरण के लिए जीवन शैली विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉक्टर एसपी कुमार, वैज्ञानिक ब्रह्मदेव यादव एवं महेश चन्द्र जेरई ने किसानों को पर्यावरण के महत्व के विषय में विस्तृत जानकारी दी। पर्यावरण में होने वाले परिवर्तन से किसान किस तरह से अपने जीवन शैली में परिवर्तन करेंगे ताकि इसके कुप्रभाव से बचा जा सके। डॉ. एसपी कुमार ने बताया कि जीवन में पेड़ पौधों का उतना ही महत्व है। जितना कि अन्य किसी चीज का पेड़ पौधे के माध्यम से हमें शुद्ध वायु प्राप्त होती है तथा मौसम में हो रहे परिवर्तन को पेड़ लगाने से रोका जा सके। वैज्ञानिक ब्रह्मदेव यादव ने कहा कि आज जो पर्यावरण परिवर्तन हो रहा है। उसका मुख्य कारण जंगल की कटाई है। अनवरत कटाई के कारण आज पानी की कमी चारों तरफ दिखाई दे रही है, उन्होंने कहा कि हमें शपथ लेना चाहिए कि प्रत्येक आदमी को अपने घर पर एक पेड़ अवश्य लगाएं। इस कार्यक्रम में बालूमाथ प्रखंड के विभिन्न गांव से लगभग 70 किसान उपस्थित हुए तथा उनको अमरूद का पौधा भी उपहार के रूप मे उपलब्ध कराया गया।

## करेंट की चपेट में आने से महिला घायल, रिम्स रेफर



घायल महिला

**बारियातू/बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के इटके ग्राम में साग तोड़ने के क्रम में बिजली करेंट की चपेट में आने से एक महिला गम्भीर रुप से घायल हो गयी। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ललिता टोप्पो 30 वर्ष पति दिनेश उरांव ग्राम इटके थाना बारियातु निवासी कोनार के पेड़ में चढ़कर साग तोड़ रही थी। इसी दौरान पेड़ के ऊपर से गुजरे इग्यारह हजार वोल्ट के करेंट की चपेट में आ गयी और गम्भीर रूप से घायल हो गयी। घटना के बाद परिजनों के सहयोग से घायल महिला को बालूमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉ. अमरनाथ प्रसाद की देखरेख में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक संपन्न



समीक्षात्मक बैठक करते डीसी व अन्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, पोशाक वितरण, छात्रवृति, मध्याह्न भोजन योजना के क्रियान्यवयन समेत शिक्षा विभाग के द्वारा किए जा रहे अन्य कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त द्वारा विद्यालयों में शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति के बारे जानकारी लिया। इस दौरान उन्होंने सभी प्रखंडों में ई विद्यावाहिनी से शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने पोशाक एवं छात्रवृति योजना की समीक्षा करते हुए निर्देशित करते हुए कहा कि पोशाक एवं छात्रवृति योजना से छात्रों को ससमय लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को निर्देश दिया कि अपने क्षेत्र अंतर्गत सभी छात्रों को पोशाक एवं छात्रवृत्ति योजना के लाभ से जोड़ना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि विद्यालयों का सही तरीके से संचालन कर छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करायें।

## पौधा रोपण कार्यक्रम का किया गया आयोजन



पौधारोपण करते पदाधिकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार झालसा रांची के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार के द्वारा सोमवार को व्यवहार न्यायालय लातेहार के परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर प्रधान जिला सह सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार अखिल कुमार के सान्निध्य में पौधा रोपण कार्यक्रम आयोजन व्यवहार न्यायालय परिसर में किया गया। प्रभारी प्रधान जिला सह सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार अखिल कुमार, प्रधान जज कुटुम्ब न्यायालय राजीव आनन्द, प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधिश संजीव कुमार दास के द्वारा पौधा रोपण किया गया गया। इस अवसर पर श्री कुमार ने जीवन में पेड़ पौधो कि उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताया। बिना पेड़ के जीवन की कल्पना ही अधुरी है साथ ही उन्होने ने कहा कि वर्तमान समय को देखते हुए कहा कि अगर हम आने वाले पीढ़ियो को विरासत में कुछ दे पाए तो शुद्ध पर्यावरण से बेहतर कुछ नहीं है।

## राजद ने मनाया संपूर्ण क्रांति व विश्व पर्यावरण दिवस

युवा कार्यकताओं के पहली बैठक पर दी बधाई एवं वरिष्ठ पत्रकार की मौत पर किया गया शोक व्यक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित राजद प्रखंड कार्यालय में विश्व पर्यावरण व संपूर्ण क्रांति दिवस के अवसर पर दिन सोमवार को युवा राजद प्रखंड अध्यक्ष रूपेश कुमार यादव की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वप्रथम उड़ीसा के बालासोर में रेल हादसे में हुई मौत और मनिका प्रखंड के दैनिक अखबार के वरिष्ठ पत्रकार कौशल किशोर पांडे के मौत पर मृतकों के आत्मा की शांति एवं उनके परिजनों को इस दुख की घड़ी में सहन शक्ति प्रदान हेतु 1 मिनट का मौन धारण कर शोक व्यक्त किया गया जिसके साथ ही बैठक की आगे की कार्रवाई शुरू की गई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित मनिका विधानसभा क्षेत्र के राजद के भावी प्रत्याशी गिरजानंदन सिंह चेरो उर्फ गिरी जी,राजद जिला सचिव दामोदर यादव एवं राजद प्रखंड अध्यक्ष रामसेवक उरांव को युवा प्रखंड



बैठक में उपस्थित कार्यकर्ता

अध्यक्ष रूपेश कुमार यादव ने पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए दामोदर यादव एवं रामसेवक उरांव ने संपूर्ण क्रांति दिवस पर युवा राजद कमेटी के द्वारा बैठक आयोजित करने पर बधाई दिए। मौके पर रामसेवक उरांव ने बताया कि युवा राजद का प्रखंड क्षेत्र में यह पहला बैठक है युवाओं की इस बैठक ने ऐतिहासिक उपस्थिति दर्ज की है जिसके लिए युवा साथी बधाई के पात्र हैं। मौके पर राजद प्रखंड कमेटी के सदस्य सचिन तिवारी ने पर्यावरण दिवस पर उपस्थित युवाओं को संकल्प दिलाया की हमें पेड़ पौधे लगाने हैं और पेड़ पौधों को कटने से बचाना है। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मनिका विधानसभा क्षेत्र के राजद के भावी प्रत्याशी गिरजानंदन सिंह चेरो उर्फ गिरी जी ने संपूर्ण क्रांति एवं पर्यावरण दिवस के अवसर पर मनिका विधानसभा क्षेत्र के लोगों को बधाई देते हुए बताया कि संपूर्ण क्रांति दिवस का एक ही मतलब है सभी शोषित,पीड़ित,राजनीतिक, सामाजिक को हर दृष्टि से एक समान देखना और सभी को मान सम्मान देना हीं संपूर्ण क्रांति दिवस का मतलब है। उन्होंने संगठन को मजबूत करने पर जोर देते हुए कहा कि तमाम युवा साथी जिस प्रकार कदम से कदम मिलाकर एकजुट हो रहे हैं उसी प्रकार युवाओं को लालू प्रसाद यादव के विचारधारा से जुड़ने की जरूरत है। मौके पर बैठक को संबोधित करते हुए युवा राजद प्रखंड अध्यक्ष रूपेश यादव ने बताया कि संपूर्ण क्रांति दिवस 5 जून 1974 ईस्वी को लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने आंदोलन शुरू किए थे और उस आंदोलन में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का गरीब,शोषित,पीड़ित के प्रति जो योगदान की भावनाएं थी उन्हें याद करते हुए प्रथम बार मनिका युवा राजद कमेटी के द्वारा संपूर्ण क्रांति दिवस मनाया जा रहा है। मौके पर शंभू यादव, पंकज सिंह, दिनेश सिंह, मंतोष यादव, शंकर यादव, शिवानंद यादव, संजय यादव, कामेश्वर यादव, शिवचंद्र यादव, गोविंद सिंह, मुन्नी देवी, सुरेश यादव, प्रवीण उरांव, विश्वनाथ राम, जगदीश सिंह, दिलीप यादव, बैध भुइयां, रमेश मोची, शंभू राम, अफरोज अंसारी समेत सैकड़ों राजद के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## चंदवा का स्टेडियम बना शराबियों व मवालियों का अड्डा



रास्ते में पड़ा शराब का बोतल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** चंदवा शहर का एक मात्र खेल स्टेडियम इनदिनों शराबियों का अड्डा बन गया है। शाम छह बजने के बाद यहां शरारती तत्व व शराब, गांजा पीने वाले युवकों का मजमा आये दिन देखा जा सकता है। स्टेडियम की गैलरी में बैठ कर मनचले शराब पीते हैं, इसके बाद बोतलों को ग्राउंड व आसपास निवास करने वाले लोगो के घरों के बाहर फेंक कर चल देते हैं। नशा चढ़ने के बाद कई युवक शराब की बोतल गैलरी में ही तोड़ देते हैं। जिससे गैलेरी में शीशा बिखरा हुआ रहता है। शराबियों व शरारती तत्वों की इस हरकत से प्रति दिन मॉर्निंग वॉक करने व खेल का अभ्यास करने वाले लोगो को काफी दिक्कत हो रही है। सुबह जब खिलाड़ी व मॉर्निंग वॉक करने चंदवा के लोग ग्राउंड पहुंचते हैं, तो ग्राउंड में शराब की बोतल बिखरी हुई मिलती है। ग्राउंड से बोतल की सफाई करने के बाद खिलाड़ी अभ्यास करते हैं। लोगो ने बताया कि ग्राउंड में शराब की बोतल की कांच पैर में लगने का भी डर हमेशा रहता है। स्थानीय लोगो ने कहा कि कई बार प्रशासन से शिकायत की लेकिन जब प्रशासन आता है तो शराबी भाग जाते हैं व पुलिस के जाते ही फिर से अड्डा जमा लेते है।

स्पीड न्यूज

## जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखा किया रवाना

**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान ने स्वच्छ भारत अभियान (ग्रामीण) के अंतर्गत 05 से 12 जून तक चलने वाले ₹चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो₹ राज्य स्तरीय अभियान के तहत माहवारी स्वच्छता जागरूकता रथ को समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। मालूम हो कि स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग एवं पंचायती राज विभाग के सयुंक्त प्रयास से 05 से 12 जून तक माहवारी स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य स्तरीय अभियान ₹चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो₹ का आयोजन किया गया है।

## कई स्थानों पर पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम

**कान्हाचट्टी।** प्रखंड में विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण संरक्षण को लेकर कई जगह कार्यक्रम आयोजित हुए और पर्यावरण की सुरक्षा करने वाले पेड़ों के पौधे लगाए गए है। प्रखंड के जोरी स्कूल के समीप में जीवन सुरक्षा व पर्यावरण संस्था की ओर से पीपल का पौधा लगाकर वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर डीडीएस उत्कर्ष गुप्ता, बीडीओ हुलास महतो बकचुम्मा पंचायत मुखिया पार्वती देवी, कैंडीनगर मुखिया अंचल कुमारी, कैंडीनगर पंचायत समिति मंजू देवी, बकचुम्मा पंचायत समिति कौशल्या देवी ने पौधरोपण किया।

## किसानों के बीच धान और पौधा का वितरण

**सिमरिया।** अनुमंडल क्षेत्र के सिमरिया और टंडवा के कई गांव मे प्रमुख किसानों के बीच किसान गोष्ठी एवं डेमो ट्रायल हेतु बीज वितरण का आयोजन किया गया, जिसमें सिमरिया एवं टंडवा ब्लॉक के लगभग 60 किसानों को कम्पनी की ओर से डेमो ट्रायल के लिए धान र 4003 बीज वितरित किया गया। व 30 किसानों को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर फसल सुरक्षा केंद्र सिमरिया में अमरूद और सागवान के पौधा देकर समानीत किया गया।

## घर घर जल नल टंकी बना शोभा, ग्रामीणों में आक्रोश

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के अंतर्गत पहरा पंचायत के विष्णापुर गांव में लगाए गए घर घर जल नल का बोरिंग सक्सेस नहीं है। 100 घरों का बस्ती है विष्णुपुर जिसमें 35 घर के ही लोग लें पाएंगे जल नल योजना का लाभ आवंटन 300000 रुपए से कम की लागत से ही बनाई जा रही है जल नल का पानी टंकी। उसके बाद टंकी तैयार कर आधे अधूरे खड़ा किया हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि पानी टंकी लगाया गया जो गांव की शोभा बढ़ाने के लिए है। बोरिंग में पानी नहीं है जिससे बनाए गए जल मीनार टंकी का भी काम अधुरा है।

## चोरकारी से टंडवा में शुरू हुई विद्युत आपूर्ति

**टंडवा (चतरा )।** चोरकारी से टंडवा में शुरू हुआ विद्युत आपूर्ति । सोमवार करम मोड़ पॉवर सब स्टेशन को चोरकारी पॉवर ग्रीड से जोड़ कर विद्युत आपूर्ति में विद्युत विभाग के एसडीओ वीरेंद्र उरांव, विधायक जिला प्रतिनिधि अक्षयवट पांडेय, टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय, बिजली विभाग जिला विधायक प्रतिनिधि रंजीत कुमार गुप्ता, गोविन्द तिवारी की विशेष उपस्थिति में चालू किया गया।

## मतदाता सूची को ले कर बैठक का आयोजन

**चतरा।** मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम से सम्बंधित बैठक समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में 01 जून से पूर्व पूनरीक्षण एवं 17 नवंबर से मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण प्रारम्भ होने संबंधी जानकारी दी गई। उप निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि आयोग से प्राप्त कार्यक्रम के अनुसार पूर्व-संशोधन संबंधित गतिविधियों के सम्पादन के लिए 01जून से 16 नवंबर तक अवधि निर्धारित है। उक्त बैठक में अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर दास, उप निर्वाचन पदाधिकारी पूर्णिमा, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि समेत सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी व सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी व अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# गोइलकेरा जंगल से 8 किलो और 5 किलो का आइइडी बरामद, सुरक्षाबलों ने किया नष्ट

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** चाईबासा पुलिस और सुरक्षा बल नक्सली संगठनों के खिलाफ इलाके में सर्च अभियान चला रही है। इसी सर्च अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने दो आइइडी बरामद किया है। एक आइइडी 8 किलो और दूसरा 5 किलो का है। यह आइइडी गोइलकेरा थाना इलाके के जंगल से बरामद किया गया है। सुरक्षाबलों ने इन दोनों विस्फोटकों को उसी इलाके में नष्ट कर दिया।



**झारखंड के चाईबासा में महज पांच दिनों में 35 आइइडी बम बरामद :** झारखंड पुलिस ने नक्सलियों के हर मनसूबे को ध्वस्त करते हुए पांच दिनों में 35 इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आइइडी) बम को बरामद किया है। झारखंड का अति नक्सल प्रभावित जिला चाईबासा नक्सलियों का सेफ जोन बन गया था। अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए चाईबासा के एक ही इलाके में लगातार सुरक्षाबलों और पुलिस को नुकसान पहुंचाने के लिए आइइडी बम लगा रहे हैं। लेकिन सुरक्षा बलों और झारखंड पुलिस ने नक्सलियों के हर मनसूबे को ध्वस्त करते हुए पांच दिनों में 35 इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बम को बरामद किया है।

**कब-कब आइआइडी हुई बरामद : 04 जून :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा के गोईलकेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत मारादिरी गांव से कुईड़ा के बीच जंगली पहाड़ी क्षेत्र से पुलिस ने पांच-पांच किलो के दो आईईडी बम बरामद किया है।

**01 जून :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा के टोन्टो थाना क्षेत्र अंतर्गत तुम्बाहाका गांव जाने वाले रास्ते में सुरक्षा बलों को निशाना बनाने की साजिश को सुरक्षा बलों ने विफल कर चार आईईडी बम बरामद किया है। सभी आईईडी को डिफ्यूज कर दिया गया है। बरामद आईईडी में 50 किलो का एक, पांच किलो का एक, आठ-आठ किलो के दो विस्फोटक हैं।

## यूपीएससी में सफल हुए अभिनव प्रकाश को दिया बधाई

**चतरा।** जिले के हंटरगंज प्रखंड के ग्राम भोंदल गांव निवासी मनोज कुमार सिंह के पुत्र अभिनव प्रकाश को यूपीएससी में सफलता अर्जित करने पर कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बुके देकर और फूलों का माला पहना कर ढेर सारी शुभकामना देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया है।श्री ठाकुर ने कहा है कि प्रखंड,जिला और राज्य इनकी सफलता पर गौरवान्वित महसूस कर रहा है।उन्होंने आगे कहा कि ग्रामीण परिविश में रहकर और कड़ी परिश्रम का नतीजा है की यूपीएससी जैसे कठिन परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र एवं राज्य का नाम रौशन किया है। अभिनव प्रकाश ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर समाज के मध्यम वर्ग के छात्रों के लिए एक प्रेरणा साबित होंगे। ऐसे होनहार व्यक्ति के लिए हौसला बढ़ाना पार्टी का प्रम कर्तव्य रहा है। उसी परंपरा को निर्वहन करने आया हूं।यहां आकर महसूस हुआ की एक साधरण किसान का बेटा ने जो कर दिखाया उस से पुरा परिवार धन्यवाद के पात्र हैं।

### प्रशांत किशोर का नीतीश कुमार पर बड़ा हमला, कहा

# दम है तो सीएम कैमरे पर कह कर दिखायें, लालू परिवार भ्रष्टाचारी नहीं

एजेंसी

**पटना।** प्रशांत किशोर ने लालू यादव एवं उनके परिवार की आड़ में नीतीश कुमार पर एक बार फिर तीखा हमला बोला है। उन्होंने सीएम को चुनौती देते हुए कहा है कि अगर आपमें दम है तो कह दीजिए कि लालू परिवार भ्रष्टाचारी नहीं है। भागलपुर के सुल्तानगंज में में रविवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का ड्रीम प्रोजेक्ट धराशायी हो गया। गंगा नदी पर निमार्णाधीन पुल दूसरी बार रेत की तरह भरभराकर गिर गया। इसका वीडियो वायरल होने के बाद आम लोगों में चर्चा तेज है। लोग यह कहने लगे हैं कि, प्रोजेक्ट कहीं न कहीं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। मामले में जमकर सियायस हो रही है। ऐसे में भला जन सुराज के संयोजक प्रशांत किशोर कैसे पीछे रह सकते थे।



**लालू के लोग भ्रष्टाचार में शामिल :** प्रशांत किशोर ने मुखर होकर पुल ध्वस्त होने के प्रकरण पर अपनी बात रखी है। पीके ने कहा कि विकास के नाम पर जनता से टैक्स के रूप में वसूली जा रही गाढ़ी कमाई की बबार्दी हो रही है। बिहार के लोग ये नहीं कहेंगे कि लालू ईमानदार हैं। लालू के लोग भ्रष्टाचार में शामिल नहीं है। हमने नीतीश कुमार को खुली चुनौती दी है कि, अगर आपमें दम है तो कैमरा के सामने आकर एक लाइन कहकर दिखा दीजिए कि लालू और उनके परिवार के लोग भ्रष्टाचार में शामिल नहीं है। कोई अगर नीतीश कुमार से बुलवा दे कि लालू का परिवार भ्रष्टाचार में लिप्त नहीं है।

इसके बाद लोग जो कहेंगे मैं मानने के लिए तैयार हूं। प्रशांत किशोर ने आगे कहा कि नीतीश कुमार ऐसा कह ही नहीं सकते, क्योंकि जीवनभर नीतीश कुमार ने अपनी राजनीति ही यही कहकर की है कि लालू भ्रष्ट हैं। आज जिसने चोरी की है, भ्रष्टाचार किया है, उसके साथ जनता खड़ी नहीं है। बिहार में आज कोई उनसे सहानुभूति भी नहीं रख रहा है।

## एक किलोग्राम अफीम के साथ दो तस्करों को किया गिरफ्तार

**चतरा।** पुलिस बगरा रोड से एक किलोग्राम अफीम के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में मंदीप सिंह पिता स्व. नेहाल सिंह सा० सरहद शहर थाना जिला फतेहगढ़ (पंजाब) और राम यादव उर्फ रामलखन यादव पिता विजय यादव ग्राम दुम्बी थाना सदर जिला चतरा के रहने वाले हैं। पुलिस ने गिरफ्तार तस्करों के पास से एक किलोग्राम अवैध अफीम एक लोहा लदा ट्रक जिसका रजि. संख्या पीबी 11 सीक्यू 8403 और दो मोबाईल फोन जब्त किया है। एसडीपीओ अविनाश कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि सोमवार को प्रातः काल गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि बगरा रोड से एक 12 चक्का ट्रक, जिसमें लोहा लोड है और ट्रक में अवैध रूप से अफीम बिक्री हेतु ने जाया जा रहा है। सूचना से संदर्भ में सन्हा दर्ज करते हुए मेरे नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। छापामारी टीम द्वारा बगरा रोड नया पेट्रोल पम्प के पास ट्रक की तलाशी ली गई।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी: बिरज



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सोमवार को लायंस क्लब ऑफ चतरा यूनाइटेड के सदस्यों ने क्लब के निदेशक बिरजू तिवारी (जिप उपाध्यक्ष) के निर्देशन में उनके लिपदा स्थित फार्म हाउस पर 50 फलदार वृक्षों का रोपण कर पर्यावरण की रक्षा हेतु अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण करने का सन्देश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अपना सन्देश देते हुए उन्होंने कहा कि पेड़ से हमें ताजी हवा मिलती है जिससे हमारा जीवन चलता है। अतः वृक्षारोपण द्वारा पर्यावरण की सुरक्षा ही पृथ्वी पर जीवन की सुरक्षा है। पेड़ों को लगाना व उनकी सुरक्षा हमारा पावन दायित्व है। मौके पर उपस्थित कान्हाचट्टी प्रमुख श्रीमती इंदु कुमारी ने भी पर्यावरण की सुरक्षा हेतु लोगों को विशेष कर महिलाओं के आगे आकर अधिक से अधिक पेड़ लगाने व उनकी रक्षा में अग्रणी भूमिका निभाने का आग्रह किया। वृक्षारोपण कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब के प्रेसिडेंट लायन दीपक कुमार ने किया व नेतृत्व क्लब की सर्विस चेयरपर्सन लायन माधवी गुप्ता ने किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम का व्यवस्थापन व्यवस्थापन क्लब के उपाध्यक्ष लायन डॉ हर्षदेव गुप्ता व ट्रेजरर लायन विकास कुमार स्नेही ने किया। मौके पर उपस्थित अतिथियों व क्लब के सदस्यों ने अपने करकमलों से आम, सेब, लीची, नासपाती, अनार, अगस्त आदि के कलमी किस्म के उम्दा पौधों का रोपण किया। क्लब के एडमिन रेणु रीना, द्वितीय उपाध्यक्ष चंद्रशेखर लाल गुप्ता, लायन विजय लक्ष्मी गुप्ता आदि का सराहनीय योगदान रहा। इनके अतिरिक्त आशीष कुमार, देवनाथ पाण्डेय, राधिका दीप सहित लगभग दो दर्जन लोगों ने कार्यक्रम में अपनी बेहतरीन सहभागिता निभायी।

### गंगा पुल हादसे पर सुशील मोदी ने नीतीश को घेरा, पूछा

# बिना जांच रिपोर्ट आये क्यों शुरू किया काम

एजेंसी

**पटना।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने बन रहे अगुवानी पुल के गिर जाने पर नीतीश सरकार को निशाने पर लिया है। उन्होंने कहा कि बालासोर रेल हादसे पर पीएम और रेलमंत्री को हादसे की जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफे की मांग कर रहे थे। क्या अगुवानी-सुल्तानगंज महासेतु का हिस्सा ढहने की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव क्या कोई जिम्मेदारी लेंगे। सुशील मोदी ने पूछा कि जब साल भर पहले महासेतु का एक हिस्सा टूटने पर जांच की रिपोर्ट नहीं आयी थी तब बिना इंतजार किए निर्माण को क्यों शुरू कर दिया गया। विधानसभा में भी कमजोर निर्माण के सवाल पर डिप्टी सीएम ने किस आधार पर क्लीन चिट दी थी। सुशील मोदी ने पूछा क्या इस मामले में सीएम और डिप्टी सीएम अपनी



जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए कोई कार्रवाई करेंगे। भाजपा नेता सुशील मोदी ने कहा कि जो लोग गैसल रेल दुर्घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेकर नीतीश कुमार के इस्तीफा देने की कथा सुना रहे थे, वे महासेतु के पिलर ढहने पर चुप क्यों हैं। उन्होंने नीतीश कुमार और बिहार सरकार से 5 सवाल पूछे हैं। पहला सवाल ये है कि "जब महासेतु का एक हिस्सा टूटा और आईआईटी रुड़की को इसकी जांच सौंपी गयी, तब उसकी अंतरिम रिपोर्ट का इंतजार किये बिना निर्माण की गति क्यों बढ़ा दी गयी। दूसरे सवाल में उन्होंने जेडीयू के विधायक द्वारा विधानसभा में पूछे गए सवाल का उदाहरण दिया और पूछा कि "जब विधानसभा में डा संजीव ने पुल का पाया कमजोर होने का सवाल उठाया, तब डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने किस आधार पर क्लीनचिट दे दी। तीसरे सवाल में उन्होंने पूछा कि "अगर पुल का एक हिस्सा खुद नहीं टूटा, बल्कि डिजाइनिंग की गलती के कारण उसे तोड़ा जा रहा था, तो उस जगह से मजदूर लापता कैसे हो गये। वहीं चौथे सवाल में सुशील मोदी ने निर्माण एजेंसी पर सवाल उठाते हुए पूछा कि "जब साल भर पहले जब महासेतु का एक हिस्सा टूटा, तब निर्माण एजेंसी के खिलाफ क्या कार्रवाई हुई। वहीं अपने अंतिम सवाल में उन्होंने "प्रस्तावित महासेतु का शिलान्यास होने के 8 साल बाद भी निर्माण पूरा क्यों नहीं हुआ। सुशील मोदी ने कहा कि सरकार यदि कुछ छिपा नहीं रही है, तो उसे इन सवालों का तथ्यपूर्ण और विश्वसनीय उत्तर दे।

## भद्रकाली महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया

**इटखोरी।** महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई वन के तत्वधान में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर दुलार ठाकुर के द्वारा की गई। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्ज्वलन से किया गया डॉ दुलार ठाकुर, प्रोफेसर ललित मोहन चौधरी ,प्रोफेसर संदीप कुमार एवं प्रोफेसर सियाराम प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया। तत्पश्चात मंचासीन अधिकारियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। प्राचार्य महोदय ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा ही राष्ट्र की सुरक्षा है। हमें हर हाल में पर्यावरण की सुरक्षा करनी ही होगी तभी इस धरती पर सजीवों का अस्तित्व रह पाएगा।

### टोरी में लाईफ लाईन एक्सप्रेस के माध्यम चल रहे नि:शुल्क चिकित्सा कार्यक्रम का हुआ समापन

# जिले के लिए मील का पत्थर साबित हुआ है चिकित्सा शिविर : भोर सिंह यादव

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** लातेहार उपायुक्त भोर सिंह यादव की नेक सोंच व सार्थक प्रयास से इम्पैक्ट इंडिया फाउंडेशन के तत्वावधान टोरी जंक्शन में 15 मई से 4 जून तक अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से लैस लाइफ लाइन एक्सप्रेस के माध्यम से चल रहे निःशुल्क चिकित्सा कार्यक्रम का समापन हो गया। समापन के मौके पर सोमवार को टोरी जंक्शन कार्यक्रम आयोजत कर लाइफ लाइन एक्सप्रेस निःशुल्क चिकित्सा शिविर के उपलब्धियों को गिनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत उपायुक्त भोर



कार्यक्रम को संबोधित करते डीसी

सिंह यादव व अन्य अतिथियों स्वागत किया गया एवं कार्यक्रम का सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, एनसीसी के युवाओं एवं वोलेंटियर को सम्मानित किया गया। ततपश्चात लाइफ लाइन की टीम ने अपनी उपलब्धियों को गिनाते हुए बताया कि 20 दिन तक चले इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोगो ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, ऑपरेशन व मेडिकल उपकरण का वितरण किया गया, जिससे क्षेत्र वासियों को काफी लाभ मिला है। इम्पैक्ट इंडिया संस्था का यह 231 वां कार्यक्रम था, इसके सफल संचालन में जिला प्रशासन, प्रखण्ड प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग व रेलवे का सहयोग काफी सराहनीय रहा। आने वाले दिनों में इसी प्रकार का हेल्थ कैम्प आगे भी अयोजिय हो यह संस्था का प्रयास होगा। डीसी भोर सिंह यादव ने कहा कि चिकित्सा शिविर ठंड के मौसम में आयोजित होना था, लेकिन उक्त ट्रेन को रिपेयर के लिए जाना था, इस कारण आनन-फानन में उक्त कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम सभी के सहयोग से सफल रहा। शिविर में काफी संख्या में लोगो को नया जीवन मिला है, जो संस्था के आभारी रहेंगे। आने वाले समय मे ऐसे आयोजित हो यही जिला प्रशासन का प्रयास होगा। मौके पर एसी आलोक शिकारी कच्छप, एसडीओ शेखर कुमार, सीएस दिनेश प्रसाद, बीडीओ सह सीओ विजय कुमार, सीएचसी प्रभारी एन के पांडेय, संजीत पांडेय, विकाश कुमार, प्रतीक कुमार, टोरी एसएस रंजीत कुमार, आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी दीपक कुमार, इम्पैक्ट इंडिया संस्था के अजय कुमार, पवन कुमार समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

एक नजर में

## जागृति युवा क्लब ने किया पौधरोपण

**गढ़वा।** जागृति युवा क्लब के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रखंड के जोबरईया स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर परिसर में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर क्लब की ओर से फलदार पौधों का रोपण किया गया। साथ ही पिछले वर्ष लगाए गए पौधों की साफ-सफाई एवं कंपोस्ट खाद डालकर पौधे की सिंचाई की गई। विदित हो कि जागृति युवा क्लब के द्वारा पिछले वर्ष भी सैकड़ों की संख्या में आम, जामुन, कटहल, इमली, अमलतास आदि पौधे लगाए गए थे। क्लब के सदस्यों के द्वारा मार्च महीने से ही सप्ताह में दो दिन प्रत्येक पौधों की सिंचाई की जा रही है ताकि पौधे जीवित रह सके। मौके पर क्लब के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार पाल एवं सचिव आशीष कुमार अग्रवाल ने कहा कि पेड़ -पौधे प्रकृति के अनमोल धन है।

## पेज एक का शेष

### बालू कारोबारियों के ...

वहीं शहर के चंचनी कॉलोनी में अशोक जिंदल के आवास पर इडी ने छापेमारी की। छापेमारी के वक्त आवास को पूरी तरह से बंद कर दिया गया था। दूसरी ओर धनबाद के सिंदरी के गौशाला ओपी अंतर्गत नूतनडीह में अशोक जिंदल के आवास तथा उनके भाई सुरेंद्र जिंदल के आवास पर भी इडी की छापेमारी हुई। जगन सिंह बिहार में बालू कारोबार से जुड़े हैं। इसके अलावा इनके कई तरह का कारोबार हैं। धनबाद में पेट्रोल पंप, हार्डकोक, बिल्डर का काम भी ये करते हैं। कंबाइंड बिल्डिंग स्थित सिटी सेंटर भवन में इनका ऑफिस भी है।

### पर्यावरणीय जीवन शैली ...

विभाग बेहतर पर्यावरण के लिए अभियान निरंतर जारी रखेगा। इस मौके पर झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के अध्यक्ष शशिकर सामंता ने कहा कि हम प्रदूषण-मुक्त एवं खुशहाल समाज की ओर बढ़ना चाहते हैं, तो हमें अपने जीवन में सततशीलता के सिद्धांतों और मानवीय मूल्यों को अपनाने की आवश्यकता है। मिशन लाइफ नागरिक जुड़ाव और सामूहिक जिम्मेदारियों पर जोर देता है।

**स्वस्थ जीवन शैली सभी का लक्ष्य हो : वाईके दास :** राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के सदस्य सचिव वाईके दास ने कहा कि जिस पर्यावरण में हम रहते हैं, उसे संरक्षित करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। बेहतर पर्यावरण और समृद्ध समाज बनाने के लिए स्वस्थ जीवन शैली का अनुसरण हम सभी का लक्ष्य होना चाहिए। सकारात्मक बदलाव लाने के लिए हम पर्यावरणीय मुद्दों पर जन-जागरूकता फैलाने के लिए अधिकाधिक कदम उठाएंगे।

**प्रकृति ही हमारा असली घर : रमापति :** सीड के सीईओ रमापति कुमार ने कहा कि प्रकृति ही हमारा असली घर है, इसलिए हमारा यह दायित्व है कि इसके संरक्षण के लिए हरसंभव प्रयास करें। हमें स्थानीय स्तर पर जलवायु-अनुकूल पारंपरिक एवं सामाजिक मानदंडों को दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। कार्यक्रम के तकनीकी सत्र में राज्य में वायु गुणवत्ता प्रबंधन, प्रबंधन के बेस्ट प्रैक्टिसेज और समाधानों के बारे में चर्चा की गयी। जिसमें डॉ मनीष कुमार, (डायरेक्टर, रिसर्च और डेवलपमेंट, सीड), राजीव कुमार (एसोसिएट प्रोफेसर, बीआईटी मेसरा) और स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड, टाटा स्टील और अन्य संस्थानों के प्रमुख प्रतिनिधियों की भागीदारी रही।

### घुटने की सर्जरी ...

धोनी को फिट होने में कम से कम दो महीने लगेंगे। फाइनल में जीतने के बाद धोनी ने कहा था कि वह अगला सीजन खेलने की पूरी कोशिश करेंगे। रांची से लगभग 80 किलोमीटर दूर लापुंग के गलगली धाम में धोनी वैद्य बंदन सिंह खेरवार से से भी घुटने का इलाज करा चुके हैं। वैद्य ने गाय का दूध, पेड़ छाल और कई जड़ी-बूटियों से दवाइयां बनाकर धोनी को दी थी। धोनी के माता-पिता के लिए दर्द की दवा भी यहीं से जाती है। वैद्य बंदन सिंह खेरवार से कई राज्यों से लोग दवा लेने आते हैं।

### रांची समेत कई...

9 और 10 जून के लिए विभाग में पूरे राज्यभर में लू का अलर्ट जारी किया है। वहीं दूसरे मैप में मौसम केंद्र रांची ने 8 और 9 जून के लिए लू अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के मुताबिक गढ़वा, पलामू, चतरा और लातेहार जिले छोड़कर 8 और 9 जून को पूरे राज्य में लू चलेगी।

**खूंटी में 6.5 मिमी हुई बारिश :** राजधानी रांची से सटे खूंटी जिले में 6.5 मिलीमीटर वर्षा के बाद तापमान में 0.4 डिग्री कि गिरावट दर्ज की गयी। खूंटी का तापमान आज 39.1 डिग्री सेंटीग्रेड रिकॉर्ड किया गया।

**प्रमुख शहरों का अधिकतम तापमान :** बोकारो 39.4 डिग्री, देवघर 42.5 डिग्री, गढ़वा 40.7 डिग्री, गिरिडीह 40.2 डिग्री, गोड्डा 43.4 डिग्री, गुमला 36.0 डिग्री, हजारीबाग 38.0 डिग्री, खूंटी 39.1 डिग्री, लातेहार में 38.8 डिग्री, लोहरदगा 36.3 डिग्री, पाकुड़, 41.7 डिग्री, रामगढ़ 39.6 डिग्री, साहिबगंज 40.3 डिग्री, सिमडेगा 39.7 डिग्री और पश्चिमी सिंहभूम 39.3 डिग्री रहा।

### शवों की पहचान बड़ी ...

**रेल मंत्री ने पहली मालगाड़ी प्रार्थना के साथ विदा की :** भीषण ट्रिपल ट्रेन दुर्घटना के 51 घंटे बाद अप और डाउन दोनों लाइनों पर क्षतिग्रस्त पटरियों की मरम्मत के बाद सेवाएं फिर से शुरू हुई, जिसमें कम से कम 275 लोगों की मौत हुई थी, और 1,000 से अधिक घायल हुए थे। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उन्होंने एक मालगाड़ी के चालक दल को भी हाथ हिलाया और सुरक्षित यात्रा के लिए प्रार्थना की। रेल मंत्री ने कहा कि पीएम मोदी द्वारा इस आशय के निर्देश भेजे जाने के तुरंत बाद क्षतिग्रस्त पटरियों के पुनर्निर्माण का काम शुरू हो गया था। रेल मंत्री ने कहा कि ट्रेन हादसे के 51 घंटे बाद सेवा शुरू करने से पहले दोनों लाइनों का पुनर्निर्माण और परीक्षण किया गया था। इससे पहले वैष्णव ने कहा कि दुर्घटना इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग में बदलाव के कारण हुई। बालासोर जिले के बहनगा बाजार स्टेशन पर तीन अलग-अलग पटरियों पर बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस, कोरोमंडल एक्सप्रेस और मालगाड़ी शामिल थी।

### नीतीश ने बताया...

सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ ही साथ ही स्टालिन भी पटना आने में असमर्थ थे। इसलिए 12 की तारीख को बढ़ा दिया गया है। नीतीश कुमार ने कहा कि अधिकतम पार्टियों का समर्थन हमें मिल गया था, लेकिन कांग्रेस पार्टी की सहमति हमें अभी तक नहीं मिली थी। जब कल कांग्रेस से बात हुई तो उन्होंने कहा कि 12 तारीख को मीटिंग स्थगित रखा जाये।

**जगह बदलने की भी मांग :** वहीं सूत्रों की मानें तो बैठक के लिए कांग्रेस ने तारीख के साथ बैठक की जगह भी बदलने की मांग की है। सूत्रों की मानें तो कांग्रेस एक दिन नहीं बल्कि दो से तीन दिन तक बैठक पर चर्चा करना चाहती है, ताकी तमाम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हो सके। मुख्य विपक्षी दल के साथ परामर्श कर बैठक को बाद की तारीख पर करने का विचार है, ताकि वह भी इसमें शामिल हो सकें। राहुल अभी अमेरिका की यात्रा पर हैं। जदयू के नेता एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा का मुकाबला करने के लिए एकजुट होने के उद्देश्य से कांग्रेस, आम आदमी पार्टी (आप)और वाम दलों के अलावा कई क्षेत्रीय क्षत्रपों से बातचीत की पहल की है। नीतीश ने राहुल और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी तथा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार सहित कई दलों के नेताओं के साथ अलग-अलग बैठकें की हैं।

स्पीड न्यूज

## संघ प्रमुख भागवत ने किया पौधरोपण



जयपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन मधुकरराव भागवत संघ शिक्षा वर्ग द्वितीय वर्ष के तीन दिवसीय प्रवास पर रविवार की रात हिन्डौन पहुंचे। सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर डॉ. भागवत ने आदर्श विद्या मंदिर की शिशु वाटिका में विकसित होने वाले पंचवटी में चीकू और आंवले के पौधा का रोपण किया।

## चीन में भूस्खलन से 19 लोगों की मौत

**बीजिंग।** चीन के सिचुआन प्रांत में भूस्खलन में 19 लोगों की मौत हो चुकी है। मलबे में दबे लोगों को खोजने में मदद के लिए 180 से अधिक जवानों को मौके पर तैनात किया गया है। मारे गए सभी लोग जिंकयुआन माइनिंग कंपनी के कर्मचारी थे। जिस क्षेत्र में भूस्खलन की यह घटना हुई है, वो क्षेत्र असुरक्षित माना जाता है। इसके अलावा इंजीनियरिंग परियोजनाओं और खनन कार्यों के कारण यहां बड़े पैमाने पर भूस्खलन आता है।

## अफगानिस्तान में 80 छात्राओं को दिया जहर

**काबुल।** अफगानिस्तान में तालिबान शासन का क्रूर चेहरा एक बार फिर लोगों के सामने आया है। अफगानिस्तान में शिक्षा अधिकारी ने बताया कि लगभग 80 लड़कियों को स्कूलों में जहर दिया गया, जिसके बाद वे सभी अस्पताल में भर्ती हैं। शिक्षा के प्रांतीय विभाग के निदेशक मोहम्मद रहमानी ने कहा कि संगचरक जिले में कक्षा 1 से 6 तक की छात्राओं को जहर दिया गया था।

## मुंबई हवाईअड्डे पर 6.21 करोड़ का सोना जब्त

**मुंबई।** डीआरआई ने छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर चार लोगों को गिरफ्तार किया और उनके पास से 6.21 करोड़ रुपये मूल्य का 10 किलोग्राम से अधिक सोना जब्त किया। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। डीआरआई ने शनिवार को दो अलग-अलग अभियानों में सोना जब्त किया और इस संबंध में गिरफ्तारियां भी की।

## आइरियो, एमउएम के परिसरों से इडी ने जब्त की 60 करोड़ की कारें

नयी दिल्ली। इडी ने सोमवार को कहा कि उसने एक धनशोधन मामले की जांच के दौरान रियल एस्टेट कंपनियों आइरियो और एमउएम के परिसरों पर छापे मारकर 60 करोड़ रुपये मूल्य की फेरारी, लैम्बॉर्गिनी एवं बेंटले जैसी लग्जरी गाड़ियां जब्त की हैं। ईडी ने कहा कि इन रियल एस्टेट कंपनियों के दिल्ली एवं गुरुग्राम स्थित सात परिसरों पर एक जून को तलाशी अभियान चलाया था।

# लगातार पांचवें वर्ष शीर्ष पर आइआइटी मद्रास

### एनआइआरएफ 2023 : आइआइएससी बेंगलुरु को सर्वक्षेष्ठ विश्वविद्यालय का दर्जा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, (आईआईटी) मद्रास ने लगातार पांचवें वर्ष नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क 2023 में शीर्ष स्थान पर कब्जा जमाया है जबकि इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, (आईआईएससी) बेंगलुरु को सर्वक्षेष्ठ विश्वविद्यालय का दर्जा मिला है।शिक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। आईआईएससी, बेंगलुरु को समग्र श्रेणी में दूसरा स्थान हासिल हुआ है। इसके बाद आईआईटी दिल्ली का स्थान है। इंजीनियरिंग संस्थानों में आईआईटी मद्रास लगातार आठवें वर्ष शीर्ष पायदन पर रहा। इस श्रेणी में आईआईटी दिल्ली और आईआईटी बम्बई क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहें। कॉलेजों में दिल्ली विश्वविद्यालय के मिरांडा हाउस तथा हिंदू कॉलेज प्रथम तथा दूसरे स्थान पर हैं वहीं तीसरे स्थान पर चेन्नई का प्रेसिडेंसी कॉलेज है। शोध के क्षेत्र में आईआईएससी बेंगलुरु सर्वश्रेष्ठ संस्थान वहीं आईआईटी कानपुर नवाचार के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ संस्थान का दर्जा मिला है। प्रबंधन संस्थानों में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम) अहमदाबाद शीर्ष पर है और इसके बाद दूसरे और तीसरे स्थान पर क्रमशः आईआईएम बेंगलुरु और आईआईएम कोझिकोड हैं। नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क 2023 के अनुसार फार्मेसी के क्षेत्र में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, हैदराबाद को पहला स्थान मिला है वहीं जामिया हमदर्द और बिट्स पिलानी क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। कानून के क्षेत्र में नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु शीर्ष पर है। इसके बाद नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, दिल्ली और एनएएलएसएआर यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ, हैदराबाद का स्थान है।

▶▶ प्रबंधन संस्थानों में आइआइएम अहमदाबाद शीर्ष पर है और दूसरे और तीसरे स्थान पर क्रमशः बेंगलुरु और कोझिकोड



## मणिपुर : एंबुलेंस में लगायी गयी आग तीन लोग जिंदा जले

**इंफाल।** मणिपुर के लामसांग पुलिस स्टेशन के इरोइसेम्बा में भीड़ द्वारा हिंसक हमला किया गया, परिणामस्वरूप तीन लोगों की मौत हो गई। फायेंग से इंफाल पश्चिम की ओर तीन लोगों को ले जा रही एक एम्बुलेंस और एक मारुति जिप्सी को भीड़ ने रोक लिया। सूत्रों के अनुसार जिन तीन पीड़ितों को जिंदा जला दिया गया, उनमें एक नाबालिग था जिसकी उम्र करीब 8 साल बताई जा रही है। यह दर्दनाक घटना रविवार की शाम करीब साढ़े छह बजे की बतायी गयी है।

# विश्व के सामने जलवायु न्याय का मुद्दा उठाता रहा है भारत : मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर कहा कि इस वर्ष की थीम सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्ति का अभियान है। जिसकी बात विश्व अब कर रहा है, उस पर भारत ने 5 साल से पहले से ही लगातार काम करना शुरू कर दिया था। देश में साल 2018 में ही एकल उपयोग प्लास्टिक के लिए दो स्तर से काम कर रहा है। एक सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाया और दूसरी तरफ प्लास्टिक की रिसाइकलिंग पर तेजी से काम किया गया। देश में 30 लाख टन प्लास्टिक की पैकेजिंग जरूरी कर दी गई है, जो कि देश का कुल उत्पादन का 75 फीसदी है। विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम को दिए अपने संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी के भारत ने जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण की रक्षा के लिए स्पष्ट दिशा में काम शुरू कर दिया है। भारत ने एक तरफ गरीब लोगों की मदद की है, तो दूसरी तरफ भविष्य की ऊर्जा की आवश्यकता को देखते हुए कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि ग्रीन इकोनॉमिक्स अभियान को जारी रखते हुए भारत ने पिछले 9 सालों में रामसर साइट में तीन गुना बढ़ोतरी की है। उन्होंने कहा कि आज लांच हुए अमृत धरोहर योजना के तहत जनभागीदारी की मदद से रामसर साइट्स का संरक्षण सुनिश्चित हो सकेगा। इसके साथ मिस्टी योजना के माध्यम से मैंग्रोव इकोसिस्टम को जीवन मिलेगा। इससे नौ राज्यों में मैंग्रोव को पुनर्स्थापित किया जा सकेगा और इससे जीवन और आजीविका को साधने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि दुनिया का विकास मॉडल विरोधाभासी है। कुछ विकसित देशों की गलत नीतियों का खमियाजा विकासशील देश उठा रहे हैं। भारत ने विश्व के सामने जलवायु न्याय का सवाल उठाया है । भारत आज अपने इंफ्रास्ट्रक्चर पर अभूतपूर्व तरीके से फोकस कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश में गरीबों के लिए 4 करोड़ मकान बनाए गए और वन्य जीवन अभयारण्य में भी रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई है। 50 हजार से ज्यादा अमृत सरोवर तैयार किए गए। रिन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र में भारत पहले पांच देशों में से एक है। उन्होंने कहा कि पिछले साल लॉन्च हुए मिशन लाइफ से अब तक दो करोड़ लोग जुड़ चुके हैं।

**विश्व पर्यावरण दिवस**

▶▶ सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्ति के लिए पांच साल पहले शुरू किया काम

▶▶ 30 लाख टन प्लास्टिक की पैकेजिंग जरूरी की गयी



## बीएसएफ ने पाकिस्तानी ड्रोन को किया ढेर, 21 करोड़ की हेरोइन जब्त

**अमृतसर।** भारत-पाकिस्तान सीमा पर पाकिस्तानी ड्रोन की घुसपैठ और उसके जरिए मादक पदार्थों की तस्करी रुकने का नाम नहीं ले रही है। रविवार की रात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने एक और ड्रोन को मार गिराने में कामयाबी हासिल की है। बाद में तलाशी के दौरान जवानों ने ड्रोन का मलबा और उसके साथ हेरोइन का पैकेट बरामद किया है। बरामद हेरोइन की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 21 करोड़ रुपये आंकी गई है। रविवार रात बीएसएफ के जवान गश्त पर थे, उसी दौरान उन्हें ड्रोन की आवाज सुनाई दी। जवानों ने फायरिंग शुरू कर दी और कुछ मिनट बाद ड्रोन को मार गिराया। इसके बाद जवानों ने इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। ड्रोन के पास में एक पीले रंग का बैग भी मिला, तलाशी ली गई तो उसमें हैरोइन मिली, जिसका कुल वजन 3.2 किलो था।

## ओडिशा ट्रेन हादसे के मृतकों के परिजनों को नौकरी देंगी ममता

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ओडिशा के बालासोर में हुई ट्रेन दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों के परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की। बनर्जी ने कहा कि भीषण हादसे में अंग गंवाने वालों के परिजनों को भी सरकारी नौकरी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार उन लोगों को भी नकद सहायता देगी, जो कोरोमंडल एक्सप्रेस में सवार थे और फिलहाल मानसिक व शारीरिक आघात से गुजर रहे हैं।

बनर्जी अलग-अलग अस्पतालों में इलाज करा रहे घायल यात्रियों से मिलने के लिए मंगलवार को भुवनेश्वर और कटक जाएंगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल ओडिशा के विभिन्न अस्पतालों में पश्चिम बंगाल के 206 घायल यात्रियों को भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा कि कटक के अस्पतालों में भर्ती



33 यात्रियों की हालत गंभीर है। बनर्जी ने कहा कि बंगाल के कुछ मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी उनके साथ जाएंगे। वह बुधवार को पीड़ितों के परिजनों को अनुग्रह राशि के चेक और नियुक्ति पत्र वितरित करेंगी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने कहा कि वह दुर्घटना पर किसी भी तरह की राजनीति में नहीं पड़ना चाहतीं और घायल यात्रियों व उनके परिवारों की हर संभव मदद के लिए तैयार हैं। सूत्रों ने कहा कि ट्रेन दुर्घटना में घायल हुए राज्य के यात्रियों के इलाज और पुर्नवास की निगरानी के लिए बनर्जी ने सोमवार को अंतिम समय में दार्जिलिंग की अपनी चार दिवसीय यात्रा रद्द कर दी।

# रक्षा औद्योगिक सहयोग के लिए भारत-अमेरिका ने बनाया रोडमैप

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत और अमेरिका ने सोमवार को रक्षा औद्योगिक सहयोग के लिए एक रोडमैप तैयार किया, जो नई प्रौद्योगिकियों के सह-विकास और नई प्रणालियों के सह-उत्पादन के अवसरों की पहचान करेगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन के बीच मानेकशॉ सेंटर में एक द्विपक्षीय बैठक के दौरान मजबूत रक्षा सहयोग गतिविधियों की समीक्षा करने के साथ औद्योगिक सहयोग को सुदृढ़ बनाने के तरीकों को चिह्नित करने पर विशेष फोकस किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली में अपने अमेरिकी समकक्ष लॉयड ऑस्टिन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। बैठक गर्मजोशी से भरी और सौहार्द्रपूर्ण रही। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के विषयों की एक महत्वपूर्ण श्रृंखला पर चर्चा की, जिसमें औद्योगिक सहयोग को सुदृढ़ बनाने के तरीकों को चिह्नित करने पर विशेष फोकस किया गया। भारत-अमेरिका के बीच तैयार रोडमैप अगले कुछ वर्षों के लिए नीति दिशा का मार्गदर्शन करेगा। साथ ही दोनों देशों के रक्षा स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के बीच सहयोग को बढ़ावा देगा। दोनों देशों के रक्षा समकक्षों ने लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं को बनाने के तरीकों का पता लगाया। दोनों पक्ष नई प्रौद्योगिकियों के सह-विकास और वर्तमान तथा नई प्रणालियों के सह-उत्पादन के अवसरों को चिह्नित करेंगे और दोनों देशों के रक्षा स्टार्टअप इकोसिस्टम के बीच सहयोग बढ़ाने की सुविधा प्रदान करेंगे। दोनों पक्षों ने मजबूत और बहुआयामी द्विपक्षीय रक्षा सहयोग गतिविधियों की समीक्षा की और सहयोग की गति को बनाए रखने पर सहमति व्यक्त की।

▶▶ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिका के रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन के साथ द्विपक्षीय बैठक की



## विदेश जा रही अभिषेक बनर्जी की पत्नी को इमीग्रेशन डिपार्टमेंट ने रोका

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी की पत्नी रुजीरा बनर्जी को एक बार फिर सोमवार को कोलकाता हवाई अड्डे पर रोक लिया गया। वह दो बच्चों को साथ लेकर विदेश जाने की फिराक में थीं लेकिन इमीग्रेशन डिपार्टमेंट ने उन्हें रोक लिया। रुजीरा सोमवार सुबह करीब सात बजे अपने दोनों बच्चों के साथ एयरपोर्ट पहुंचीं। उन्हें दुबई के लिए फ्लाइट पकड़नी थी। एयरपोर्ट पर आव्रजन विभाग ने उन्हें रोक लिया। कुछ देर इंतजार करने के बाद वह एयरपोर्ट से घर लौट गईं। आव्रजन विभाग के सूत्रों के मुताबिक ईडी के एक मामले में रुजीरा के नाम से लुक आउट नोटिस जारी किया गया है। इसलिए उनके विदेश जाने पर प्रतिबंध है।हालांकि, अभिषेक बनर्जी के करीबी सूत्रों के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट ने ईडी मामले में अभिषेक और रुजीरा को संरक्षण दिया है और कहा कि उनकी विदेश यात्रा पर कोई रोक नहीं है। इसलिए अभिषेक रुजीरा को एयरपोर्ट पर रोकने के खिलाफ कानूनी कदम उठा सकते हैं। इससे पहले ईडी अभिषेक और उनकी पत्नी रुजीरा से कोयला तस्करी के मामले में कई बार पूछताछ कर चुकी है।

## शेयर बाजार में दूसरे दिन भी तेजी, सेंसेक्स 240 अंक चढ़ा

**मुंबई।** सकारात्मक वैश्विक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में रिलायंस, आईसीआईसीआई बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसी दिग्गज कंपनियों में लिवाली तेज रहने से सोमवार को लगातार दूसरे कारोबारी दिन दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बढ़त के साथ बंद हुए।सेंसेक्स 240.36 अंक यानी 0.38 प्रतिशत चढ़कर 62,787.47 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 369.09 अंक तक उछल गया था।नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 59.75 अंक यानी 0.32 प्रतिशत चढ़कर 18,593.85 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा में सर्वाधिक 3.81 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। एक्सिस बैंक में भी 2.68 प्रतिशत की बढ़त रही। इसके अलावा टाटा मोटर्स, लार्सन एंड टुब्रो, टाटा स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, मारुति सुजुकी, इंडसइंड बैंक और सन फार्मा के शेयर भी चढ़कर बंद हुए।



## डीजल में पांच प्रतिशत एथनॉल के मिश्रण पर काम कर रही आइओसी

**नयी दिल्ली।** इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) और दो घरेलू इंजन विनिर्माता कंपनियां डीजल में पांच प्रतिशत एथनॉल के मिश्रण की संभावना पर काम कर रही हैं। आईओसी के निदेशक एस एस वी रामकुमार ने सोमवार को कहा कि डीजल में एथनॉल मिश्रण का परीक्षण प्रयोगशाला में और दो इंजन विनिर्माताओं के शोध एवं विकास केंद्रों में चल रहा है। सियाम द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि दो प्रमुख भारतीय हेवी-ड्यूटी डीजल इंजन विनिमार्ता, इंडियन ऑयल और एक अन्य तेल कंपनी के साथ डीजल में पांच प्रतिशत एथनॉल मिश्रण पर काम कर रहे हैं।

## शिवसेना व भाजपा साथ लड़ेंगी सभी चुनाव : शिंदे

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि महाराष्ट्र में शिवसेना (शिंदे समूह) भाजपा के साथ मिलकर सभी चुनाव लड़ेगी। मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि आगामी लोकसभा, विधानसभा और नगर निगम के चुनाव में दोनों दल साथ चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। शिंदे ने कहा कि महाराष्ट्र में कैबिनेट का विस्तार 20 जून तक हो जाएगा। दरअसल, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस रविवार रात को दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मिले थे। इस मुलाकात में मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने अमित शाह से राज्य की राजनीतिक स्थिति पर चर्चा की। इसके बाद सोमवार को मुंबई में मुख्यमंत्री ने मीडिया को बताया कि दोनों पार्टी आगामी सभी चुनाव साथ मिलकर लड़ेंगी। मुंबई में भाजपा-शिवसेना के साथ मनसे के साथ भी गठबंधन का प्रयास किया जा रहा है। रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदास आठवले पहले से ही भाजपा-शिवसेना के साथ हैं। मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि 20 जून तक राज्य मंत्रिमंडल का विस्तार किया जाएगा। इसके लिए भाजपा और शिवसेना के बीच बातचीत हो चुकी है।




# स्मृति शेष : आर्मी जवान से अभिनेता बने थे गूफी पेंटल

**मुंबई ।** टीवी सीरीज महाभारत में शकुनि मामा' का किरदार निभाकर मशहूर हुए अभिनेता गूफी पेंटल का निधन हो गया है। वह 78 वर्ष के थे। कुछ दिन पहले उन्हें स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों के चलते मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालांकि इलाज के दौरान सोमवार को उनकी मौत हो गई। गूफी पेंटल का अंतिम संस्कार आज शाम 4 बजे किया जाएगा।

रफू चक्कर फिल्म से डेब्यू किया था: गूफी पेंटल के फिल्मी करियर की बात करें तो उन्होंने 1975 में रफू चक्कर से हिंदी सिनेमा में डेब्यू किया था। वह 80 के दशक में कई फिल्मों और टीवी सीरियल में नजर आए। हालांकि, अभिनेता को असली पहचान 1988 में बीआर चोपड़ा की सुपरहिट सीरीज महाभारत' से मिली। इस शो में उन्होंने शकुनि मामा का किरदार निभाया था। गूफी पेंटल अकबर बीरबल, सीआईडी , राधा कृष्णा' सीरीज में भी अहम भूमिका निभाई। गूफी ने आखिरी बार स्टार भारत के सीरियल जय कन्हैया लाल की में काम किया था। सीरियल में उनके अभिनय को दर्शक आज भी याद करते हैं। अभिनय की दुनिया में आने से पहले गूफी आर्मी में थे। एक इंटरव्यू में पेंटल ने अपने जवान होने से लेकर शकुनि मामा बनने तक की कहानी बताई। उन्होंने कहा था कि 1962 में जब चीन-भारत युद्ध छिड़ा था, तब मैं इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा था। युद्ध के दौरान भी कॉलेज में सेना की भर्ती चल रही थी। मैं हमेशा सेना में शामिल होना चाहता था। सेना में पहली पोस्टिंग चीनी सीमा पर आर्टिलरी डिवीजन में हुई थी। सीमा पर मनोरंजन के लिए टीवी और रेडियो नहीं था, इसलिए हम 'सेना के जवान सीमा पर रामलीला करते थे। मैं राम लीला में सीता का रोल करता था और एक शख्स रावण के वेश में स्कूटर पर आया और मेरा अपहरण कर लिया। मुझे पहले से ही एक्टिंग का शौक था इसलिए इसने मुझे थोड़ी ट्रेनिंग दी। इसके बाद गूफी 1969 में अपने छोटे भाई कंवरजीत पेंटल के कहने पर मुंबई आ गए। मॉडलिंग और एक्टिंग की ट्रेनिंग ली और कई फिल्मों में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर काम किया। इस बीच मैं बीआर चोपड़ा की महाभारत के लिए एक कास्टिंग डायरेक्टर के रूप में काम कर रहा था। बकौल पेंटल, मैं महाभारत में शकुनि के किरदार के लिए सही चेहरे की तलाश कर रहा था। मैंने सीरियल के लिए सभी किरदारों का ऑडिशन लिया। मैंने इस रोल के लिए तीन लोगों को चुना भी था। इसी बीच सीरियल के राइटर राही मासूम रजा ने मेरी तरफ देखा और मुझे शकुनि का रोल निभाने का सुझाव दिया। इस तरह मैं महाभारत का शकुनि मामा बन गया। पेंटल को अपने शकुनि मामा के किरदार के लिए दर्शकों से बहुत प्यार मिला। टीवी सीरियल के साथ-साथ उन्होंने हिंदी फिल्मों में अपना जलवा बिखेरा।



## सुष्मिता सेन ने आर्या 3 की शूटिंग पूरी की



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सुष्मिता सेन ने अपनी आने वाली वेबसीरीज आर्या 3 की शूटिंग पूरी कर ली है। सेन ने आर्या 3 की शूटिंग पूरी होने के बाद सेट से एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में सुष्मिता कुर्ता-पजामा और शॉल लपेटे नजर आ रही हैं। वह पहले सिकंदर खेर को गले लगाती हैं और फिर निर्देशक राम माधवानी के साथ डांस करती हैं।



# जॉब एलर्ट

**यूपी, बिहार, राजस्थान, एमपी के एयरपोर्ट पर जॉब पाने का बेहतरीन मौका,12वीं पास करें अप्लाई**

ग्राहक सेवा एजेंट के 1086 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन मांगे हैं। आईजीआई एविएशन भर्ती 2023 में ग्राहक सेवा एजेंट के पदों पर ऑनलाइन आवेदन आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 21 जून को समाप्त हो जाएगी।

आईजीआई एविएशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड ने ग्राहक सेवा एजेंट के 1086 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन मांगे हैं। आईजीआई एविएशन भर्ती 2023 में ग्राहक सेवा एजेंट के पदों पर ऑनलाइन आवेदन आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम कर सकते हैं। उम्मीदवार भारत में किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10+2 इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। उम्मीदवारों का चयन लिखित परीक्षा के आधार पर किया जाएगा। चयनित उम्मीदवारों को वेतन के तौर पर 25,000 से 35,000 रुपये दिए जाएंगे। उम्मीदवारों जो भी इन पदों के लिए अप्लाई करना चाहते हैं, उनकी आयु सीमा 18 वर्ष से 30 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

**शैक्षिक योग्यता ?**

एविएशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड भर्ती 2023 के लिए आवेदन करने के लिए उम्मीदवार भारत में किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10+2 इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।

आयु सीमा 18 वर्ष से 30 वर्ष के बीच होनी चाहिए.कैसे करें ऑनलाइन आवेदन ?

ऑफिशियल वेबसाइट के होम पेज पर ऑनलाइन फॉर्म लिंक पर क्लिक करें।

आवश्यकता अनुसार अपने शैक्षणिक योग्यता के दस्तावेज, फोटो, हस्ताक्षर अपलोड करें।

अंत में सबमिट करने के बाद आवेदन पत्र का प्रिंट आउट कर ले।

**स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में नौकरी**

ऑफिशियल वेबसाइट पर 01 जून से 21 जून, 2023 को समाप्त समाप्त होगी, इस भर्ती के लिए आवेदन शुल्क और सूचना शुल्क (नॉन रिफंडेबल) 750 रुपये है। वहीं, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए कोई शुल्क/सूचना शुल्क नहीं है। उम्मीदवार जो पोस्टों के लिए आवेदन करना चाहते हैं, वे यहां उपलब्ध विस्तृत अधिसूचना 1 और विस्तृत अधिसूचना 2 के माध्यम से अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

वैकेंसी डिटेल्स ? उपाध्यक्ष (परिवर्तन): 1 पोस्ट



सीनियर स्पेशल एग्जीक्यूटिव - प्रोग्राम मैनेजर: 4 पोस्ट्र, वरिष्ठ विशेष कार्यकारी - गुणवत्ता और प्रशिक्षण (इनबाउंड और आउटबाउंड): 1 पोस्ट

सीनियर स्पेशल एग्जीक्यूटिव - कमांड सेंटर: 3 पोस्ट,वरिष्ठ उपाध्यक्ष और प्रमुख (विपणन): 1 पोस्ट,असिस्टेंट जनरल मैनेजर (मार्केटिंग) / चीफ मैनेजर (मार्केटिंग): 18 पोस्ट

आवेदन शुल्क ? इस भर्ती के लिए अप्लाई करने वाले सामान्य/ईडब्ल्यूएस/ओबीसी उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क और सूचना शुल्क (नॉन रिफंडेबल) 750 रुपये है। वहीं, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए कोई शुल्क/सूचना शुल्क नहीं है।

आवेदन करने के लिए सबसे पहले ऑफिशियल वेबसाइट पर जाएं। आवेदन के लिए अपनी पर्सनल डिटेल्स दर्ज करके यूजर आईडी और पासवर्ड क्रिएट करें। इसके बाद फॉर्म भरें मांगे गए संबंधित डॉक्यूमेंट्स अपलोड करें।आवेदन फॉर्म में अपनी व्यक्तिगत और शैक्षिक जानकारी सबमिट करें।अपनी निर्धारित आवेदन फीस भरें और अपने आवेदन को सबमिट करें।

**आरबीआई में प्रबंधक सहित अन्य पदों के लिए निकली भर्ती**

भारतीय रिजर्व बैंक सेवा बोर्ड ने ग्रेड बी में विधि अधिकारी और ग्रेड ए में प्रबंधक (टेक्नीकल-सिविल), सहायक प्रबंधक (राजभाषा) और लाइब्रेरी प्रोफेशनल (सहायक लाइब्रेरियन) पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इस भर्ती के जरिए कुल 10 पदों को भरा जाएगा।

भारतीय रिजर्व बैंक सेवा बोर्ड ने ग्रेड बी में विधि अधिकारी और ग्रेड ए में प्रबंधक (टेक्नीकल-सिविल), सहायक प्रबंधक (राजभाषा) और लाइब्रेरी प्रोफेशनल (सहायक लाइब्रेरियन) पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इस भर्ती के जरिए कुल 10 पदों को भरा जाएगा। सहायक प्रबंधक के 5 पदों में से एक पद दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित है।

**शैक्षणिक योग्यता**

1 मई, 2023 तक विधि अधिकारी पद के लिए अभ्यर्थियों के पास न्यूनतम 50 फीसदी अंकों (एससीएसटी और दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए 45 फीसदी अंक) के साथ किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय की विधि में डिग्री होनी चाहिए। अधिवक्ता के रूप में बार काउंसिल में रजिस्ट्रेशन हो रखा हो। साथ ही कम से कम 2 साल का कार्य अनुभव भी होना चाहिए।

-प्रबंधक (टेक्नीकल-सिविल) : 1 मई, 2023 तक विधि अधिकारी पद के लिए अभ्यर्थियों के पास न्यूनतम 60 फीसदी अंकों (एससीएसटी और दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए 55 फीसदी अंक) के साथ किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सिविल इंजीनियरिंग में डिग्री हासिलक कर रखी हो। साथ ही कम से कम 3 साल का कार्य अनुभव भी मांगा गया है। -सहायक प्रबंधक (राजभाषा) : हिंदी/अंग्रेजी विषय में द्वितीय श्रेणी में मास्टर डिग्री होनी चाहिए। अधिक जानकारी के लिए ऑफिशियल नोटिफिकेशन अवश्य पढ़ें।

# अच्छी नौकरी के लिए करें ये काम

नौकरी का टॉरगेट लेकर तैयारी करें | आत्मविश्वास बनाएं रखें | सरकारी विभागों की भर्ती पर रखें नजर | अपनी पसंद अनुसार तय करें विभाग | आवेदन करते समय हर बात का रखें ध्यान



**अनल कुमार**



**आप** अपनी पढ़ाई पूरी कर चुके हैं और नौकरी ढूंढने निकले हैं, तो आपको कुछ बातों का ध्यान रखना होगा, आप इन 10 बातों का ध्यान रखेंगे तो निश्चित ही आपको नौकरी पाने में जल्दी सफलता मिलेगी।

अगर आप भी सरकारी नौकरी पाना चाहते हैं, तो इसके लिए आपको पहले से तैयार होना पड़ेगा, अक्सर कुछ युवा छोटी-छोटी बातों पर ध्यान नहीं दे पाते हैं, इस कारण वे कई बार योग्य होने के बावजूद भी सरकारी नौकरी हासिल करने से चूक जाते हैं। इसलिए हम आपको बताने जा रहे कि किस प्रकार आप छोटी-छोटी बातों को ध्यान में रखकर अच्छी सरकारी नौकरी पा सकते हैं।

**सरकारी विभागों की भर्ती पर रखें नजर**

हम सरकारी नौकरी करना चाहते हैं। तो हमें हमेशा इन बातों का ध्यान रखना चाहिए कि कौन-कौन से विभाग में कौन-कौन से पद के लिए भर्ती निकल रही है, इसके लिए आप सोशल मीडिया से लेकर विभिन्न विभागों की वेबसाइट चेक कर सकते हैं। आपको इस बात का भी ध्यान रखना होगा कि आप कौन सी नौकरी चाहते हैं उस भर्ती का विशेष ध्यान रखें।

**अपने ग्रुप के लोगों से मिलते रहें**

अच्छी नौकरी पाने के लिए आपको हमेशा एक्टिव रहना पड़ेगा, इसके लिए आप अपने साथ पढ़ें युवाओं के ग्रुप से जुड़े रहें, अगर कोई भर्ती निकली है, तो आप उन्हें भी बताएं और अगर किसी भर्ती के बारे में उन्हें पता चला है तो वे आपसे शेयर करें, इस तरीके से भी आप किसी अच्छी नौकरी को पा सकते हैं। इसी के साथ जो लोग हालही सरकारी नौकरी हासिल कर चुके हैं, उनसे भी आप मिलकर तैयारी का तरीका पता कर सकते हैं।

**आत्मविश्वास बनाएं रखें**

आप चाहे सरकारी नौकरी के लिए तैयारी कर रहे हैं या प्राइवेट नौकरी की तैयारी कर रहे हैं, आपको हमेशा अपना आत्मविश्वास बनाए रखना होगा, क्योंकि यही व्यक्ति की सबसे बड़ी शक्ति होती है, अगर किसी व्यक्ति को अपने आप पर ही आत्मविश्वास नहीं है तो वह फिर आगे कुछ नहीं कर पाता है, इसलिए खुद पर भरोसा करते हुए हमेशा आगे बढ? का प्रयास करें।

**नौकरी का टॉरगेट लेकर तैयारी करें**

कहते हैं कि अगर आप किसी भी काम को टॉरगेट लेकर करते हैं तो आप उस काम को निश्चित ही पूरा कर लेते हैं, इस कारण अगर आप कोई अच्छी नौकरी करना चाहते हैं, तो इसके लिए आप पहले तय कर लें कि कौन सी नौकरी या किस विभाग में नौकरी करना चाहते हैं, फिर उसी के हिसाब से तैयारी करें, आपको निश्चित ही सफलता मिलेगी। क्योंकि जब आप सही दिशा में मेहनत करेंगे, तो सफलता जल्दी मिलने के चांस बढ़ जाते

**समय का महत्व समझें**

आपको हमेशा समय का महत्व समझना होगा, तभी आप किसी अच्छी नौकरी को करने में भी सफल हो पाएंगे, इसलिए आप अपनी दिनचर्या भी तय करें, कि किस समय पर कौन सा काम करना है, किस काम को करने में कितना समय लगेगा, और आपके द्वारा किए जा रहे कोई भी कार्य का कितना फायदा है, कहीं ऐसा तो नहीं कि आप जिस कार्य को कर रहे हैं, उससे कुछ फायदा ही नहीं होगा। आप अपनी दिनचर्या में से बचे हुए समय को नौकरी की तैयारी के लिए उपयोग करें।

**अभ्यास करते रहें**

आप नौकरी करना चाहते हैं तो आपको लगातार अभ्यास करते रहना चाहिए, आप शिक्षक की नौकरी करना चाहते हैं तो कौन सा विषय आपका फेवरेट है, उसी के अनुसार आप तैयारी करें, उसे पढ़ते रहें, इसी के साथ आप जनरल नॉलेज भी बढ़ाएं, इसके लिए आप टीवी पर न्यूज सुने, अखबार पढ़ें, ताकि जब भी आपका इंटरव्यूह हो तो आपसे किसी भी विषय के बारे में कुछ भी पूछा जाए तो आप अच्छे से जवाब दे सकें।

**अपनी पसंद अनुसार तय करें विभाग**

आप सरकारी या प्राइवेट किसी भी नौकरी की तैयारी करें, लेकिन पहले आप अपनी रूचि तय कर लें, क्योंकि आपकी जिस में रूचि है, उसी विभाग में आप नौकरी करेंगे, तो आपके प्रमोशन के चांस भी बढ़ जाएंगे। क्योंकि आप उस विभाग में अच्छे से काम कर सकेंगे। अगर आपने ऐसी नौकरी कर ली जिसमें आपकी रूचि ही नहीं है, तो आप मन से उस विभाग में भी काम नहीं कर पाएंगे।

**आवेदन करते समय हर बात का रखें ध्यान**

आजकल अधिकतर भर्ती ऑनलाइन भरी जाती है, इसलिए आप भी जब ऑनलाइन आवेदन करें तो फार्म भरते समय किसी प्रकार की चूक नहीं करें, ताकि आपका फार्म रिजेक्ट नहीं हो और आप संबंधित विभाग की परीक्षा दे सकें, ऑनलाइन फार्म सब्मिट करने से पहले आपके द्वारा फार्म में भरी गई जानकारी चेक कर लें, ताकि कहीं कोई गलती हुई हो तो उसे ठीक किया जा सके।

**कोशिश करने से पीछे नहीं हटें**

कई युवा एक दो बार असफल होने पर प्रयास करना छोड़ देते हैं, इस कारण वे अच्छी नौकरी भी नहीं पा सकते हैं, इसलिए जरूरी है कि अगर आप असफल भी हो गए हैं, तो सफलता हासिल करने के लिए लगातार प्रयास करते रहें, एक बार फार्म भरने पर आपका चयन नहीं हुआ तो आप फिर से फार्म भरें, फिर अच्छे से तैयारी कर परीक्षा दें, इससे आप लगातार अपडेट होते जाएंगे और एक दिन आपको सफलता मिल जाएगी। आपको धैर्य भी रखना होगा। कई युवा धैर्य नहीं रखते हैं और सही रास्ता छोडकर दूसरे रास्ते पर चल पड़ते हैं।

**एमपीपीएससी और पीएससी की एग्जाम दें**

सरकारी विभाग में नौकरी करने के लिए आप एमपीपीएसी और यूपीएससी की एग्जाम देते रहें, कई युवाओं को एक बार में सफलता मिल जाती है, तो कई को दो तीन बार में सफलता मिलती है, इसलिए आप एक बार सफल नहीं हो पाते हैं तो फिर अच्छे से तैयारी कर फिर एग्जाम दें। इसके लिए ग्रेजुएट होना जरूरी होता है, देश में राज्य और केंद्र दोनों स्तर पर यह एग्जाम होती है। (निदेशक, करियर प्लस संस्थान रांची)

## विवेक मन्त्र




ब्रम्ह और विद्या इन दो शब्दों से ब्रंहविद्या शब्द का निमार्ण हुआ है। ब्रंम्ह शब्द से उस अनंत, सर्वव्यापक,अव्यापकृत और अखंड सत्ता को संबोधित किया जाता है जिसमें दृश्यमान जगत का उदभव,स्थिति और संहान सन्निहित है।

विद्या शब्द की दो विभक्तियां हैं परा और अपरा। विद्या की अपरा शाखा में चारो वेद, शिक्षा, कल्प, व्याकरण, न्याय,छंद और ज्योतिष का ज्ञान सम्मिलित है जब कि परा शाखा का संबंध अविनाशी और अव्यक्त ज्ञान से है।

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

## एडमिशन एलर्ट



**सवाल:** 10वीं में हूं। काफी ऊहापोह में हूं। साइंस लें या कॉमर्स मेरा मन साइंस में नहीं लगता।

**दीपक , लोहरदगा**

**जवाब:** 10वीं में साइंस भी आपके विषयों में शामिल होगा। इसलिए यह बात अभी निकाल दें कि साइंस में मन नहीं लगता। आपने अपने करियर के बारे में कुछ तो सोचा होगा। उसे घरवालों के सामने रखें। कारण बताएं कि आप यह विषय क्यों लेना चाहते हैं। घरवालों को ठीक से संतुष्ट करें। उन्हें बताएं कि कॉमर्स में कौन- कौन से करियर के विकल्प हैं। अब अभिभावक बच्चों की रुचि को समझने लगे हैं।

**सवाल:** इंजीनियरिंग में डिप्लोमा करना चाहता हूं। 12वीं पास हूं। मैथ्स, फिजिक्स और इंग्लिश मेरे प्रिय विषय हैं। विकास रांची

जवाब: 12वीं की पढाई करते समय ही आपको डिप्लोमा करने को सोचना चाहिए था। अगर डिप्लोमा करना चाहते हैं तो आपको पॉलिटेक्निक की प्रवेश परीक्षा देनी होगी। हर राज्य में पॉलिटेक्निक कॉलेज हैं। इसके अलावा निजी संस्थान भी विभिन्न ब्रांच में इंजीनियरिंग में डिप्लोमा कराते हैं। प्रवेश परीक्षा देकर दाखिला हासिल कर सकते हैं। अगर अंग्रेजी, फिजिक्स और मैथ्स आपके प्रिय विषय हैं तो पकड़ भी इन विषयों पर अच्छी होगी।

## करियर जोन



**सवाल:** दसवीं 47.8 फीसदी अंकों के साथ किया है। 11वीं कॉमर्स से कर रहा हूं। सीए करना चाहता हूं। **प्रकाश रांची**

**जवाब:** सीए करने के लिए रुकावट का कोई कारण नहीं बनता। बस, आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। सीए के लिए 12वीं पास होना चाहिए। लेकिन 10वीं में आपके अंक बता रहे हैं कि इसे संतोषजनक नहीं कहा जा सकता। आपको और मेहनत करनी चाहिए। अंक अच्छे आने का मतलब होता है कि आपने मेहनत ही नहीं की, बल्कि आपका कॉन्सेप्ट भी क्लीयर है। सीए में दाखिला पाने के लिए ही कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। फिर इसके फाउंडेशन, इंटरमीडिएट और फाइनल सीए परीक्षा में आपको कम से कम 50 प्रतिशत अंक तो लाने ही होंगे। इसका ध्यान आपको रखना होगा। बोकारो, धनबाद, जमशेदपुर, हजारीबाग और रांची में चैप्टर के कोर्स कराए जाते हैं। इसके योग्य शिक्षकों का अभाव नहीं है। यह शत प्रतिशत जॉब ऑरिएटेंट कोर्स है।

सरकारी और निजी दोनों क्षेत्र में इसके लिए अवसर है।

## मोटिवेशन: बैठने की समझ

समाज में संपन्नता बढ़ने के साथ लोगों के जीवन स्तर में लगातार सुधार हो रहा है। आज कार विशेषकर शहरों में खरीदने की होड़ है और एक बड़ा वर्ग निजी कार रख रहा है। लोगों का जीवन स्तर उठना एक अच्छी बात है। लेकिन कार या कोई भी अन्य चार पहिया वाहन के मालिक होने के साथ हमें किस प्रकार से बैठा जाए इस बात की भी पूरी जानकारी होनी चाहिए। सामान्य तौर पर कुछ लोग ड्राइवर रखते हैं और कुछ लोग स्वयं गाड़ी ड्राइव करते हैं। इसलिए दोनो स्थिति में क्या किया जाए यह बात पूरी तौर पर समझ लेने कीआवश्यकता है क्योंकि लोगों में तौर तरीके समझने का अभाव होता है।

जैसा की नियम है कि अगर आप किसी मित्र या परिचित या किसी भी व्यक्ति से लिफ्ट मांग रहे हैं और वह व्यक्ति खुद ही गाड़ी ड्राइव कर रहा है और उसके बगल की सीट खाली हो साथ ही पीछे की सीट भी खाली हो तो भूलकर भी पीछे की सीट पर नहीं बैठना चाहिए।

अगर आप पीछे बैठ जाते हैं तो लिफ्ट देने वाला व्यक्ति अपमानित महसूस करता है। अगर आगे वाले सीट पर कोई बैठा हो तो तब पीछे बैठना चाहिए। अगर महिला हैं और आपको आगे बैठने में संकोच होता हो तो आप लिफ्ट लेने से बचें। साथ ही अगर आप अपने बच्चों और पत्नी के साथ जा रहे हों तो बच्चों को सदैव पीछे की सीट पर ही बैठाना चाहिए। पति कभी भी पत्नी का ड्राइवर नहीं होता इसलिए ऐसे एहसास से बचना चाहिए। कौन कहां और कैसे बैठा है इस बिंदु पर ध्यान देने से हम अन्य लोगों



एडी बाधवा

के लिए भी आर्दश बन सकते हैं। साथ ही अगर किसी मित्र के कार में बैठ रहे हों और आपका मित्र वाहन चला रहा हो तो उसके बगल वाले सीट पर बैठना सबसे बेहतर होता है अगर वह खाली हो। पीछे नहीं बैठना चाहिए यह एक प्रकार का अपमान होता है। ड्राइवर गाड़ी चला रहा हो तो आपको सदैव पीछे की सीट पर ही बैठना चाहिए।

साथ ही अगर आपके साथ ड्राइवर हो और गाड़ी आप खुद चलाना चाह रहे हो तो ड्राइवर को अपने बगल में बैठना चाहिए न कि उसे पीछे की सीट पर बैठा देना चाहिए। याद रहे कार को घर न समझे सावधानी से बैठे, अपना ख्याल रखें।

किसी भी सभ्य समाज में वाहन में बैठना एक व्यवहारिक स्थिति है। इस पर सदैव ध्यान देना चाहिए।

**(लेखक सीएमए सह मोटिवेटर है।)**

## पर्यावरण विज्ञान में करियर

**डॉ रेणु सिन्हा**

मनुष्य का अस्तित्व पर्यावरण से जुड़ा है। दुनिया की सबसे बड़ी समस्याओं में एक है अस्तित्व की समस्या जो जल, स्थल और वायु सहित पूरे यूनिवर्स को अपने में समाहित किया हुआ है। पर्यावरण विज्ञान को विषय के रुप में देश के लगभग सभी यूनिवर्सिटी में पढ़ाया भी जाने लगा है। शिक्षण संस्थाओं से लेकर रिसर्च इंस्टीट्यूट तक में लोगों की आवश्यकता है।

12वीं विज्ञान उतीर्ण करने के बाद पर्यावरण विज्ञान के क्षेत्र में करियर संभावनाओं की तलाश की जा सकती है। ग्रेजुएट इन इनवायरमेंटल साइंस और पोस्ट ग्रेजुएट की डिग्री इस क्षेत्र में जॉब की संभावना पैदा करती है।

पर्यावरण के क्षेत्र मेंजानकारी हो तो फोटोग्राफी, शोध,शिक्षण,बचाव और विकास के क्षेत्र में कार्य किया जा सकता है।



देश के विभिन्न नियमित और दूरस्थ यूनिवर्सिटी में पर्यावरण संरक्षण और विकास से संबंधित कोर्स संचालित किये जाते हैं।

कई वेबसाइट पर्यावरण से संबंधित जॉब की जानकारी देते हैं। इन वेबसाइट पर साइबर सिरिया डॉट कॉम, ईकोइंप्लाई डॉट कॉम,सिक डॉट कॉम, इन्वॉयरमेंटयेलो पेज पर पूरी जानकारी उपलब्ध हैं।

**ओसमानिया यूनिवर्सिटी हैदराबाद**
**दिल्ली यूनिवर्सिटी दिल्ली**
**जवाहरलाल नेहरू दिल्ली**
**वीर कुंवर सिंह यूनिवर्सिटी आरा बिहार**
**पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़**
**रांची यूनिवर्सिटी रांची**
**मगध यूनिवर्सिटी बोध गया**
**दूरस्थ माध्यय से निम्न यूनिवर्सिटी**
**कोटा ऑपेन यूनिवर्सिटी कोटा राजस्थान**
**नालंदा ऑपेन यूनिवर्सिटी नालंदा बिहार**
**इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय नयी दिल्ली**

## चक्रवातों का नामाकरण कैसे?



कटरीना, लीजा, लैरी, हिकाका, बुलबुल, पैलिन जैसे चक्रवातों के नाम हम सुन चुके हैं। हाल में तबाही का मंजर मुट्ठी में दबाकर आया हुदहुद भी इन्हीं में से एक है।

तबाही मचाने के लिए कुख्यात इन नामों के पीछे भी रहस्य है। यह है इनके नामकरण को लेकर लोगों की उत्सुकता। नामकरण की इस पहल की शुरुआत अटलांटिक क्षेत्र में 1953 में एक संधि के माध्यम से हुई थी। हिन्द महासागर क्षेत्र के आठ देशों ने भारत की पहल पर 2004 से चक्रवातीय तूफानों को नाम देने की व्यवस्था शुरू की थी। इसके तहत सदस्य देशों द्वारा पहले से सुझाये गए नामों में से इन नामों का चयन किया जाने लगा।

भारतीय मौसम विभाग के पूर्व महानिदेशक अजीत त्यागी का कहना है कि अटलांटिक क्षेत्र में हरिकेन और चक्रवात का नाम देने की परंपरा 1953 से ही जारी है जो मियामी स्थित नेशनल हरिकेन सेंटर की पहल पर शुरू हुई थी। आने वाले दिनों में इस प्रकार की घटनाओं से समस्या बढ़ती ही जा रही है।

## भारत की है अहम भूमिका

हिन्द महासगर क्षेत्र में यह व्यवस्था साल 2004 में शुरु हुई जब भारत की पहल पर आठ तटीय देशों ने इस बारे में समझौता किया। इन देशों में भारत, बांग्लादेश, पाकिस्तान, म्यामां, मालदीव, श्रीलंका, ओमान और थाईलैंड शामिल हैं। अंग्रेजी वर्णमाला के अनुसार सदस्य देशों के नाम के पहले अक्षर के अनुसार उनका क्रम तय किया गया है और उसी क्रम में इनकी ओर से सुझाये गए नामों के अनुसार चक्रवातों के नाम हेते हैं। पिछला चक्रवात नानुक था जो म्यामारं की ओर से सुझाये गए नाम पर रखा गया था। क्रमानुसार पिछली बार म्यामां की बारी थी जबकि इस बार ओमान की बारी थी और 'हुदहुद' नाम ओमान की ओर से सुझाये गए नामों की सूची में से आया है। इससे पहले 'फैलीन' चक्रवात का नाम थाईलैंड की ओर से सुझाया गया था।

अब तक चक्रवात के करीब 64 नामों को सूचीबद्ध किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि कुछ समय पहले जब क्रम के अनुसार भारत की बारी थी तब ऐसे ही एक चक्रवात का नाम भारत की ओर से सुझाये गए नामों में से एक 'लहर' रखा गया था। विश्व में लगातार समस्या बढ़ती जा रही है।